दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 171 | जयपुर | शनिवार , 26 अप्रैल, 2025 | बैशाख, कृष्ण पक्ष त्रयोदर्शी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

40.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 79,212.53 -588.90 (0.74%)

निफ्टी 24,039.35 -207.35 (0.86%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 98,435 /10g

चांदी 1,00,900 /Kg



# पहलगाम हमले के विरोध में कांग्रेस का दिल्ली में प्रदर्शन

## कैंडल मार्च निकाला

### राहुल ने श्रीनगर में कहा- आतंकी कुछ भी कर लें, हम उन्हें हरा देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पहलगाम हमले के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय से कैंडल मार्च निकाला। इसमें राहुल गांधी भी शामिल हुए। उधर, हैदराबाद में भी असदुद्दीन ओवैसी ने भी हैदराबाद में कैंडल मार्च निकाला। इससे पहले, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने श्रीनगर में पहलगाम हमले में घायल लोगों और उनके परिजन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, हम उन्हें हरा देंगे। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग की।

उन्होंने मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उन्हें वापस भेजें। हमले के 3 दिन बाद सेना ने बड़ा एक्शन लिया। जम्मू-कश्मीर के त्राल और अनंतनाग के बिजबेहरा में 2 लश्कर आतंकियों के यहां सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान दोनों के घरों में रखा एक्सप्लोसिव ब्लास्ट हो गया। धमाके में आसिफ शेख और आदिल ठोकर के घर पूरी तरह तबाह हो गए। पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल की दोपहर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। 10 से ज्यादा घायल हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मैं यहां हालात देखने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने हमले की निंदा की है। उनका देश को पूरा समर्थन है। मैंने घायल लोगों से मुलाकात की। जिन्होंने भी अपने परिवार का सदस्य खोया है, उन सबके साथ मेरी संवेदनाएं हैं। हमने सरकार के साथ मीटिंग की थी। पूरे विपक्ष ने एकजुट होकर हमले की निंदा की। हमने कहा कि सरकार जो भी फैसला लेगी, हम उसके साथ हैं। आतंकी घटना के पीछे यही मकसद था कि समाज को तोड़ा जाए, भाई को भाई के खिलाफ लड़ाया जाए। हर भारतीय एकसाथ है। आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, हम उन्हें हरा सकते हैं।

### तुलसी गबार्ड ने पहलगाम हमले पर भारत के साथ एकजुटता दिखाई

अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने पहलगाम हमले पर भारत के साथ एकजुटता दिखाई है। उन्होंने कहा- इस भयानक इस्लामी आतंकी हमले के बाद हम भारत के साथ पूरी एकजुटता में हैं, जिसमें 26 हिंदुओं को निशाना बनाकर मार दिया गया। इस हमले में अपने प्रियजनों को खोने वालों, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और पूरे भारत के लोगों के साथ मेरी प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं हैं। हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के दोषियों को पकड़ने में आपके समर्थन में हैं।

### 1984 दंगों के याचिकाकर्ता ने पीएम को चिट्ठी लिखी

1984 सिख विरोधी दंगों के मुख्य याचिकाकर्ता वकील गुरलाड सिंह कहलों ने पहलगाम हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहलों ने हमले को लेकर शोक जताया है। कहलों ने लिखा कि पहलगाम जैसी घटनाएं पुरानी यादें ताजा कर देती है। कहलों ने मोदी से अपील की है कि विभाजनकारी ताकतों पर सख्त एक्शन लिया जाए।



### आर्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की वेबसाइट हैक पाकिस्तानी ग्रुप का दावा- हमने किया

पहलगाम आतंकी हमले के बाद आर्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की वेबसाइट को हैक कर लिया गया है। पाकिस्तानी हैकर ग्रुप टीम इनसेन पीके ने वेबसाइट हैक करने का दावा किया है। हैकर्स का यह हमला पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार की सख्ती के दो दिन बाद हुआ है। हैकर्स ने आर्मी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की वेबसाइट पर एक भड़काऊ संदेश छोड़ा, जिसमें अन्य बातों के अलावा दो-राष्ट्र सिद्धांत के बारे में भी बात की गई है।

### हम कभी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं थे : उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में कहा कि भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत दस्तावेज है।

## पहलगाम में खच्चर वाला गिरफ्तार, टूरिस्ट से धर्म पूछा था

### यूपी की महिला बोली- आतंकियों के जो स्केच जारी हुए, उनमें दो लोगों से बहस हुई थी

बढ़ता राजस्थान

**पहलगाम ( एजेंसी )।** पहलगाम अटैक के बाद वॉट्सएप पर एक तस्वीर और चैटिंग का स्क्रीनशॉट वायरल हुआ है। इसमें पहलगाम में खच्चर की सवारी कराने वाले एक शख्स की तस्वीर है। दावा किया गया कि खच्चर चलाने वाले ने उन लोगों से उनका धर्म पूछा था। वे लोग हथियार की बात भी कर रहे थे। वायरल तस्वीर पर कश्मीर पुलिस ने एक्शन लिया। उसमें नजर आ रहे शख्स की पहचान की। गांदरबल पुलिस ने शुक्रवार को तस्वीर में नजर आ रहे शख्स अयाज अहमद जुंगाल को गिरफ्तार किया। वो गांदरबल के गोहीपोरा रायजान का रहने वाला है।

## केंद्र ने कहा- पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं देंगे

### सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला 3 फेज में होगा, 3 तरह की रणनीति बन रही

नई दिल्ली।

पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा।

मीटिंग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि 3 चरणों और 3 तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल को केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट बोला- राहुल को इतिहास-भूगोल नहीं मालूम

#### सावरकर पर टिप्पणी के लिए फटकार, जज बोले- फ्रीडम फाइटर्स के खिलाफ अनाप-शनाप न बोलें



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को अनाप-शनाप बोलने की इजाजत नहीं दे सकते। उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ क्या व्यवहार कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप आगे से ऐसा कोई बयान देंगे तो हम स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान मत दीजिए।

इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 4 अप्रैल को समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

#### जस्टिस बोले- राहुल को इतिहास के बारे में कुछ नहीं पता

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने राहुल की याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस दत्ता ने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर कहा था।

## भारत-पाक में तनाव पर ईरान बोला- हम मध्यस्थता को तैयार

### अमेरिका ने कहा- हम भारत के साथ; कांग्रेस ने दिल्ली में कैंडल मार्च निकाला

**पहलगाम/नई दिल्ली।** ईरान ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश की है। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा, तेहरान इस मुश्किल समय में बेहतर अंडरस्टैंडिंग बनाने के लिए इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपने ऑफिस का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। उधर, अमेरिका ने भी कहा कि हम भारत के साथ हैं। अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने कहा कि हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के दोषियों को पकड़ने में आपके समर्थन में हैं। पहलगाम हमले के विरोध में आज भी देशभर में प्रदर्शन हुए। कांग्रेस ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय से कैंडल मार्च निकाला। इसमें राहुल गांधी भी शामिल हुए। उधर, हैदराबाद में,ढ्ढरूढ्ढरू चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी कैंडल मार्च निकाला।




### वक्फ कानून पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा : कहा

## धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं, सभी याचिकाएं खारिज की जाएं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है। केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

### केंद्र के हलफनामें में 7 बड़ी दलीलें

- अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लिया जाएगा। आप इस बिंदु पर विचार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट किसी कानून की विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर समीक्षा कर सकता है।
- इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केवल प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस कानून में बदलाव किया गया है।
- संसद द्वारा पारित कानून को संवैधानिक रूप से वैध माना जाता है, विशेष रूप से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सिफारिशों और संसद में व्यापक बहस के बाद बने हुए कानून को।




- संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम करते हुए यह सुनिश्चित किया कि वक्फ जैसे धार्मिक बंदोबस्त का प्रबंधन किया जाए और उसमें जताया गया भरोसा कायम रहे।
- निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है।
- मुगल काल से पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद वक्फ की कुल जमीन 18 लाख 29 हजार163 एकड़ थी। चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20,92,072.536 एकड़ की वृद्धि हुई।
- वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वैध विधायी शक्ति का वैध प्रयोग है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# प्रागपुरा आबकारी थाना की अभिरक्षा से आरोपी को छुड़ाकर ले जाने के मामले में 02 अभियुक्त और गिरफ्तार

- पूर्व में गिरफ्तारशुदा 06 अभियुक्तों को न्यायालय में पेशकर मांगा 04 दिन का पुलिस रिमाण्ड
- मुख्य आरोपी विधायक पुत्र पकंज पटेल समेत शेष मुलजिम पुलिस गिरफ्त से दूर

### 02 पुलिस उप-अधीक्षक एवं 07 थानाधिकारियों व जिला स्पेशल टीम - साईबर टीम ने बदमाशों के 40 ठिकानों पर दबिश दी

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** जिला एसपी राजन दुष्यन्त द्वारा मंगलवार 22 अप्रैल को आबकारी थाना प्रागपुरा के कार्मिकों के साथ मारपीट कर उनकी अभिरक्षा से आरोपी को छुड़ाकर ले जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुये घटना में संलिप्त आरोपीयान की पहचान की जाकर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया है, जिसकी पालना में एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन में कोटपूतली डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत के सुपरविजन में कोटपूतली थानाधिकारी राजेश शर्मा, प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह, विराटनगर थानाधिकारी सोहन लाल, सरूंड थानाधिकारी बाबूलाल मीणा, पनियाला थानाधिकारी मोहर सिंह, कोटपूतली महिला थानाधिकारी प्रदीप यादव व भाभरू थानाधिकारी जयप्रकाश के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया। एएसपी वैभव शर्मा ने बताया कि आबकारी थाना प्रागपुरा के एएसआई पदम सिंह जमादार द्वारा पुलिस थाना प्रागपुरा में दर्ज करवाये प्रकरण 139/25 को संज्ञान को लेते हुए गठित टीमों द्वारा कड़ी मेहनत व लग्न से कार्य करते हुये घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की जाकर बदमाशों की पहचान करते हुए कोटपूतली-बहरोड़ जिला साईबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर आरोपियों के ठिकानों पर लगातार दबिश देते हुए बुधवार 23 अप्रैल को गिरफ्तार 06 आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 04 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर घटना में संलिप्त अन्य आरोपीयान के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ शुरू की गई और करीब 40 से अधिक ठिकानों पर दबिश देकर उक्त घटना में संलिप्त दो ओर आरोपी विजय सिंह पुत्र राम प्रसाद गुर्जर निवासी चानचक्की थाना सरुण्ड व शिम्भू सिंह पुत्र गिरधारी सिंह राजपूत निवासी सुदरपुरा ढाढा थाना प्रागपुरा को दस्तयाब कर उक्त प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से गहनता से अनुसंधान कर अन्य की तलाश में जुटी है।

# लूट के तीसरे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

## साहवा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को कर लिया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** स्थानीय पुलिस ने गत दिनों कस्बे के बाहर भाड़ंग सड़क पर एक बाइक सवार राहगीर के साथ की गई लूटपाट की वारदात के तीसरे आरोपी को बुधवार रात को धर दबोचा। थानाधिकारी रामप्रताप ने बताया कि उक्त वारदात में शामिल तीसरे आरोपी सुरेश कुमार पुत्र गोरधन वाल्मिकी निवासी वार्ड 13 साहवा को बीती रात साहवा से ही गिरफ्तार किया। जिसे पूछताछ के बाद गुरुवार सुबह सक्षम न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर न्यायालय ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्त में आए उक्त तीनों आरोपियों सहित उनके अन्य सहयोगियों के वारदात में शामिल होने आदि की पड़ताल की जा रही है। विदित रहे गत गुरुवार को साहवा थाना क्षेत्र के गांव भाड़ंग के टेलर जुगल किशोर पुत्र भोमाराम कुम्हार ने पुलिस थाना साहवा में दर्ज करवाए मामले में बताया कि वह बीते गुरुवार देर शाम अपनी दुकान बंद कर बाइक से गांव भाड़ंग जा रहा था। उसी दौरान भाड़ंग सड़क पर अचानक एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने पीछे से मेरे बराबर आकर उसके साथ छिना झपटी कर बाइक गिरा दिया। उसकी आंखों में मिर्च डाल कर मेरा मोबालल, आधार कार्ड, जेब से 30 हजार रूपए व बाइक की चाबी छिन ली। उसी समय उनमें से किसी ने कहा कि सुरेन्द्र वाल्मिकी भाग सामने से कोई गाड़ी आ रही है भाग लो और यह कहते ही तीनों अपने बाइक पर सवार होकर भाग गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम कस्बे में जगह जगह घरों, दुकानों आदि स्थानों पर लगे 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मंगलवार सुबह आरोपी सुरेन्द्र पुत्र जयमल वाल्मिकी उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड 18 साहवा व कृष्ण कुमार पुत्र तिलोक चन्द सैनी उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड 19 को चिन्हित कर पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

# लूट की वारदात का खुलासा करने पर पुलिसकर्मियों का किया अभिनंदन व्यापारियों ने दुपट्टा पहनाकर किया खाकी का स्वागत सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में बाइक सवार राहगीर के साथ हुई लूटपाट की घटना का पर्दाफाश करते हुए साहवा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लूटपाट की घटना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्परता से प्रभावी कार्रवाई कर 2 दिन में वारदात का खुलासा करने पर कस्बे के व्यापारियों ने पुलिस स्टाफ का दुपट्टा पहनाकर और प्रतीक चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया। गुरुवार को बड़ी संख्या कस्बे के व्यापारी पुलिस थाना पहुंचे। इस दौरान कस्बे में लूटपाट की घटना का खुलासा करने पर साहवा थानाधिकारी रामप्रताप, हैड कांस्टेबल राजू सिंह राठौड़, हैड कांग्रेस जयवीर सिंह आदि पुलिसकर्मियों का दुपट्टा पहनाकर और प्रतीक चिह्न देकर अभिनंदन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। साहवा व्यापार मंडल के महामंत्री नवल किशोर दुदानी ने कहा कि साहवा थानाधिकारी रामप्रताप के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय के स्लोगन को सार्थक कर रही हैं। लूटपाट की घटना के बाद थानाधिकारी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया था कि पुलिस वारदात के आरोपितों जल्द गिरफ्तार करेगी। भाजपा नेता कृष्णलाल बोहरा ने कहा कि घटना के बाद थानाधिकारी रामप्रताप अपराधियों की तलाश में गंभीरता से जुटे रहे। पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए सीसीटीवी कैमरा, तकनीकी साक्ष्य आदि जुटाकर अपराधियों को पकड़ने में मुस्तैदी दिखाई तथा 2 दिन में आरोपियों को पकड़ लिया, इसके लिए थानाधिकारी रामप्रताप सहित उनकी पुलिस टीम बधाई की पात्र है। समाजसेवी एवं भाजपा नेता महेंद्र खांन कुम्हार ने कहा कि साहवा पुलिस टीम अपनी सेवाभाव और ड्यूटी के प्रति समर्पित रहकर काम कर रही है जिसके चलते बढ़ते अपराध पर अंकुश भी लगा है तथा अपराधी पुलिस के शिकंजे में फंसते जा रहे है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार नानवाल, सतवीर सोनी, मुकेश नानवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों उपस्थित थे।

विदित रहे कस्बे में सिलाई का काम करने वाला भाड़ंग निवासी जुगल किशोर कुम्हार गत गुरुवार को साहवा से करीबन साढ़े 8 बजे अपने गांव भाड़ंग जा रहा था कि बाइक पर सवार होकर आए युवकों ने साहवा तारानगर रोड़ पर राजकीय कॉलेज के पास झपटा मारकर जुगल किशोर की बाइक को रोक लिया तथा जुगल किशोर के आँखों में मिर्ची पाउडर डालकर मोबाइल, नकदी 30 हजार रूपये लुट कर ले गए। वारदात को लेकर सोमवार को दर्ज मुकदमे पर पुलिस थाना की गठित टीम ने सैकड़ों सीसीटीवी कैमरा फुटेज तथा तकनीकि साक्ष्य आदि जुटाकर प्रभावी तरीके से कार्रवाई करते हुए 2 दिन में ही आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने लूट के आरोपी कृष्ण कुमार माली पुत्र तिलोकचंद माली साहवा, सुरेंद्र पुत्र जयमल वाल्मीकि साहवा तथा सुरेश पुत्र गोरधन वाल्मीकि साहवा को गिरफ्तार कर तीनों को न्यायालय में पेश किया जहां उनको न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# ड्रेनेज नाले में फंसी ट्रैक्टर ट्रॉली, हादसा टला

- ड्रेनेज नाला निर्माण में अमानक सामग्री लगाने का आरोप
- नाला क्रॉसिंग करते वक्त आए दिन वाहन फंसकर खराब होते रहते है



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में आबादी भूमि से होकर गुजरने वाले नव निर्मित स्टेट हाइवे 36 के दोनों बनाए गए ड्रेनेज नाले में सामान से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली फंस गई, गनिमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। शुक्रवार को साहवा सीएचसी के सामने सामान से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली ड्रेनेज नाले पर बनी क्रॉसिंग से होकर निकल रही थी इसी दौरान ट्रॉली ड्रेनेज नाले में फंस गई। ट्रॉली के दोनों टायर नाले में समा गए। सामान लेने आए ट्रॉली की बजाय ट्रैक्टर पर बैठे थे जिसके चलते बड़ा हादसा होते टल गया, ऐसे में अनहोनी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। आस पास के दुकानदार और ग्रामीणों ने बताया कि हाइवे के दोनों तरफ बनाए गए ड्रेनेज नालों में अमानक सामग्री का उपयोग कर निर्माण किया गया है जिसके चलते आए दिन ड्रेनेज नालों की टूटने की शिकायतें आ रही है। नालों पर बनाई क्रॉसिंग में भी घटिया निर्माण सामग्री लगाने के कारण आए दिन क्रॉसिंग में वाहन गिरकर खराब होते रहते है। ऐसे में जाने अनजाने में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अमानक निर्माण को लेकर कई बार सड़क निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया लेकिन इसे हर बात अनदेखा कर दिया गया।

जिसके चलते हाइवे के दोनों तरफ बने ड्रेनेज नाले क्षतिग्रस्त हो रहे हैं वहीं नालों पर बने क्रॉसिंग में गिरकर वाहन आए दिन खराब होने के साथ ही कई बार बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई। ग्रामीणों का कहना है कि ड्रेनेज नालों के उपयोग में ली गई अमानक सामग्री से हुए निर्माण की जांच कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# भारत की आत्मा गाँवों में बसती है और गाँवों से देश का विकास संभव : संजय खारड़िया

## सुजातनगर में मनाया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस



बढ़ता राजस्थान

**पावटा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सुजातनगर में गुरूवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पंचायत प्रशासक विनोद देवी ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भारत में पंचायती राज प्रणाली का राष्ट्रीय दिवस है जिसे पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 24 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल 2010 को पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस घोषित किया था। वार्ड पंच संजय खारड़िया ने कहा पंचायती राज संस्थाएं भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधार स्तम्भ है और यह दिन पंचायती राज प्रणाली के महत्व और ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका को पहचानने के लिए मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य ग्रामीण स्वशासन को मजबूत करना और पंचायती राज संस्थाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। यह दिन भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। खारडिया ने कहा कि भारत की आत्मा गाँवों में बसती है और गाँवों के विकास से ही देश का विकास संभव है। इस दौरान डॉ. मोहन लाल, हरिराम कटारिया, विक्रम यादव, सुनील कुमार, उदयपाल, सुरेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# यूपीएस सिविल सेवा परीक्षा 2024 के जारी परिणाम में निलेश गोयल का श्री श्याम मंदिर सेवा धाम की ओर से किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी।** अंशु गुप्ता यूपीएस सिविल सेवा परीक्षा 2024 के जारी परिणाम में हिंडौन के शिव कॉलोनी निवासी निलेश गोयल ने 77 वीं रैक हासिल कर सफलता प्राप्त की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में शामिल हुए निलेश गोयल इंजीनियर है फिल हाल तेलंगाना में भेल कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्ययत है।उनकी ने सफलता पर गुरुवार शाम को श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। श्री श्याम मंदिर सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष वेद व्रत संगई ने नीलेश गोयल का दुपट्टा पहना कर व बाबा श्याम की छवि भेंट कर सम्मान किया।इस अवसर पर नई मण्डी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह का भी दुपट्टा पहना कर एवं श्याम छवि भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर लोकेश मित्तल अंकुर चतुर्वेदी गिरधारी मंगल प्रमोद धाकड़ मुकेश कंबलबाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

# जीनगर समाज ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद नागरिकों को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि




बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा, ( कैलाश गोस्वामी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए नृशंस आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की स्मृति में जीनगर समाज द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने मोम बत्तियाँ जलाकर शहीदों को नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम जीनगर विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें समिति अध्यक्ष सुरेश चितारा सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए सुरेश चितारा ने इस क्रूरतम आतंकी हमले की तीव्र निंदा की और कहा कि यह हमला केवल निर्दोष नागरिकों पर नहीं, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक सौहार्द और पर्यटन उद्योग पर सीधा प्रहार है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस हमले के दोषियों और उनके संरक्षण कर्ताओं को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम दंड दिया जाए। उन्होंने कहा, देश की अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक और सख्त कदम उठाना अब समय की मांग है। धार्मिक स्थलों और पर्यटक क्षेत्रों में सुरक्षा के विशेष उपाय किए जाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की। इस भावुक अवसर पर समिति अध्यक्ष सुरेश चितारा के अलावा जगदीश पंवार, जयंतीलाल सोलंकी, मगराज राठोड़, मांगीलाल चौहान, नेमीचंद चितारा, मदनलाल खत्री, बाबुलाल चौहान, कुंदनमल व्यास, सुखदेव सोनगरा, पृथ्वीराज व्यास, गौतम गोयल, पृथ्वीराज चौहान, भरत सोनगरा, मुकेश राठोड़, अमृत लाल, भेरूलाल व्यास, सुरेश खत्री समेत कई अन्य समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे आतंकवाद के विरुद्ध देशहित में सदैव एकजुट रहेंगे और शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देंगे।

# प्रागपुरा में सूफी संत कबीरूद्दीन शाह का 69 वां उर्स शुक्रवार 02 मई को -जायरीनों के लिए कि जा रही रात्री में ठहरने, भोजन एवं पार्किंग की व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में इंडोर स्टेडियम स्थित सूफी संत हजरत मौलाना बाबा कबीरूद्दीन शाह रहमतुल्ला तआला अलैह का 69 वां सालाना उर्स आगामी शुक्रवार 02 मई को प्रागपुरा में बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। उर्स में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी दो दिवसीय कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्र से पहुंचने वाले जायरीनों व ग्रामीणों के लिए भोजन व्यवस्था की जा रही है। कमेटी सदस्य ग्रामीणों के सहयोग से उर्स की मुक्कल तैयारियों में एकजुट है। वक्फ बोर्ड कमेटी प्रागपुरा सदर आमिन मंसूरी व नायब सदर अयूब लुहार के मुताबिक उर्स में दूर दराज से आने वाले हजारों जायरीनों और मेहमानों के लिए रात्री में ठहरने, भोजन एवं पार्किंग आदि की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर जुम्मेरात की सुबह 04 बजे हजरत को गुस्ल शरीफ दिया जाएगा एवं सुबह 07 बजे कुरान खानी फातिहा शरीफ तथा रात 10 बजे मिलाद का प्रौगाम होगा। उर्स के मौके पर देश के नामी गिरामी उलेमाओं की तकरीर व कुल शरीफ की रस्म सभी जायरीन मिलकर करेंगे। वहीं शाम को कस्बा के मुख्य बाजार शाही जामा मस्जिद से चादर व गुलपोशी लेकर कव्वालियों के साथ चादर की रस्म अदा की जाएगी एवं नमाजे इंशा कव्वाली प्रौग्राम का आयोजन होगा। इस मौके पर जयपुर व नरहड़ शरीफ की मशहूर कव्वाल पार्टियां शिरकत करेंगी।

# बाल विवाह रोकथाम पँखवाड़ा में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा, ( कैलाश गोस्वामी )।** सामाजिक कुरीतियों के निराकरण हेतु सामुदायिक सोच में बदलाव की जरूरत है बाल विवाह सामाजिक कुरुति है उम्र के तकाजे को ध्यान में रखते हुए कानूनन निर्धारित उम्र के अनुसार शादी करना संविधान सम्मत न्यायिक है शिक्षा और चेतना के साथ महिला सशक्तिकरण व बालिका चेतना की मुहिम को निरंतर चलाने की आवश्यकता है । यह उद्गार सवेरा संस्थान बालोतरा के द्वारा कुड़ी में आयोजित बाल विवाह निराकरण जागरूकता संगोष्ठी में संस्थान की महिला समन्वयक टीपू भादू ने व्यक्त किये। इसी कड़ी में विशेष कर पश्चिमी राजस्थान में आखातीज के अबूझ सावों के समय बड़े पैमाने पर बाल विवाह किए जाने का प्रचलन तहत विभिन्न गांवों में बाल विवाह निराकरण जागरूकता का संदेश देते हुए जेण्डर सवेदनशीलता के साथ किशोरियों को शिक्षा से जुड़ने का आहवान किया गया। इस अवसर पर ग्राम सखी सीमा कंवर ने कहा कि बाल विवाह से लड़कियों के प्रजनन स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा कम उम्र में गर्भधारण करने से मातृ व शिशु मृत्यु दर बढ़ने के खतरे तथा शिक्षा पूरी करने का अवसर नहीं मिल पाता है और व्यक्तिगत विकास में बाधा उत्पन्न होती है।

इसके साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक समस्याओं के साथ घरेलू हिंसा का खतरा भी बढ़ जाता है ।कम उम्र में शादी करने से मानसिक तनाव डिप्रेशन व चिंता की समस्याएं बढ़ जाती है। सवेरा संस्थान के सचिव खींयाराम चौधरी ने बताया कि बाल विवाह के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ सके और बाल विवाह पर बालिकाएं खुद जागरूक होकर अपने भविष्य में शिक्षा आदि सेवाओं का लाभ आसानी से ले सके इस हेतु वातावरण निर्माण के लिए सवेरा संस्थान द्वारा बालोतरा क्षेत्र में बाल विवाह निषेध पखवाड़ा आयोजित किया गया।

### जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

# ई-फाइलों व संपर्क पोर्टल पर प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करें, पटवारियों से ऑटो फॉरवर्ड होने वाले म्यूटेशन मामलों पर होगी कार्यवाही : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली।( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को गति देने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए भूमि आवंटन, डीपीआर, टैंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करते हुये विकास कार्यों को समय पर पूरा करें जिससे विकास कार्यों का लाभ आमजन को समयबद्ध मिल सके।

उन्होंने कहा कि समस्त राजकीय कार्यों की पत्रावली ई- फाइल के माध्यम से करें एवं संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें. उन्होंने यह बात शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय उपलब्धियों एवं विकास कार्यों के संबंध में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने निर्देशित किया कि बजट 2025-26 में जिले के संबंध में की गई घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक व भविष्य में सुगमता को देखते हुए उपयुक्त भूमि का चिन्हीकरण करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भूमि का चयन करते समय आमजन की पहुंच व सुविधाओं का विशेषता से ध्यान रखें।

**राजस्व संबंधी प्रकरणों का गुणवत्ता से करें निस्तारण :** जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में राजस्व अधिकारी राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का विहित समय में निस्तारण करें, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। सभी उपखण्ड अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करते हुए अपने क्षेत्र में संचालित समस्त गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करे।

**ई-फाइल व संपर्क पोर्टल पर दिया जोर :** जिला कलेक्टर ने कहा कि समस्त राजकीय कार्यों के निर्वहन हेतु पत्रावली कार्य पूर्ण रूप से ई-फाइल के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करे, अधिकारी ऑफलाइन पत्रावली उपयोग में नहीं लेंवे एवं ई फाइल पर एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करते हुए समय पर फाइल डिस्पोज करें जिससे कि अविलंब पत्राचार संबंधी कार्य पूर्ण किए जा सके। उन्होंने अधिकारियों को जनसुनवाई व रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन के बीच पहुंचकर उनके परिवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि अधिकारी रात्रि चौपाल के दौरान लोगों के बीच ही रुकें, संवेदनशीलता के साथ उनके बिजली, पेयजल, सड़क आदि के प्रकरणों को सुन संतुष्टपूर्ण निस्तारण करने एवं जिन प्रकरणों का निस्तारण उनके स्तर से नहीं किया जा सकता उसके बारे में उन्हें पूर्ण जानकारी व कारण बताते हुए निस्तारित करें. उन्होंने पंचायत पुनर्गठन पर प्राप्त आपत्तियों के संबंध में नियमानुसार व स्वविवेक के साथ कार्यवाही करने को कहा।

**गर्मी के मद्देनजर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें :** जिला कलेक्टर ने कहा कि गर्मी के मद्देनजर अधिकारी अपने क्षेत्र में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए ट्यूबवेल, टैंकर सप्लाई, पाइपलाइन मरम्मत, मोटर रिपेयर, टंकी सफाई आदि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में भामाशाहों के सहयोग से बेजुबान पशु-पक्षियों हेतु परिंडे लगवाएं एवं खैलियों में पानी पूर्ति सुनिश्चित करें।

#### म्यूटेशन के मामलों में दिखाएं सख्ती

जिला कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि म्यूटेशन के मामलों में सख्ती दिखाते हुए पटवारी स्तर से ऑटो फॉरवर्ड होने वाले प्रकरणों को पुनः भेज कर नियमनुसार जांच एवं कार्यवाही कराएं एवं ऑटो फॉरवर्ड पर निर्भर रहने वाले पटवारियों को नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही कर उन्हें पाबंद करें जिससे आमजन को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े. इस दौरान उन्होंने कहा कि आई-गोट मिशन कर्मयोगी पर सभी अधिकारी स्वयं भी व अपने अधीनस्थों को निर्देशित कर महत्वपूर्ण कोर्स का अध्ययन करें जिससे कि उनके कौशल का विकास हो सके. उन्होंने कहा कि रास्ता खोलो अभियान को फॉलो-अप कर दस्तावेजीकरण का कार्य पूर्ण करें, खातेदारी में रास्ता दर्ज करते समय नियमानुसार व स्वविवेक से कार्य करें। उन्होंने कहा कि खातेदार का पक्ष सुनकर रास्ता दर्ज से पहले उन्हें नोटिस देंवे एवं मौका निरीक्षण कर संवेदनशीलता से कार्य करें। बैठक के दौरान उपखड अधिकारी कोटपूतली बृजेश कुमार, नीमराना महेंद्र सिंह, विराटनगर अमिता मान, बानसूर अनुराग हरित, बहरोड़ रामकिशोर मीणा एवं पावटा एसडीएम कपिल कुमार, नारायणपुर दिनेश शर्मा सहित संबंधित तहसीलदार उपस्थित रहे।

## सहायक कृषि अधिकारी (कृषि विभाग) भर्ती- 2021 की काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे 13 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक कृषि अधिकारी (कृषि विभाग) भर्ती- 2021 की काउंसलिंग के दौरान अनुपस्थित रहे 13 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया है। इन अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु आयोग कार्यालय में आगामी 2 मई 2025 को प्रातः 9 बजे उपस्थित होना है। आयोग सचिव ने बताया कि इस भर्ती हेतु गत 21 मार्च को जारी विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में 22 से 24 अप्रेल तक की गई थी। इस दौरान 13 अभ्यर्थी रोल नं. 200690, 201919, 203951, 206054, 206463, 206625, 207093, 208025, 209415, 210631, 211529, 212462, 212615 अनुपस्थित रहे। आयोग द्वारा इन अनुपस्थित अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। उक्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट से अपना काउन्सलिंग पत्र डाउनलोड कर लें। साथ ही विस्तृत आवेदन पत्र भी डाउनलोड कर आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर 50 रुपये की डिटेल्ड फॉर्म ऑनलाइन शुल्क भुगतान रसीद, सम्बन्धित शैक्षणिक, जाति, मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक-एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि को आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। इसके पश्चात् कोई अवसर देय नहीं होगा।

## उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा का दिल्ली दौरा डॉ.अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर सम्मान अभियान संगोष्ठी में हुए शामिल, सामाजिक न्याय के लिए डॉ अंबेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण जरूरी : उपमुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को नई दिल्ली के दक्षिणपुरी में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में आयोजित सम्मान समारोह पखवाड़े में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं के माध्यम से ही हम सामाजिक न्याय की स्थापना कर सकते हैं। इसके लिए हमें डॉ अंबेडकर की शिक्षाओं को सकारात्मक रूप से जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। डॉ. बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार डॉ भीमराव अंबेडकर को सम्मान देने के लिए उनके पंच तीर्थ की स्थापना की तथा जन-जन तक डॉ अंबेडकर की शिक्षाओं को पहुंचाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दलित और आदिवासी समाज के लोगों को उनका हक दिलाने के लिए तथा उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लायक बनाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो-जो शिक्षाएं दी उनका अनुसरण करने के लिए हमारे समाज को मजबूत बनाकर आगे आना पड़ेगा तथा बाबा साहब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कंधे से कंधे मिलाकर चलना होगा। नई दिल्ली की दक्षिणपुरी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ प्रेमचंद ने कहा कि आज हम जिस जगह पर समाज में अपनी भूमिका निभा रहे हैं उसका संपूर्ण श्रेय डॉ. भीमराव अंबेडकर को जाता है। उन्होंने आह्वान किया कि डॉ अंबेडकर की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें और आगे बढ़ने का प्रयास करें तभी जाकर हम समाज में एक अच्छे नागरिक की भूमिका निभा सकते हैं।

## जिला कलक्टर ने ली जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक पैक्स विहीन पंचायतों में प्राथमिक कृषि ऋण समिति के गठन करने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। जिला कलक्टर ने सहकारी आन्दोलन को जिले में बढ़ावा ने के उद्देश्य से पैक्स विहीन सभी ग्राम पंचायतो में प्राथमिक कृषि ऋण समिति गठन करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला सहकारिता समितियों को राजविका एवं उद्योग विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न मेलो अन्य कार्यक्रमों में भागिदारी प्रदान करने एवं राजसखी एप पर पंजिकरण की अनुमति देने का प्रस्ताव समिति द्वारा पारित किया गया। बैठक में पैक्स/डेयरी/मत्स्य सहकारी समितियों से विहीन ग्राम पंचायतों की पहचान करने व समितियां गठित करने, अनाज भण्डारण योजना में चयनित पैक्स मे गोदाम निर्माण, पैक्स का जन औषधि केन्द्र की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला कलक्टर ने पैक्स के प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में चयन की प्रगति, पैक्स को भारतीय बीज सहकारी समिति लि., नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट सोसायटी एवं नेशनल को-ऑपरेटिव ऑर्गेनिक सोसायटी की सदस्यता संबंधी प्रगति, पैक्स का एन.ए.एफ.ई.डी. एण्ड एन.सी.सी.एफ. पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रगति, पैक्स को एफ.पी.ओ केन्द्र के रूप में विकसित करने के संबंध मे हुई प्रगति की समीक्षा की।

# गर्मी और हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य केन्द्रों में समस्त व्यवस्थाएं हों सुनिश्चित

### - जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने चिकित्सा अधिकारियों को दिये निर्देश
### - कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गर्मी एवं हीटवेव के दौरान मौसमी बीमारियों को लेकर सभी चिकित्सा अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्रों एवं चिकित्सालयों में समस्त आवश्यक इंतजाम एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने बैठक में चिकित्सा अधिकारियों को राजकीय चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों, चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में पंच गौरव के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिये।

डीटीएफआई की बैठक हुई जिसमें जिले में चल रहे टीकाकरण अभियान की समीक्षा की गई। साथ ही कम टीकाकरण करने वाले ब्लॉक्स से प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिले में 24 अप्रैल को प्रारंभ हुए विश्व टीकाकरण सप्ताह पर चर्चा हुई, जिसमे बच्चों व लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीके लगाए जाएंगे। जिले में टीबी मुक्त अभियान पर चर्चा हुई। मौसमी बीमारियों पर चर्चा के दौरान आगामी दिवसों में एंटी लार्वा गतिविधियों व लू तापघात से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। पर गौरव अभियान के तहत उन्होंने सभी संस्थानों पर बैनर इत्यादि के माध्यम से अधिकाधिक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। राजश्री योजना की द्वितीय किस्त अपडेट करने के निर्देश दिए। तम्बाकू के प्रति व्यापक जागरूकता व नियमित रूप से चालान किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गुड सेमेरिटन व मिशन मधुहारी कार्यक्रम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने नाकारा गाड़ियों को कंडम करने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की समीक्षा हुई। एनसीडी कार्यक्रम पर चर्चा हुई। साथ ही लाडो योजना, पीसीपीएनडीटी, एनीमिया कार्यक्रम, आईएचएपी पोर्टल, एएनसी, पीएनसी एवं प्रसव की रिपोर्ट और लाइनलिस्ट की समीक्षा की गई। साथ ही आभा आईडी, एमएनडीवाई और एमएनजेवाई योजना, मां वाउचर योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम, परिवार कल्याण, जेएसवाय योजना, टीकाकरण कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बैठक में बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) श्री देवेन्द्र कुमार जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प्रथम) डॉ. रवि शेखावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (द्वितीय) डॉ. हंसराज भदालिया सहित ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएचसी एवं पीएचसी अधिकारियों सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## गंगारामजी की पुण्यतिथि पर चिलयाला बाबा के मंदिर में तीन सीमेंट की बैंच की भेंट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** वरिष्ठ समाजसेवी गंगाराम दर्जी कटोड़ा कुरावदा वालों की चतुर्थ पुण्यतिथि समाजसेवा के कार्य कर सादगी के साथ मनाई गई। इस उपलक्ष में ज्येष्ठ पुत्र डॉ. ओम प्रकाश टांक, सीताराम टेलर, एडवोकेट घनश्याम टेलर व पौत्र कृष्णा और कुणाल टांक द्वारा पैतृक गांव स्थित चिलयाला बाबा के मंदिर पर तीन सीमेंट की बैंच भेंट कर जन सेवार्थ कार्य किया गया। वहीं पुष्पा देवी ने जन सेवार्थ विभिन्न कार्य कर पति की आत्मा की शांति की ईश्वर से प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि इस दिन सभी पुत्र पिता की याद में एवं पुण्य आत्म की शांति के लिए समाजसेवा के साथ ही अन्य कई पुण्य कर्म करते आ रहे है। इस अवसर पर उपस्थित राजा राम गुर्जर, नारसिंह गुर्जर सियाराम गुर्जर, सुरज्ञान, महावीर गुर्जर, रतन गुर्जर सहित समस्त ग्रामवासियों ने डॉ. ओपी टांक के इस नेक कार्य की प्रशंसा की।

## पार्षद कार्यालय का उद्घाटन : वार्ड 116 में जनसुनवाई कार्यालय का भव्य उद्घाटन, विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर, ( का.स. )।** प्रताप नगर सेक्टर 26 के वार्ड संख्या 116 में श्रावणी देवी जाट के जनसुनवाई कार्यालय का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री झाबर सिंह खर्रा (स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री, राजस्थान सरकार) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम ग्रेटर जयपुर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, विधायक बगरू विधानसभा एवं पूर्व मंत्री डॉ. कैलाश वर्मा भी मंच पर मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों की भी शुरुआत की। सेक्टर 23 में डामर सड़क के निर्माण कार्य तथा प्रतापनगर थाने की क्षतिग्रस्त दीवार के पुनर्निर्माण कार्य का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह कार्यालय नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का केंद्र बनेगा और क्षेत्र में विकास की गति को और तेज करेगा। जेसा कि मीडिया प्रभारी बनवारी लाल विजय ने बताया।

### नागड़ीवास में मिलावटी दूध बनाने की सूचना पर मौके पर पहुंची खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम

## मौके पर मिले 1100 लीटर दूध, 65 किलो मिल्क पाउडर, 40 किलो वनस्पति और 10 किलो सिंथेटिक पेस्ट को करवाया नष्ट, सैंपल को जांच हेतु भेजा जयपुर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक व जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार कोटपुतली के गांव नागड़ीवास में मिलावटी दूध बनाने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम जांच दल के साथ मौके पर पहुंची। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि गांव नागड़ीवास की वासुदेव डेयरी में अनिल गुर्जर पुत्र कैलाश गुर्जर मौके पर उपस्थित मिले। उन्होंने बताया कि इस डेयरी प्लांट के मालिक वह स्वयं है। निरीक्षण के दौरान दूध प्लांट पर मिलावटी सामानों को पाकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों को सूचना दी।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान परिसर में 40 किलो मिल्क पाउडर, 25 किलो वनस्पति, 10 किलो पेस्ट,15 मिक्सी, दो गैस मिले जिनसे ये करीब 1000 लीटर दूध तैयार कर पिकअप गाड़ी में लोड कर लोटस डेयरी शाहपुरा में भेजने के लिए गाड़ी को तैयार कर रखा था।इन सभी खाद्य पदार्थों का एक्ट एवं सर्विलेंस में सैंपल लिया गया। वहीं गांव कोटपुतली के ही गांव नागड़ीवास में काव्या दूध डेयरी का भी निरीक्षण किया गया एवं मौके पर 20 किलो मिल्क पाउडर 15 किलो वनस्पति बरामद हुए जिनसे इसने करीब 100 लीटर दूध तैयार कर रखा था। वहीं निरीक्षण के दौरान करीब 9 पीपे वनस्पति के खाली मिले। उक्त दोनों दूध प्लांट से एक्ट एवं सर्विलेंस सैंपल लेकर प्रयोगशाला जयपुर में भिजवाया है एवं जांच रिपोर्ट आने पर एफएसएसए एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि जनहित में, तैयार सभी खाद्य पदार्थों को 1100 लीटर दूध, 65 किलो मिल्क पाउडर, 40 किलो वनस्पति एवं 10 किलो सिंथेटिक पेस्ट नष्ट करवाया गया।उन्होंने कहा कि आमजन से अनुरोध है आपके क्षेत्र में अगर इस तरह की मिलावट हो रही है तो विभाग को सूचित करे।कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा, बीसीएमओ कोटपुतली पूरणमल गुर्जर मौजूद रहे।

## पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में मुस्लिम समाज ने किया जमकर प्रदर्शन, आतंकवाद का जलाया पूतला, जमकर लगाये नारे



बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली।(बिल्लूराम सैनी)। देश भर की तरह कोटपूतली में भी जम्मु कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई पर्यटकों की निर्मम हत्या की घटना का विरोध जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को यहाँ का मुस्लिम समाज भी लामबंद नजर आया। कस्बे के दिल्ली दरवाजा स्थित हजरत बिलाल जामा मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोग जुम्मे की नमाज के बाद सडकों पर उतर आये। जहाँ उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुये पहलगाम में हुई कायरना आतंकी हमले की घटना की निंदा की। साथ ही आतंकवाद का पूतला जलाते हुये दिवंगतों की आत्मा की शांति की प्रार्थना व घायलों के अच्छे स्वास्थ्य की दुआ भी मांगी। गुस्सायें लोगों ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये जमकर नारेबाजी की। साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये पीएम मोदी से आतंक को जड़ से खत्म किये जाने की मांग की। सीएलजी सदस्य जावेद कुरैशी ने नम आंखों से कहा कि भारत का मुसलमान आतंकवाद को खत्म करने के लिये देश के साथ खड़ा है।

## श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं भण्डारे के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली, ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर में आगामी 27 अप्रैल से 04 मई तक आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं विशाल भण्डारे के पोस्टर का विमोचन गुरूवार को किया गया। आयोजक मंडल ने बताया कि कलश यात्रा 27 अप्रैल को प्रातः 08.15 बजे ऊपली कोठी से प्रारम्भ होकर श्रीराम मंदिर लक्ष्मीनगर पहुंचेगी। कथा वाचन 27 अप्रैल से 03 मई तक प्रतिदिन दोपहर 01.15 बजे से होगा। समापन 04 मई को होगा, इस मौके पर प्रातः 09.15 बजे हवन व दोपहर 12.15 बजे से भण्डारे का आयोजन होगा। इस दौरान सीताराम दास महाराज, महंत रामबच्चन दास महाराज, पुजारी कालूराम, रोहिताश सैनी, रतिराम सैनी, हंसराज योगी, राहुल सैनी, महेश, रामनिवास, सुरेंद्र बबेरवाल, सुरेश सैनी,अरुण गुप्ता तुलसीराम, पप्पू कुमावत, हीरालाल, ओमप्रकाश कुमावत, कमल, रविकांत, राजेश सैनी, राजू जांगिड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

**SE & PM WCDC Zila Parisha Tonk Rajasthan**

File No. :- ( )/209 Date :- 24/04/2025

**NOTICE INVITING BID**

**NIB No. 21-22-23 YEAR 2025-26**

Bids for (03 Packages) Earth Work by Machinery MJSA 2.0 Phase I & Construction of Pakka work 58 No earthen chekdam with west weir under PMKSY 2.0 in Tonk District work [Name(s) of work(s) of Procurement] of estimated value INR 10.50 lacs + 75.00+110.44 lacs = 195.94 Lacs are invited from interested bidders up to 03-05-2025 [time], 06.00 PM [date]. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://eproc.rajasthan.gov.in or https:// sppp.rajasthan.gov.in/)** of the state, **UBN No. : WSC2526WSOB00120, WSC2526WSOB00121, WSC2526WSOB00122**

Raj.Samwad/C/25/1323

SE & PM, WCDC, ZILA PARISHAD, TONK

## सम्पादकीय

# आतंकियों, उनके शरणदाताओं व आकाओं को देना होगा मुंह तोड़ जवाब

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसारन घाटी में घूमने के लिए आये हुए पर्यटकों से मंगलवार की दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच धर्म पूछ कर हिंदू पर्यटकों की गोलीमार कर के निर्ममता से हत्या कर दी गयी। आतंकियों की गोलीबारी में अब तब 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई है और दो दर्जन से अधिक लोग घायल है। जिसके बाद से ही देश व दुनिया में भारत के अगले कदम के बारे में सोचकर के हड़कंप मचा हुआ है। इस घटना के बाद विदेश दौरे पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना दौरा बीच में छोड़कर के भारत वापस आ गये हैं। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने खुद घटना स्थल पर जाकर दौर किया है। राजधानी दिल्ली से लेकर जम्मू-कश्मीर तक देश के शीर्ष नेतृत्व की हाईलेवल बैठकों का दौर जारी है। इस जघन्य घटना को अंजाम देने के ढंग पर ध्यान दें तो आतंकियों ने एक बार फिर से भारत की भूमि पर इजराइल हमले की व आईएसआईएस के हमलों की दर्दनाक यादों को दोहराने का काम किया है। सूत्रों के अनुसार इस जघन्य आतंकी घटना में मरने वाले लोगों में से दो स्थानीय, दो विदेशी के अलावा बाकी नागरिक देश के विभिन्न राज्यों के रहने वाले हैं, जिनके घरों में इस जघन्य घटना के बाद से ही कोहराम मचा हुआ है। जिस तरह से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल मंगलवार की दोपहर को अपने आकाओं के नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान परस्त देशी व विदेशी आतंकियों के एक समूह ने निहत्थे-निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछ करके हिंदू होने पर उन लोगों की बेहद निर्ममता से हत्या की है, वह पाकिस्तान के इन भाड़े के पिट्ठुओं की इंसानियत को शर्मसार करने वाली बेहद ही कायराना व धूर्तता पूर्ण हरकत है। आतंकियों के द्वारा पर्यटकों से धर्म पूछना और हिंदू होने पर उन पर निर्दयता से गोली चलाना जघन्य नरसंहार के साथ-साथ बेहद ही संवेदनशील विषय है। नियम-कायदे कानून पसंद लोगों को लगता है कि यह सब आतंकियों की इस घटना के बाद देश में धार्मिक दंगा फ़साद करवाने की एक बहुत बड़ी गहरी सोची-समझी साज़िश भी हो सकती है। इसलिए देश व समाज हित में हम सभी लोगों को धार्मिक उन्माद के माहौल से बचना होगा। हमें हमेशा याद रखना होगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन उसके बावजूद भी इस क्षेत्र में पिछले कई दशकों से पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने का काम निरंतर कर रहा है। इस आतंकवाद के चलते भारतीय लोगों के लहू से बार-बार कश्मीर घाटी की धरती से लाल होती रहती है। घाटी के इस क्षेत्र से आतंकवाद समाप्त करना आज भी भारत सरकार के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है। लेकिन अब वह समय आ गया है जब कश्मीर घाटी से आतंकियों की पूरी तरह से कमर तोड़ कर उसको समाप्त कर देना चाहिए। इसके लिए आतंकवाद के खिलाफ इस निर्णायक युद्ध में भारत सरकार को कश्मीर घाटी में अब बेहद सख्त कदम उठाने चाहिए। सरकार को आतंकियों की मज़हब के आधार पर मदद करने व पनाह देने वाले जिहादी और देशद्रोही लोगों के खिलाफ योगी मॉडल की तरह सख्त कार्रवाई करते हुए उनको जेल की सलाखों के पीछे भेज देना चाहिए। वहीं आतंकियों के आका पाकिस्तान को इजराइल की तरह सख्त जवाब देना चाहिए, तब ही देश में पाक परस्त आतंक पर आने वाले समय में लगाम लग सकती है। वैसे देखा जाए तो यह हमला एक बेहद ही सोची-समझी साज़िश है, क्योंकि जिस वक्त भारत में अमेरिकी के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार के साथ आये हुए हों और वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी विदेशी दौरे पर गये हुए हों, ऐसी स्थिति में निहत्थे लोगों से धर्म पूछ-पूछ कर के हिन्दू पर्यटकों को चिन्हित करके उनकी गोली मारकर हत्या कर देना।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 26 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- यहूदियों को 1654 में ब्राजील से निकाला गया।
- सन 1755 में रूस का पहला विश्वविद्यालय राजधानी मॉस्को में खोला गया।
- यूनान की आजादी के समर्थन में 1828 में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा।
- बॉम्बे गैजेट अखबार 1841 में पहली बार रेशम के कपड़े पर प्रकाशित किया गया।
- जर्मनी और रूस ने 1926 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- मोम की मूर्तियों के लिये मशहूर 'मैडम तुसाद प्रदर्शनी' 1928 में लंदन में दिखायी गयी।
- इंग्लैंड से भारत की पहली नॉन-स्टॉप उड़ान 1929 में पूरी हो गई थी।
- क्यूबा ने 1959 में पनामा पर आक्रमण किया।
- एक अमेरिकी अंतरिक्ष यान ने सन 1962 में पहली बार चाँद की सतह को छुआ।
- माल्टा ने 1974 में संविधान अंगीकार किया।
- सन 1975 में सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना।
- सन 1980 को स्थितीय खगोल विज्ञान केंद्र कलकत्ता (अब कोलकाता) में स्थापित किया गया।
- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1984 में चीन की यात्रा की।
- वीआरपी मेनन ने 1990 में लगातार 463 घंटे डिस्को डांस कर विश्व रिकार्ड बनाया।
- महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 1993 में बोइंग-737 विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से करीब 60 लोग मारे गये।
- सन 2004 में ईराक के नये झंडे को मान्यता मिली।
- भारत और उज़्बेकिस्तान ने 2006 में 6 संधी पर हस्ताक्षर किए।
- प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जम्मू-कश्मीर में बना 390 मेगावाट का दुलहस्ती हाइडल पावर प्रोजेक्ट 2008 में देश को समर्पित किया।
- बिहार सरकार ने बिहार के प्रसिद्ध चिनिया केले की ब्रांडिंग 'गंगा केला' के रूप में करने का 2010 में फैसला किया।

### 26 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- 1864 में स्वामी दयानन्द सरस्वती के शिष्य तथा आर्य समाज के पाँच प्रमुख नेताओं में से एक पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी का जन्म हुआ।
- 1953 में भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री मोंगूमी चटर्जी का जन्म हुआ।
- 1987 में प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक, छायाकार और लेखक नितिन बोस का जन्म हुआ।

### 26 अप्रैल को हुए निधन

- महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का 1920 में निधन।
- जम्मू और कश्मीर के रियासत के आखिरी शासक महाराज हरी सिंह का 1961 में निधन।

विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस पर विशेष

# मनुष्य के मौलिक सृजन को संरक्षित करना बड़ी चुनौती



ललित गर्ग

**बौद्धिक संपदा दिमाग की रचनाओं से संबंधित है, जैसे आविष्कार, साहित्यिक सृजन, संगीत, कला और कलात्मक कार्य, डिजाइन और व्यापार में उपयोग किए जाने वाले प्रतीक, नाम और चित्र आदि। ऐसे रचनात्मक काम जो पहले नहीं किया गया हो, ये हमारी बौद्धिक संपदा है। इस रचनात्मक सम्पदा का कोई दूसरा अनाधिकृत उपयोग नहीं सके, इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित एवं संरक्षित करवाना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह दिवस बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है।**

रचनात्मकता, सृजनात्मकता और संरचनात्मकता मनुष्य की स्वाभाविक वृत्ति है, मानव की इन मौलिक विशेषताओं एवं उपलब्धियों को उचित सम्मान मिले, उचित प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक मिले, ऐसे नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ही हर साल 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा (आईपी) के बारे में जागरूकता बढ़ाना है और नवाचार तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने में आईपी की भूमिका को उजागर करना है। कृत्रिम बौद्धिकता के दौर में मानव की स्वतः स्फूर्त बौद्धिकता का संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रोत्साहन ज्यादा जरूरी है। 2025 की थीम 'आईपी और संगीत: आईपी की धड़कन महसूस करें' है। यह संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा (आईपी) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है, इस थीम का उद्देश्य आईपी के माध्यम से संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करना और उन्हें उनके काम के लिए उचित मान्यता दिलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना करने वाला कन्वेंशन लागू हुआ था। यह दिन बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क आदि के महत्व को उजागर करता है, जो नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। दुनियाभर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव को विस्तार देता है, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करता है, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाता है। इसके साथ ही इसका बड़ा उद्देश्य है विभिन्न देशों में आविष्कार-नवाचार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को मजबूत करना है। भारत भी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन का सदस्य है। इस संगठन की स्थापना 14 जुलाई 1967 को हुई थी, जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उद्भव एवं प्रचलन का बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है, जो एक बड़ी चुनौती है। हमें एआई जैसे नवाचार प्रोत्साहनों के उभरते परिदृश्य और मौजूदा आईपी ढांचे के लिए इसके द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन करना होगा। पेटेंट योग्यता दुविधाओं से लेकर कॉपीराइट पहेली तक, हम पाते हैं कि तेजी से तकनीकी प्रगति के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और सामाजिक हितों की रक्षा करने के बीच एक नाजुक संतुलन है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के साथ हमारे संपर्क के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जैसे-जैसे एआई अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है, इसका बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर चुनौतीपूर्ण गहरा प्रभाव पड़ रहा है। चैटजीपीटी जैसे एआई चैट बॉट अविश्वसनीय रूप से परिष्कृत मानव-जैसे लिखित उत्तर दे सकते हैं, क्योंकि भाषा मॉडल की प्रश्नों और कार्यों को समझने और उन टेक्स्ट और डेटा के आधार पर प्रतिक्रियाएं देने की क्षमता है, जिन पर इसे प्रशिक्षित किया गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अन्य क्षेत्रों में भी भी जैसे कला, लेखन, युद्ध, व्यापार, प्रबंधन, संगीत, फिल्म-निर्माण आदि में भी दखल बढ़ रहा है। एआई सार्वजनिक क्षेत्र में पहले से कहीं ज्यादा है और व्यवसाय में इसकी भूमिका दिनोंदिन बढ़ रही है।

इसी के साथ बौद्धिक सम्पदा के सम्मुख सोशल मीडिया भी एक बड़ी चुनौती है। क्योंकि सोशल मीडिया के दौर में हर कोई दूसरों की रचनात्मकता एवं मौलिक सृजन को अपना बता कर पेश कर रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी बौद्धिक संपदा के लिए जागरूक होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ अलग और रचनात्मक एवं मौलिक काम करने की क्षमता होती है। हम अपनी बौद्धिक संपदा को पांच तरीके से संरक्षित कर सकते हैं। इसमें पहला है कॉपीराइट, दूसरा पेटेंट, तीसरा ट्रेडमार्क, चौथा है औद्योगिक डिजाइन और पांचवा है भौगोलिक संकेतक। अगर आप कुछ लिखते हैं, जो आपका मौलिक लेखन है तो आप कॉपीराइट करा सकते हैं। इसके बाद व्यापार के क्षेत्र में होता है ट्रेडमार्क, जो आपका सिंबल होता है, जो किसी संस्था, कंपनी की पहचान के लिए होता है, उसे अगर ट्रेडमार्क करवा सकते हैं तो कोई दूसरा उस सिंबल का उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर आपने कोई आविष्कार किया है तो उसे पेटेंट करा कर सुरक्षित रख सकते हैं। इसके बाद आता है औद्योगिक डिजाइन और भौगोलिक संकेतक।

इस वर्ष की थीम संगीत पर केन्द्रित है। संगीत ने हमेशा लोगों को जोड़ने, बदलाव को प्रेरित करने और सांस्कृतिक विकास को आगे बढ़ाने में एक अनूठी भूमिका निभाई है। यह विषय इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे आईपी अधिकार संगीतकारों और अन्य संगीत रचनाकारों की रचनाओं की रक्षा करते हैं। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस डब्ल्यूआईपीओ का सबसे बड़ा बौद्धिक संपदा (आईपी) सार्वजनिक जनजागृति अभियान है। कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार संगीत उद्योग की प्रभावी मदद करते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि संगीत रचनाकारों को उनके काम का श्रेय और भुगतान मिले। यह दिन यह भी दिखाएगा कि इन अधिकारों की मदद से संगीत को बेहतर बनाने में रचनात्मकता और नए विचार कितने महत्वपूर्ण हैं।

आधुनिक समय में संगीत बौद्धिक एवं आर्थिक सम्पदा का बड़ा माध्यम है। आज की आपाधापी, तनाव एवं अवसादपूर्ण जीवन में संगीत ही एक ऐसा माध्यम है जो शांति, सुकून एवं आनन्द प्रदत्त कर सकता है। संगीत सुनने से इंसान को अलौकितता का अहसास होता है।

(मौलिक चिंतन)

# पाकिस्तान ने भारत को कमजोर आंकने की बड़ी गलती
## भयानक खामीयाजा भुगतेगा पाकिस्तान




संजीव ठाकुर

**पहलगाम में पाक समर्थित आतंक वादियों ने भारतीयों की विनम्रता और सज्जनता को कमजोरी समझ 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी पर उन्हें इस बात का कतई भान नही है कि अब भारत इतना ताकतवर और सशक्त है कि आतंकवादियों और उनके आकाओं को आकाश से पाताल तक खोज कर पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखता है इसके अलावा उसे अमेरिका,रूस,इजरायल, फ्रांस, कनाडा, ब्रिटेन, सऊदी अरब तथा खाड़ी के अधिकांश देशों के साथ पूरी दुनिया का आतंकवाद के खिलाफ खुला समर्थन प्राप्त है को सिर्फ चीन तुर्क का भी पूरा समर्थन प्राप्त नही है, आज भारत आर्थिक रूप से पाकिस्तान से कई गुना शक्तिशाली होकर विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ तीसरी बड़ी सामरिक ताकत भी है।**

ताजा जानकारियों के अनुसार पहलगाम हत्याकांड में शामिल आतंकवादी लश्कर का कश्मीर का लोकल लीडर आसिफ शेख और उसके साथी का घर सेना द्वारा बम से उड़ा दिया गया है भारत देश की सेना अब आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर तत्पर है आगे भारतीय सेना आतंकियों के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है जिसमें आतंकवादी और उनकी आतंकवादी सोच के लिए उनके पीछे खड़े तथाकथित ताकतवर आकाओं को के ठिकानों को समूल नष्ट कर दिया जाएगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान आई एसआई समर्थित लश्कर ए तैयबा, जैस ए मोहम्मद और दी रेसिस्टेंट फ्रंट जैसे आतंकवादी संगठन को पाकिस्तान में घुसकर तहस-नहस कर दिया जाएगा। पाकिस्तान और उसके समर्थित आतंकवादी संगठनों ने भारत की विनम्रता को कमजोरी समझने की जो भूल की है इसका खामियाजा न सिर्फ आतंकवादी संगठनों को भुगतना पड़ेगा बल्कि पाकिस्तान भी भारत और भारतीय सेवा का निशान बनेगा। कूटनीतिक तौर पर भी भारत में चार बड़े फैसले करके पाकिस्तान को अधमरा कर दिया है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण 1964 में हुये सिंधु जल समझौते के करार को रद्द कर दिया गया है सिंधु नदी का 80त्न जल का उपयोग पाकिस्तान अपने लिए करता है अब पाकिस्तान एक-एक बूंद पानी के लिए तरसेगा और उसका उत्पादन एवं आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी इसके अलावा पाकिस्तान दूतावास को भी भारत में बंद कर दिया गया है साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के आदेश दे दिए गए हैं एवं भविष्य में पाकिस्तानियों के लिए भारत का वीजा अमान्य कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर के रास्ते को भी बंद कर दिया गया जिससे पाकिस्तान को भारी आर्थिक नुकसान होने की संभावना है और पाकिस्तान का आर्थिक ढांचा पूरी तरह से चरमरा जाएगा। भारत के इस कड़े फैसले से पाकिस्तान का मनोबल वैसे ही आधा टूट चुका है अब यदि भारतीय सेना पाकिस्तान पर सामरिक हमला करती है तो पाकिस्तान दर-दर का भिखारी होकर पूरी तरह टूटने की कगार पर आकर खड़ा हो जाएगा। वैसे भी भारत को इस तरह के कदम पहले ही उठा लेने चाहिए थे क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



बृजमोहन वरनवाल
( सीनियर सी.ए )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं सीए बृज मोहन वरनवाल। जोकि एक सम्मानित चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जिनके पास वित्त और लेखा के क्षेत्र में बहुत अनुभव है। कई वर्षों के एक प्रतिष्ठित करियर के साथ, सीए वरनवाल ने लेखा समुदाय के पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। खासकर अलवर क्षेत्र के लिए। सी.ए वरनवाल ने अलवर सीए शाखा के अध्यक्ष के रूप में 2014-15 में उल्लेखनीय कार्य किया। जहाँ उनके योगदान ने एक अमिट छाप छोड़ी। उनकी सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक अलवर सीए शाखा भवन को बदलना था, जहाँ उन्होंने इसे एक आधुनिक और कॉर्पोरेट रूप दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह व्यावसायिकता और प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में खड़ा हो। बेहतर सीए शाखा भवन बनाने के उनके दृष्टिकोण ने साथी पेशेवरों के लिए काम करने के माहौल को बेहतर बनाने में मदद की और शाखा के कद को और मजबूत किया। अपने पेशेवर योगदान के अलावाए सीए बृज मोहन वरनवाल सामाजिक कार्यों और सामुदायिक विकास के लिए भी समर्पित हैं। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान, रक्तदान शिविर और खेल आयोजनों जैसी कई पहलों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। उल्लेखनीय रूप सेए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए मैराथन और क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने में उनकी भागीदारी ने क्षेत्र के पेशेवरों के बीच सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया है। सीए पेशे की उन्नति के प्रबल समर्थक, सीए वरनवाल ने छात्रों के बीच सीए पाठ्यक्रम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। कार्यशालाओं सेमिनारों और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम सेए उन्होंने कई छात्रों को चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में करियर बनाने की चुनौतियों और पुरस्कारों को समझने में मदद की हैए जिससे कई लोग इस पेशे में शामिल होने के लिए प्रेरित हुए हैं। व्यक्तिगत मोर्चे परए सीए बृज मोहन वरनवाल अपनी बेटी निकिता बरनवाल की सफ़लता पर बहुत गर्व महसूस करते हैं, जो अपने पिता के पदचिन्हों पर चली हैं और एक योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट भी हैं। निकिता वर्तमान में बैंकिंग क्षेत्र में काम करती हैं, जहाँ वह वित्तीय दुनिया में अपना बहुमूल्य योगदान देती रहती हैं। सीए बृज मोहन वरनवाल की उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, पेशेवर और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में उनके योगदान और भविष्य की प्रतिभाओं को पोषित करने के प्रति उनके समर्पण ने उन्हें चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति बना दिया है। उनकी विरासत सीए पेशेवरों और छात्रों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है। बहुत आत्मविश्वासी व मिलनसार व्यक्तित्व हैं बृजमोहन जी, दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## Suduko

2025_0110 | बढ़ता राजस्थान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 5 | | |
| 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | | |
| | | 2 | | | | | | 9 |
| | 5 | 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | | |
| | | | | | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | | | 2 | | 3 | | | 5 |
| 9 | | 4 | 5 | | | 7 | | |
| | 3 | | 7 | | 9 | | | 4 |
| | 7 | | 4 | | | 9 | 2 | 3 |

Ans_2025_0109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 1 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 |
| 2 | 9 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 9 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

### वृष
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा। उत्तम विवाह सुख प्राप्त होगा।

### मिथुन
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

### कर्क
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

### सिंह
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

### कन्या
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

### तुला
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

### वृश्चिक
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

### धनु
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

### मकर
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

### कुंभ
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा।

### मीन
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा। वर्तमान समय में आपको कई कामों में सफलता मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# मशाल जुलुस व केण्डल मार्च निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन

## टोडारायसिंह में जलदाय मंत्री की मौजुदगी में हुआ विरोध प्रदर्शन

### पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी व पुतला जलाकर किया विरोध प्रकट

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल एवं अन्य हिन्दुवादी संगठनो की ओर से कश्मीर के पहलगाम में हिन्दुओं पर पर हुए हमले के विरोध में केंडल मार्च निकाल कर, मशाल जुलुस के साथ पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी कर व पुतला फूंक कर जबरदस्त विरोध प्रकट किया गया।

बीति देर रात्रि विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल एवं अन्य हिन्दुवादी संगठनो की ओर से गांधी पार्क केंडल मार्च व मशाल जूलुस भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुआ। जुलुस में शामिल लोग पाकिस्तान विरोधी व आतंकवादी संगठनो के विरोध में जबरदस्त नारेबाजी करते हुए तथा प्रधानमंत्री नरेन्द भाई मोदी के पक्ष में मोदी तुम सफाया करो हम तुम्हारे साथ है जैसे नारो से सम्पूर्ण शहर को गूंजायमान करते हुए मुख्य बाजारो से होकर व्यास सर्किल पहुचे। यहां सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी के बीच ही कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी झण्डे, अज्ञात आतंकवादियो के पुलते फूंक कर जबरदस्त विरोध प्रकट किया। इस दोरान समूचे शहर से लोग मौजुद रहे। वहीं मशाल जुलुस, केंडल मार्च व फूतला फूंक कर प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के अतिरिक्त व व्यापक प्रबन्ध किए गए। जुलुस के आगे थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा मय जाप्ते के मौजुद रहे। जुलुस के दौरान मुख्य सड़को पर आवागमन को रोका गया। साथ ही मुख्य चोराहो एव मुख्य स्थानो पर अतिरिक्त जवान तेनात किए गए। वहीं वृताघिकारी आशिष प्रजापत कार्यक्रम को देखते हुए अपने अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश देते नजर आए।

#### जलदाय मंत्री की मौजुदगी में हुआ विरोध प्रदर्शन

इधर टोडारायसिंह शहर के विश्व हिन्दु परिषद, बजरंग दल एवं अन्य हिन्दुवादी संगठनो के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की मौजुदगी में जमकर नारेबाजी के साथ पहलगाम नरसंहार का जमकर विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने पहलगाम नरसंहार में अकाल मौत का शिकार बने लोगो के प्रति दो मिनट का मोन रखकर संवेदना प्रकट की। साथ ही इस दौरान कार्यकर्ताओं के केंडल प्रज्जलवित मृतक आत्मओं के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंली प्रकट की। इसके अलावा इस दौरान कार्यकत्र्ताओं ने पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी कर व पाकिस्तानी झण्डे व अज्ञात आतंकवादियो के पुतले फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया।





## नगरपालिका करेगी सात व्यवसायिकभूखण्डो की ई निलामी

### पालिका ने किया ई निलामी का कार्यक्रम जारी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा आवासीय भूखण्डो की ई निलामी के बाद एक बार फिर सात व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी करने जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पालिका के ईओ व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि नगरपालिका मालपुरा ने गत दिनो शास्त्री नगर व इन्दिरा कालोनी जैसी आवासीय कालोनियो के रिक्त 23 भूखण्डो को ई निलामी के माध्यम से विक्रय ककर लगभग 9 करोड़ रूपये की आय अर्जित की है। इसके बाद पालिका ने मालपुरा हल्के आराजी खसरा नम्बर 1024 (कुल रकबा 2 बीघा 7 बिस्वा में से 16 बिस्वा को छोडकर शेष 2 बीघा 01 बिस्वा ) जो मालपुरा जयपुर मुख्य रोड पर वन विभाग की नर्सरी के आगे वीर सावरकर सर्किल के सामने स्थित है। इस जमीन को अभी हाल ही में अतिक्रमण से मुक्त करवाया जाकर व्यवसायिक भूखण्डो का साईट प्लान तैयार करवाया गया। जिसमें 20 गुणा 40 फुट (88.88 वर्गगज) के कुल सात व्यवसायिक भूखण्ड बनाए गए। अब पालिका द्वारा इन सभी सातो व्यवसायिक भूखण्डो को ई निलामी के माध्यम से विक्रय किया जाएगा। जिसके लिए कार्यक्रम बनाकर जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ई निलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को 12 से 14 मई को रात्रि 11.59 तकअमानता राशि पालिका के खाते में जमा करवानी होगी। इसके बाद 15 मई को प्रात: 6 बजे से ई निलामी शुरू होगी जो 16 मई को रात्रि 11.59 तक ई बोली लगाई जा सकेगी। इस ई निलामी के जारी होने के बाद मालपुरा के आम जन का मानना यही है कि इस ई निलामी से भी पालिका को करोड़ो की आय हो सकती है। 23 आवासीय एवं 7 व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी से होने वाली आय के बाद नगरपालिका मालपुरा करोड़पति पालिका की गिनती में आ सकती है। गौरतलब है कि यह सब पालिका के अधिशासी अधिकारी के पद का कार्य देख रहे उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की कड़ी मेहनत से संभव हो पाया है।

## रोडवेज की एसी डीलक्स बस शुरू, विधायक ने दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/करौली( राकेश शर्मा )।** राजस्थान सरकार ने सपोटरा से ऐतिहासिक सौगात के रूप मे डीलक्स एसी बस सेवा शुरू की है। सपोटरा से जयपुर के लिए चलने वाली डीलक्स एसी बस सेवा को गुरुवार को विधायक हंसराज मीणा बालौती ने सपोटरा पुलिस थाना के सामने से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह बस सपोटरा उपखण्ड मुख्यालय से प्रात 9 बजे रवाना होकर जयपुर 1.30 बजे जयपुर पहुंचेगी। जहां से शाम 4 बजे सपोटरा के लिए रवाना होगी जो कि देर रात्रि 8.30 बजे वापसी सपोटरा पहुंचेगी।

विधायक हंसराज मीणा के प्रयासों से सपोटरा के लोगों के लिए सुविधा शुरू हुई है। कस्बे के लोगों ने विधायक हंसराज मीणा व बस संचालक व परिचालक का माला साफा पहनाकर स्वागत किया। विधायक हंसराज मीणा ने बताया कि सपोटरा क्षेत्र के लोग गत 15 वर्षो से रोडवेज बस सेवा से वंचित थे, लेकिन अब उनको एसी डीलक्स बस की सौगात मिली है।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री गजेन्द्र सिंह अड़ूदा, रूपसिंह हरिया का मन्दिर, सपोटरा शहर मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, कुडग़ांव मण्डल अध्यक्ष पवन मीणा, भरतलाल सपोटरा, भाजपा नेता सीताराम भूतिया, सपोटरा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष रामधन डाबिर, हाडौती मण्डल अध्यक्ष राजकुमार सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नेहरू सिंह,पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुरारी पाकड, शेरसिंह, पूर्व सरपंच शिवजी शर्मा, सिमिर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि भूपेन्द्रसिंह, पूर्व सरपंच केदार आदि मौजूद रहे।

डीलक्स आगार के मुख्य प्रबधंक हेमेन्द्र सिंह गहलोत ने बताया कि जनता की सुविधा के मध्यनजर राजस्थान परिवहन निगम द्वारा जयपुर से सपोटरा वाया कोथून, लालसोट, गंगापुर, कुडगांव होकर एयरकंडीशन बस सेवा का संचालन शुरू किया गया है। इस नवीन सेवा में निगम द्वारा वरिष्ठ यात्रियों, महिला यात्रियों एवं बालक यात्रियों को नियमानुसार रियायती किराया दर की सुविधा उपलब्ध होगी। यात्रा के लिए निगम वेबसाइट, निगम के बुकिंग एप के माध्यम से भी टिकट आरक्षित करवा सकते है तथा बस में संचालन के दौरान परिचालक के पास उपलब्ध ईटीआईएम मशीन में उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से भी किराया भुगतान कर टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

## अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा पर बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला कलेक्ट्रेट में कन्ट्रोल रूम स्थापित

### जागरूकता के साथ सख्त निगरानी, सूचना देने वालों की पहचान रहेगी गोपनीय

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में अक्षय तृतीया (आखातीज) एवं पीपल पूर्णिमा जैसे अबूझ सावे के शुभ मुहूर्त में बाल विवाह की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर शुभम चौधरी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय के कमरा संख्या 7 में 30 जून, 2025 तक जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07462-220201 है एवं प्रभारी लक्ष्मण मीना, संस्थापन अधिकारी, कलेक्ट्रेट सवाई माधोपुर होंगे। यह कन्ट्रोल रूम राजपत्रित अवकाशों सहित सभी दिनों में कार्यरत रहेगा। सहायक निदेशक विमलेश कुमार ने बताया कि अक्षय तृतीया (आखातीज) एवं पीपल पूर्णिमा सहित अन्य अबूझ सावो पर बाल विवाह के आयोजन की शिकायतें आती हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर ने पुलिस, प्रशासन, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के साथ-साथ ग्राम, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, तथा जनप्रतिनिधियों जैसे सरपंच और वार्ड पंचों को निर्देशित किया है कि वे सक्रिय भागीदारी से बाल विवाह की रोकथाम सुनिश्चित करें। यदि इन प्रयासों के बावजूद भी बाल विवाह होता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर विधिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही बाल विवाह को प्रोत्साहित या सहयोग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बाल अधिकारिता विभाग और चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा विद्यालयों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा समुदायों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं, ताकि समाज में बाल विवाह के विरुद्ध चेतना का प्रसार हो।

## ब्राह्मण महासंघ और अपेक्स रणथंभौर सेविका के संयुक्त तत्वाधान में होगा रक्तदान शिविर

### परशुराम जयंती पर 51 रक्तदाता करेंगे स्वैच्छिक रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण महासंघ और अपेक्स रणथंभौर सेविका अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान मे 28 अप्रैल 2025 को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा ।

ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश प्रतिनिधि सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर के संयोजक शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष शर्मा रहेंगे । शिविर में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा रहेंगे, शिविर की अध्यक्षता ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय (बंटू नेता) करेंगे! शिविर में विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल जैमिनी, आर्युवेद विभाग के उपनिदेशक हनुमान शर्मा, त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथंभौर के प्रधान सेवक हिमांशु गौतम एवं ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश संगठन महामंत्री शांतनु पाराशर, अपेक्स रणथंभौर सेविका के केंद्राधीक्षक अभिमन्यु सिंह चंपावत उपस्थित रहेंगे । शिविर के संयोजक डॉ मनीष शर्मा ने भी जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का आयोजन प्रात 11 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा, शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन सुरेन्द्र शर्मा, आकाश भारद्वाज, मुरली गौतम, विश्वास शर्मा करेंगे ।

## खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल वन विभाग के अधिकारियों के साथ पहुंचे गणेशधाम

### मंदिर मार्ग की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सात वर्षीय बालक कार्तिक सुमन की बाघ हमले में हुई मौत के बाद शुक्रवार को त्रिनेत्र गणेश मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खोला गया । भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा के प्रदेश मंत्री और खंडार विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने गणेशधाम पहुंचकर वन अधिकारियों के साथ मार्ग की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । विधायक जितेन्द्र गोठवाल ने मार्ग की व्यवस्थाओं को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा हेतु दीवार, झाड़ियों की सफाई, पेयजल हेतु प्याऊ की सुविधा, हेतु सभी कार्यों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया । साथ ही उन्होंने यात्रियों के आवागमन की व्यवस्था के बारे में भी चर्चा की, गोठवाल ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर के आस पास भी जो क्षतिग्रस्त दीवार है उनके मरम्मत के लिए निर्देश दिए । इस दौरान उनके साथ खंडार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, पूर्व जिला महामंत्री रंगलाल गुर्जर, आदि उपस्थित रहे ।

## सरकारी व गैर सरकारी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय आज से 11.30 बजे तक ही चलेगी

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** उपखण्ड क्षेत्र मालपुरा के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय शनिवार से सत्रांन्त तक विद्यालयो का समय अब 7.30 से 11.30 बजे तक ही चलेगी। इस संबंध में जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सोम्या झा की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। इसमें बताया गया कि क्षेत्र में पड़ भीषण गर्मी व मौसम विभाग की चेतावनी के बाद 26 अप्रैल शनिवार से सत्रांन्त अर्थात 15 मई तक कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के राजकीय एवं गैर सरकारी विद्यालयो के विद्यार्थियों का समय प्रात: 7.30 से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। पहीं कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों व समस्त स्टाफ व संचालित अन्य परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा।

## विद्युत सुरक्षा और कर्मचारियों की क्षमतावृद्धि पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/करौली ( राकेश शर्मा )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कर्मचारियों को विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के उद्देश्य से शुक्रवार को जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सवाई माधोपुर वृत्त कार्यालय में तकनीकी कर्मचारियों का एक दिवसीय विद्युत सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अधिशाषी अभियंता (ट्रेनिंग) दिनेश खोलिया ने बताया कि प्रशिक्षण में कर्मचारियों को विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षा उपकरणों का सही उपयोग और कार्यस्थल पर सावधानी बरतने की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि विद्युत कार्य करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों का सही तरीका, उपभोक्ताओं और स्वयं की सुरक्षा के उपाय तथा बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। इसके साथ ही उन्होंने फीडर लॉसेज कम करने, दैनिक कार्यों में सुरक्षा को प्राथमिकता देने और उपभोक्ताओं को जागरूक करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जानकारी दी।

इस दौरान प्रशिक्षण में अधीक्षण अभियंता बाबूलाल मीणा, अधिशासी अभियंता अशोक कुमार बुजेठिया, सहायक अभियंता सत्यनारायण मीणा, कार्मिक अधिकारी हिमांशु शेखावत, कार्यक्रम संयोजक राहत परवेज ने भी अपने विचार साझा किए।

## संयुक्त शासन सचिव द्वारा विद्यालयों का औचक निरीक्षण

### शैक्षणिक नवाचार, पोषाहार, स्वच्छता व योजनाओं की क्रियान्विति की ली जमीनी पड़ताल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शिक्षा विभागीय योजनाओं की प्रगति, नवाचारों की प्रभावशीलता और फील्ड स्तर पर उनके क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु राजस्थान सरकार की संयुक्त शासन सचिव (प्रारंभिक शिक्षा - आयोजना) मुन्नी मीना ने जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना भी उपस्थित रहे। निरीक्षण की शुरुआत प्रात: 7:30 बजे स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल से हुई, जहां संयुक्त शासन सचिव ने प्रार्थना सभा में भाग लिया और विद्यालय में बन रहे पोषाहार की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने संस्था प्रधान ओमप्रकाश साहू से विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, नामांकन की स्थिति, प्रवेश उत्सव की तैयारियों तथा प्राथमिक कक्षाओं के संचालन के बारे में जानकारी ली। विद्यालय की स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, अटल टिंकरिंग लैब, पुस्तकालय,



खेलकूद कक्ष व विज्ञान प्रयोगशालाओं का निरीक्षण कर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने व मानसून काल में अधिकाधिक पौधारोपण करने की भी सलाह दी। इसके पश्चात महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, खिलचीपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रावल तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, चकेरी और खंडार का निरीक्षण किया गया।

## भीषण गर्मी एवं हीटवेव को लेकर जिला कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

# पेयजल, विद्युत एवं चिकित्सा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने जिले में भीषण गर्मी एवं हीटवेव को देखते हुए आमजन को पेयजल, विद्युत, बेहतर चिकित्सा, पशुओं को छाया, पानी और सूखा चारा समेत अन्य आधारभूत सेवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेषकर विद्युत व जलदाय विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि पेयजल वितरण में बाधा उत्पन्न नहीं हो।

जिला कलेक्टर ने कलेक्टर कक्ष में जिले में जलापूर्ति की डिमांड एवं सप्लाई, समर कंटीजेंसी प्लान की कार्य योजना एवं खराब हैंडपंपों को सतत रूप से ठीक करने की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समर कंटिजेंसी के कार्यों को नियत समय पर पूरा किया जाएं, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके।

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता के.एल पटेल को कहा कि विभाग स्तर पर लंबित घरेलू एवं कृषि कनेक्शनों को शीघ्र जारी करें। वे 7 दिन बाद इसकी पुन: समीक्षा करेंगी। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के तहत जिन उपभोक्ताओं के विद्युत बिल 300 यूनिट से अधिक आते है, उन्हें प्रोत्साहित कर इस योजना से जो?ने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने विद्युत लाइनों के मरम्मत कार्यों के बारे में जानकारी लेकर कहा कि विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम चौबीस घंटे क्रियाशील रहे एवं प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाएं। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग के सीएमएचओ एवं पीएमओ को लू एवं तापघात की स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सालयों में उपचार की सभी व्यवस्थाएं बेहतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंखे, कूलर, एसी, वाटर कूलर क्रियाशील रहें तथा आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ छोटू लाल बैरवा को गौशालाओं में पर्याप्त चारे, पानी व छाया की व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, गौशालाओं को समय पर अनुदान राशि प्रदान करने पर बल दिया। जिला परिषद के एसीईओ ललित कुमार को मनरेगा में श्रमिकों के लिए छाया पानी के प्रबंध एवं आवश्यक दवाओं को रखने के निर्देश दिए।

#### विद्यालयों में हुआ समय परिवर्तन

जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जिले में भीषण गर्मी एवं हीटवेव को देखते हुए सभी राजकीय व निजी विद्यालयों में अध्ययनरत प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं का विद्यालय समय



शनिवार से सत्रांत तक सुबह 7:30 से दोपहर 11:30 बजे तक किये जाने के आदेश जारी किए है। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों, समस्त स्टाफ एवं संचालित अन्य परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन-2005 के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक, हीट वेव से बचाव व विकास कार्यों पर हुआ मंथन

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा, (नि.स.)।** जिला सचिवालय सभागार में जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में आधारभूत सुविधाओं एवं हीट वेव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी गर्मियों को ध्यान में रखते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने अत्यधिक गर्मी और संभावित हीट वेव के मद्देनज़र भीषण गर्मी के चलते किसी भी क्षेत्र में बिजली या पानी की किल्लत न हो, इसके लिए अग्रिम योजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। हीट वेव के चलते स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने और दोपहर के समय में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार प्रसार को और बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि इस योजना का लाभ आमजन को मिल सके। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए की फॉल्ट या बिजली नहीं आने की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान करें तथा कंट्रोल रूम सुचारू रूप से चालू रहे। जिस पर अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वृत स्तर पर नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) 24 घंटे कार्यरत है जिसके मोबाईल नंबर 9413360524 है, कोई भी आमजन अपनी शिकायत इस नंबर पर दर्ज करवा सकता है। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग को भी हीट वेव के संबंध में अस्पतालों में पंखे, कूलर, एसी, ओआरएस सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग को जिले में पानी की सुचारू सप्लाई रखने के निर्देश दिए ताकि आमजन को पानी की किल्लत न हो तथा पाइपलाइन से पानी उपलब्ध नहीं करने की स्थिति में टैंकरों के माध्यम से उसे स्थान पर पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता धर्मवीर यादव ने बताया कि प्रभावी मोनेटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) कार्यालय अधिक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थय अभियान्त्रिकी विभाग, वृत खैरथल में स्थापित किया गया है। जिसके दूरभाष नं. 01460-298735 है। आम नागरिक दूरभाष नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा व्हाट्सएप नंबर 7374917525 पर भी लिखित शिकायत दर्ज करवा सकते हैं जिसका संबंधित अधिकारियों द्वारा निश्चित समय अवधि में समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही रास्ता खोलो अभियान की प्रगति पर भी समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन रास्तों पर अतिक्रमण या बाधाएं हैं, उन्हें शीघ्र हटाया जाए ताकि आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा ने बताया कि जीएसएस देवता एवं सरहेटा के रास्तों पर अतिक्रमण है जिस पर जिला कलेक्टर में स्थानीय उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को जीएसएस रास्ते पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए।

**झोलाछाप डॉक्टरों पर होगी सख्त कार्रवाई :** क्षेत्र में हुई घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि झोलाछाप डॉक्टरों पर कठोर कार्रवाई की जाए और आमजन को सुरक्षित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लखन सिंह गुर्जर, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग धर्मवीर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग जेपी बैरवा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, तहसीलदार खैरथल विजय बैरवा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश गुप्ता सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## अलवर जैन समाज द्वारा अजमेर जाकर आचार्य वसु नंदी गुरुदेव को अलवर चातुर्मास हेतु किया श्रीफल भेट

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अजमेर मे सेंकड़ों अलवर सकल जैन समाज के धर्मावलंबियों आचार्य 108 श्री वसुंनंदी जी मुनिराज को श्री फल भेट कर अलवर मे चातुर्मास करने का आग्रह किया। श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद जैन व संरक्षक पवन जैन [चौधरी] ने बताया कि अलवर से सैकड़ों की संख्या मे महानुभाव बस द्वारा अजमेर गये जहाँ आचार्य श्री के सानिध्य में जिन शासन में 54 फिट उचि एवं 11.25 फिट चौबीसी का पंचकल्याणक कार्यक्रम चल रहा है। इसी दिन 6 आर्यका बहनों की दीक्षा काअवसर पर अग्रवाल दिगम्बर जैन समाज से खिल्ली मल जैन, खंडेलवाल दिगम्बर जैन समाज से प्रदीप गोधा, बड़तला दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र जैन एडवोकेट, पल्लीवाल जैन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन, ई.प्रदीप जैन मंत्री रविन्द्र जैन, सहमंत्री पंकज कपूर जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, सुरेश जैन, पारस जैन, हरिओम जैन, बाबूलाल जैन, आदिनाथ महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमति निर्मला जैन, मंत्री निशा जैन, मधु जैन, महावीर युवक मण्डल के अध्यक्ष रविकांत जैन, महेश जैन डेरी आदि. सेंकड़ों लोगों ने अलवर चातुर्मास हेतु श्री फल भेट किया।आचार्य श्री ने अलवर मे चातुर्मास हेतु संकेत दिया जिस पर सभी समाज जनों को हर्ष की अनुभूति हुई और गुरुदेव के जयकारों से पूरा पांडाल गुंजायमान मान हुआ । जानकारी समाजसेवी व युवा उधोगपति पवन जैन (चौधरी) ने दी।

## शिकायत के बाद भी अवैध शराब की ब्रांच पर नहीं की कार्रवाई, ग्रामीणों ने कंटेनर को उठाकर ग्राम पंचायत की चारदीवारी में रखा



बढ़ता राजस्थान

**मालाखेड़ा/ अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुनखर में संत का नगला रोड़ पर ठेकेदार द्वारा खोले गए अवैध शराब ब्रांच पर अधिकारीयों द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने पर गुस्साएं ग्रामीणों ने कंटेनर को उठाकर ग्राम पंचायत की चारदीवारी में रख दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पुनखर में संत का नगला रोड़ पर ठेकेदार ने अवैध शराब ठेका का कंटेनर रख दिया है। यहां से गुजरने वाली महिलाओं व स्कूली छात्राओं के साथ अश्लील फब्तियां कसते हैं। यहां शराब का ठेका होने से छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ेगी। जिसके लिए ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया था। उपखंड अधिकारी ने आबकारी विभाग की अधिकारी से बात करके तत्काल हटाने का आश्वासन दिया था। परन्तु आश्वासन के एक सप्ताह के बाद भी ठेका नहीं हटाने पर गुस्साएं ग्रामीणों ने शराब के अवैध कंटेनर को उठाकर ग्राम पंचायत के अधीन कर दिया।

ग्रामीणों ने कहा कि यदि ठेकेदार लिखित में यहां शराब का ठेका नहीं लगाने की लिखकर नहीं देगा तब तक कंटेनर को नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत पुनखर प्रशासक भगवती, बाबूलाल, राजेश, राजेंद्र, भरतलाल,अशोक कुमार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिकेशन द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय देवखेड़ा (उमरैण) में प्राइमरी बच्चों के लिए कम्प्यूटर लब एवं लाइब्रेरी का शुभारमंभ

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** शुक्रवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय देवखेड़ा (उमरेन) में मुख्य ज़िला शिक्षा अधिकारी, महेश चंद गुप्ता ने कंप्यूटर लैब व पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उमरेन ब्लॉक की मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीमा शर्मा भी उपस्थित रहीं। विद्यालय में नाव निर्मित कक्षा कक्ष में कंप्यूटर लैब व पुस्तकालय के लिए आर डी एन सी मित्तल फाउंडेशन ने 4 कंप्यूटर, 5 टेबल, 15 स्टूल, 1 टीवी, 1 माइक सिस्टम व 200 से अधिक बच्चों की किताबें उपलब्ध कराई हैं। लैब व पुस्तकालय का संचालन इसी फाउंडेशन की पहल अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिटीज़ द्वारा किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत निपुण भारत मिशन में बच्चों की आधारभूत साक्षरता पर ख़ासा ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य के साथ पुस्तकालय व लैब में फाउंडेशन द्वारा 2 टीचर नियुक्त किए गए हैं जो कि पुस्तकों और कंप्यूटर की मदद से प्राथमिक कक्षा के बच्चों के पढ़ने व पढ़कर समझने के स्तर पर काम करेंगे। अंग्रेज़ी मीडियम महात्मा गांधी स्कूल में पुस्तकालय और लैब के माध्यम से अंग्रेज़ी से बच्चों की सहजता बेहतर करने पर भी काम किया जाएगा। इसके लिए गूगल बोलो, ह्यह्लश्चह्व42द्दह्ड्डद्ध1द्गह्ल जैसे सॉफ्टवेर का प्रयोग किया जाएगा जिससे बच्चे घर पर भी मोबाइल और टीवी का उपयोग सिर्फ़ मनोरंजन की बजाय अपने सीखने-सिखाने के लिए भी करने लगें। साथ ही कंप्यूटर क्लास में बच्चों की बेसिक डिजिटल स्किल्स व कोडिंग स्किल्स पर भी कम किया जाएगा। इस पहल से कक्षा 1-5 तक के 100 छात्र/छात्रों लाभान्वित होंगे। आगे चलकर कक्षा 6-8 के बच्चों के साथ भी कार्य करने का प्रस्ताव है। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद रमेश चंद, एस एम सी अध्यक्ष विमल जैन, मित्तल फ़ाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी डा एस सी मित्तल व प्रधानाचार्य कंचन अग्रवाल के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षकों, अश्वत्थ लर्निंग कम्युनिटीज़ की समस्त टीम व बच्चों के 40 अभिभावकों ने भी भाग लिया ।

## फायरिंग कर कार लूटने वाले दो गिरफ्तार महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी के दो बदमाशों को पकड़ा, रिमांड पर लेगी पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर जिले के सदर थाना क्षेत्र में किथूर गांव के पास 26 फरवरी को फायरिंग कर कार लूटने की कोशिश करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है। एक बदमाश महेंद्रगढ़ और दूसरा रेवाड़ी का है।थाने के सहायक पुलिस उप निरीक्षक बंशीलाल ने बताया- पीड़ित चेतन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 फरवरी को वह अपनी कार को सड़क किनारे खड़ी कर लघुशंका के लिए रुका था। तब कुछ बदमाश पहुंचे और फायरिंग कर दी। बदमाश कार लूटने का प्रयास कर रहे थे लेकिन मौके पर भीड़ जमा होने के कारण वे भाग निकले। इस फायरिंग में चेतन यादव घायल हो गया थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महेंद्रगढ़ निवासी दीपक महेंद्रगढ़िया और रेवाड़ी निवासी अर्जी उर्फ फर्जी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां से पीसी रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

## आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें सरकार- हिमांशु शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** किशन कुंड विकास समिति की ओर से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए हिंदुस्तानियों को नमन किया। किशन कुंड विकास समिति के अध्यक्ष हिमांशु शर्मा का नेतृत्व में महान दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रख शत-शत नमन किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि हिंदुस्तानियों की घर में घुसकर बेरहमीं से हत्या करने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया एवं इस अवसर पर केंद्र सरकार से मांग की की पाकिस्तान में घुसकर एक-एक आतंकवादी को चुन-चुन कर मारना चाहिए जिससे विश्व के किसी भी आतंकवादी को भारत में घुसने पर उसकी कापे एवं खुफिया एजेंसी के अधिकारियों की चूक पर उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर देना चाहिएद्यइस अवसर पर किशन कुंड विकास समिति के सभी पदाधिकारी ने सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर भारत माता की जय,वंदे मातरम, इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाये इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, संरक्षक के जी गुप्ता, गौरवअरोड़ा,सत्यनारायण सोमवंशी, ओम प्रकाश अरोड़ा, अशोक गुप्ता, ओम प्रकाश सोलंकी,बबली भाई, भारत शर्मा, भगवान सेन, राजेंद्र शर्मा, दया सैनी, कैलाश चंद्र शर्मा, अमित शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## ट्रेन से कटकर मरे अज्ञात व्यक्ति का किया दाह संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के ढ़िगावड़ा गांव के समीप गत 23 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। शव को राजगढ़ सामुदायिक चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाया। शुक्रवार को शव की शिनाख्त नहीं होने पर राजगढ़ पुलिस ने समाजसेवी प्रीति विजय के सहयोग से शव का दाह संस्कार करवाया। वहीं एएसआई हीरालाल ने बताया कि शव का दाह संस्कार नगरपालिका राजगढ़ के सहयोग से किया जाना था परन्तु नगरपालिका द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

## डॉ ठेगला ने गुर्जर समाज का ही नहीं, गाँव और क्षेत्र का गौरव : रावत रावत सहित सरपंच प्रतिनिधि ने किया डॉ ठेगला का सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के गाँव बसई जोगियान निवासी डॉ कोमल ठेगला पुत्री डॉ रामगोपाल ठेगला को यूपीएससी 2024में 590वीं रैंक मिलने पर उनका उनके वर्तमान निवास पर जाकर सम्मान किया गया और मुँह मीठा करवाया गया। इस मौके पर राजस्थान की शेरनी और आयरन लेडी के नाम से मशहूर पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि डॉ कोमल ठेगला गुर्जर समाज का ही नहीं अपितु गाँव व विधानसभा क्षेत्र का गौरव है।उन्होंने कहा कि हमारे स्व. नेताओं समाज सुधारकों का जो सपना था उसे क्षेत्र में इस बेटी ने साकार किया है। रावत ने कहा कि डॉ कोमल ठेगला ने कड़ी मेहनत, संघर्ष और समर्पण से गुर्जर समाज को एक रास्ता ही नहीं दिखाया बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रसस्त किया है। मेरी तो अभिलाषा और आशा है कि विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक माता ऐसी बेटियों को जन्म दे जो क्षेत्र का नाम गौरव से ऊँचा कर सकें। रावत ने कहा कि जिसने भी सच्चे मन से सपने देखे हैं वे साकार हुए हैं। जिसकी मैं और डॉ कोमल ठेगला साक्षात् प्रमाण हैं। उन्होंने डॉ ठेगला के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें माला पहनाकर सम्मान किया और मुँह मीठा कराया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि पीसी रावत सहित उनका परिवार और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से नीचे गिरा ट्रक, बुजुर्ग दंपति गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजगढ़-महुआ कट के पास सुबह करीब 9 बजे एक ट्रेलर हाईवे से नीचे गिर गया। हादसे में ट्रक में लिफ्ट लेकर जा रहे बुजुर्ग दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के पीनहवा गांव निवासी सम्मुन अपनी पत्नी संजी के साथ जयपुर में लीवर का इलाज करने जा रहे थे रास्ते में उन्होंने एक ट्रक से लिफ्ट ली थी। प्रत्यक्षदर्शी अंसार ने बताया कि ट्रक चालक नींद में था। यात्रियों ने उसे ट्रक रोकने को कहा लेकिन उसने नहीं रोका, कुछ देर बाद ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ट्रक का टायर फटने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग दंपत्ति को अलवर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश जारी है।

## वाला नगरकोट का विशाल भंडारा एवं हरि कीर्तन दंगल समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर( राजकुमार गुप्ता)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम अनावड़ा में ज्वाला नगरकोट देवी माता के मंदिर पर एक दिवसीय हरि कीर्तन दंगल शनिवार एवं भंडारे का आयोजन रविवार को किया जाएगा। ग्रामीण हजारीलाल ने बताया कि शनिवार शाम 8.15 बजे से ज्वाला नगरकोट देवी माता का रात्रि जागरण किया जाएगा। 27 अप्रैल रविवार को सुबह 8.30 बजे से हरि कीर्तन दंगल शुरू होगा तथा सुबह 11.00 से भंडारा प्रसाद वितरण शुरु किया जाएगा। हरिकीर्तन दंगल में पार्टी सीताराम वकील डोलीका राजवास, गिर्राज मीणा गगवाना ,नेमीचंद जगदीश खोहरा चौहान, भीखा राम एण्ड पार्टी डैन्डान आदि पार्टी भाग ले रही हैं। सभी भक्तगण अधिक से अधिक संख्या में पधार कर हरिकिर्तन दंगल की शोभा बढ़ाए। इस मेले की जानकारी हजारी लाल गुरुजी ने दी।

## शिक्षा मंत्री दिलावर ने पुष्पेन्द्र बूलीवाल को राज्य स्तर पर किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शिक्षा विभाग के 32वे राज्य स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी पुरस्कार 2024 का सम्मान समारोह आज वेटेरनरी ऑडिटोरियम बीकानेर में आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा सीताराम जाट ने पुष्पेन्द्र बूलीवाल अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहाड़ा को सम्मानित किया गया, जिसमें शॉल, बेज, श्रीफल के साथ सम्मान राशि ग्यारह हजार रूपए, प्रतिक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## डीओआईटी टीम ने किया ई-मित्र कियोस्कों का निरीक्षण, खामियां मिलने पर लगाया जुर्माना

बढ़ता राजस्थान



**चूरू (नि.स.)।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की टीम ने गुरुवार को चूरू शहर के विभिन्न ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान खामियां पाए जाने पर जुर्माना लगाए जाने की कार्यवाही की। प्रोग्रामर इंद्राज सिंह ने बताया कि ब्लॉक कार्यालय के देवेश कुमार बच्छावत व सहायक प्रोग्रामर निरंजन कुमार शर्मा की संयुक्त टीम द्वारा चूरू शहर के कुल 10 ई-मित्र कियोस्कों की जांच की, जिसमें आईडी कार्ड ना पहनना, को-ब्राण्डेड बैनर व रेटलिस्ट नहीं लगा होना, सुझाव शिकायत पुस्तिका संधारण नहीं करना इत्यादि कई प्रकार की खामियां पाई गई। पाई गई खामियों के लिए शास्ति लगाते हुए संबंधित ईमित्र कियोस्क को मौके पर ही इनमें सुधार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि चूरू मुख्यालय पर भरतीया रोड, इंडियन स्कूल के पास मनोज कुमार प्रजापत पर आईडी कार्ड ना पहनना, को-ब्राण्डेड बैनर नहीं होने व डिनायल ऑफ सर्विस के कारण 1600 रुपए, महावीर प्लाजा के पास वार्ड नंबर 14 में नितेश बुंदेला पर आईडी कार्ड ना पहनने के कारण 100 रुपए, दुकान नंबर 113, महावीर प्लाजा में साबिर अली पर आईडी कार्ड नहीं पहनने पर 100 रुपए, नया बास वार्ड नंबर 19 के हेमंत शर्मा पर डिनायल ऑफ सर्विस के लिए 500 रुपए व वार्ड नंबर 14 के सुनील कुमार पर आईडी कार्ड नहीं पहने होने के कारण 100 रुपए की पेनल्टी लगाते हुए कुल 2400 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## भिवाड़ी से सटे आकेड़ा गांव के नारायण बिहार में कबाड़ी और लकड़ी के गोदामों में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी/अलवर( मुकेश कुमार शर्मा)।** भिवाड़ी से सटे हरियाणा बॉर्डर के आकेड़ा गांव स्थित नारायण बिहार कॉलोनी में एक कबाड़ी और दो लकड़ी के गोदामों में भीषण आग लग गई। यह घटना रात लगभग 1.00 बजे की बताई जा रही है। आग की सूचना मिलते ही रेवाड़ी, धारूहेड़ा, मानेसर, तावडू, नगर परिषद और रिको से करीब तीन दर्जन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीमें भी पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है।

# डग में युवक की हत्या से फैला तनाव : भीड़ ने की तोड़फोड़ और आगजनी, पुलिस बल तैनात, आरोपी हिरासत में

## प्रशासन की सूझबूझ से कस्बें का माहौल फिलहाल शांत, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात







बढ़ता राजस्थान

**डग ( आबिद हुसैन )।** कस्बें में शादी समारोह के दौरान फोटोग्राफी वीडियो शूटिंग कर रहे लसुड़िया निवासी युवक शंभूसिंह की कार सवार दो युवकों द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद पूरे कस्बें में तनावपूर्ण स्थिति हो गई जिसमें पूरे कस्बें के सभी छोटे बड़े प्रतिष्ठान तुरन्त प्रभाव से बंद हो गये। घटना के बाद उग्र आक्रोशित भीड़ ने दुकानें बंद करवाने के साथ पुराने बस स्टैंड से नये बस स्टैंड तक एक दर्जन से अधिक दुकानों एवं लगभग दो दर्जन गुमटियों में आग लगा दी। इस घटना में आपसी समझाइश के दौरान अचानक हुए पथराव में डग पूर्व थानाधिकारी एवं वर्तमान में रायपुर थाने में कार्यरत थानाधिकारी बन्नालाल चौधरी के सिर में चोट लग जाने से गंभीर घायल हो गए जिनको मौके से ही डग सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हाथों-हाथ कोटा रेफर किया जहां से भी उपचार के लिए उनको जयपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार उपचार अभी जारी है। हालात बिगड़ते देख अन्य जिलों व जिले के अन्य थानों का जाप्ता बुलाकर कस्बें के हर गली-मोहल्ले व चौराहों पर लगाया गया। देर रात एडीजी विशाल बंसल, संभागीय आयुक्त, पुलिस कमिश्नर डग पहुंचे। प्रशासन ने मेडिकल बोर्ड से शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम करवाकर शव को लसुड़िया गांव पहुंचाया। इस दौरान डॉ विकास जैन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शव को आइस पेक में रखवा कर गांव में अंतिम संस्कार के लिए पहुंचाया। अंतिम संस्कार से पूर्व परिजनों व ग्रामीणों ने मृतक परिवार के लिए पांच मांगे रखी। जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि मृतक के परिवार को 40 लाख रुपए की सहायता, पत्नी को आंगनबाड़ी में और भाई को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी देने तथा आरोपी की अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई की मांगे रखी जिसको प्रशासन द्वारा मान लिया गया। सहमति के बाद मृतक युवक का हजारों की भीड़ में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि आरोपी रेहान खान को हिरासत में ले लिया गया है जबकि फरार आरोपी सोहेल खान पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़, जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल, भाजपा नेता दिनेश जैन, पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह परिहार, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष प्रतापसिंह नागदा एवं हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे वहीं संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, एडिजी लो एड आर्डर विशाल बंसल,आईजी रविदत्त गौड,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा सहित एसटीएफ बटालियन, आरएसी बटालियन सहित करीब एक दर्जन से अधिक झालावाड़ एवं कोटा वृत्त के थानाधिकारी मय जाप्ता चप्पे चप्पे पर तैनात रहकर शांति व्यवस्थाएं बनाए हुए है।

## ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर आज सांगोद क्षैत्र के दौरे पर, लक्ष्मीपुरा और कुराड़िया में करेंगे लोकार्पण, शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शनिवार को सांगोद क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वे ग्राम कुराडिया खुर्द तथा लक्ष्मीपुरा में आयोजित विभिन्न लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे। भारतीय जनता पार्टी सांगोद देहात मंडल अध्यक्ष मुरारी मेहता ने बताया कि मंत्री श्री नागर शनिवार को सायं 4 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुराड़िया खुर्द में आयोजित लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान भामाशाह रमेशचन्द्र नागर द्वारा निर्मित कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। ग्राम सेवा सहकारी अध्यक्ष चेतन मेहता ने बताया कि मंत्री नागर सायं 5.30 बजे कोटड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति के लक्ष्मीपुरा वेयर हाऊस पर आयोजित समारोह को संबोधित करेंगे। यहां कोटड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति की ओर से लक्ष्मीपुरा में 2 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 5 हजार मेट्रिक टन वेयर हाऊस के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही, ढाई करोड़ रुपए की लागत से जल संसाधन विभाग द्वारा किए गए गंगा सागर तालाब लक्ष्मीपुरा के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण भी सम्पन्न होगा। इस दौरान मंत्री श्री नागर हरीशचन्द्र सागर परियोजना की शेष नहरों की वितरिकाओं और माइनरों के 3 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार कार्य (द्वितीय चरण) का शिलान्यास भी करेंगे।

## विहिप का राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन में कनक पूरी कैथून भी बन्द

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** कैथून विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री हिमांशु जी आचार्य ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई भीषण आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कर घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश हो। लाडपुरा प्रखण्ड बजरंग दल सम्पर्क प्रमुख जितेन्द्र गुर्जर के संपूर्ण कैथून नगर के कहा कि उनके व्यापार मंडल भाजपा भाजपा कार्यकर्ता वह हिंदू संगठनों ने वह अनेक संस्थाओं ने भी बन्द का समर्थन किया हिमांशु जी आचार्य शैलेन्द्र जी नागर, जीतेन्द्र जी गुर्जर, प्रकाश वैष्णव, हिमांशु सुमन, गजेंद्र मेघवाल, सागर नागर, मोनू गुर्जर, पवन मेघवाल, मनीष राठौर, त्रिलोक कश्यप गोलू नागर, विशाल, मारुती नंदन, लटूर गुर्जर, दिनेश जी मेघवाल, भुवनेश चौधरी, मनोज चौधरी, विशाल गुर्जर, मोहन मेघवाल, दीनदयाल गौतम, मनीष सेन, संदीप प्रजापति, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## निष्काम सेवा - जल मन्दिर का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** कमाण्डेन्ट रवि सिंह के निर्देशन में '' हमारा ध्येय- निष्काम सेवा '' की और एक और कदम आगे बढ़ाते हुए गृह रक्षा विभाग, चित्तौड़गढ़ के स्थाई स्टाफ व स्वयं सेवकां के द्वारा, कार्यालय कमाण्डेन्ट, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, चित्तौड़गढ़ परिसर जो कि धनेत रोड़ पर स्थित है में, इस प्रचंड़ गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए राहगीरों को प्यास से राहत प्रदान करने के लिए शीतल जल मन्दिर (प्याऊ) का अस्थाई निमार्ण किया गया जिसमें राहगीरों के लिए 24 घण्टे निःशुल्क शीतल जल की व्यवस्था की गई है।जल मन्दिर का शुभारम्भ 25.04.2025 को किया गया जिसमें स्थाई स्टाफ नाथू लाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी, सुश्री आशा राजपूत, आरक्षी, ऑनरेरी रेन्क होल्डर्स राधाकिशन एच.सी.सी, कमलेश एच.पी.सी, राजेन्द्र कुमार एच.एच.सी, स्वयं सेवक मनीश कुमार, अरविन्द नीलमणी, सत्यनारायण, चैन सिंह, शिवराज सिंह, तसलीम, प्रहलाद सिंह, कालू सिंह व अन्य स्वयंसेवक तथा स्थानीय जन मानस उपस्थित हुए।

## केशोरायपाटन आतंकवाद के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( नि.स. )।** कश्मीर के पहलगाम के आतंकवादियों द्वारा हिंदुओ की हत्या के विरोध में केशोरायपाटन की सभी दुकानें बंद कराई गई व आतंकवाद का पुतला फूंक कर , जमकर नारेबाजी करते हुए युवाओ ने उपखंड कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की, उपखंड कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री , राष्ट्रपति , ग्रह मंत्री व रक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा इस मौके पर विरोध प्रर्दशन में शिव वाटिका संत बाबा बालक दास, ,मोहन दास ,,बाबा मगरूदास बाबा रामदास , बजरंग दल सहजिला संयोजक सुभाष गर्ग , नगर संयोजक नमन शर्मा , राजकुमार कहिलिया, य , गौरव मालिक, आशीष बिरला , ओम सेन ,प्रह्लाद गौतम ,मांगीलाल गुर्जर , मानसिंह गुर्जर, सुधांशु सोनी , राजेश सैनी , तुषार भूतिया , शशि शर्मा , विनोद नामा , बड़ी संख्या में समाजसेवी और सामाजिक संगठन मौजूद रहे ।

## युवक ने ट्रेन के सामने लेटकर की खुदकुशी, धड़ से अलग हुई गर्दन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ में शुक्रवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक का शव शुक्रवार को अजमेर रेल मार्ग पर जुबली पैट्रोल पंप के पास मिला। सूचना पर हमीरगढ़ थाना और जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और हमीरगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हमीरगढ़ गवर्नमेंट हॉस्पीटल पहुंचाया । हमीरगढ़ थाने के दीवान शिवराज सिंह ने बताया कि युवक ने उदयपुर से जयपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगे लेटकर जान दी है। ट्रेन मौके पर ही रुक गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक के पास से आधार कार्ड मिला है जिसके अनुसार मृतक युवक की पहचान मंगरोप निवासी आरिफ मोहम्मद (28) पुत्र मुबारिक हुसैन बिसायती के रूप में की गई है। आधार कार्ड के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। युवक मंगरोप का रहने वाला था।

पुलिस का कहना है कि अबतक खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और जांच जारी है। ट्रेन को घटना के बाद गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

## नैनवां में विहिप एंव बजरंदल का विरोध प्रदर्शन

### आतंकवाद का पुतला फूका, पाक संविधान की प्रतिया जलाई

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** शुक्रवार को विहिप एंव बजरंगदल के राष्ट्रीय आव्हान पर पहलगाम कश्मीर में आतंकवादी घटना को लेकर रोष प्रकट किया। नारेबाजी एंव विरोध प्रदर्शन के बीच आतंकवाद का पुतला फूंका। नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण से विहिप एंव बजरंगदल के कार्यकर्ताओ द्वारा आक्रोश पैदल मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ता अपने हाथों में आतंकवाद मुर्दाबाद एक है, तो सेफ है। बटोगे तो कटोगे लिखे हुए नारों की तख्तियां हाथ में लहराते हुए व पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बसटेंड,भगत सिंह सर्किल से होते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुँचे। जहां कार्यकर्ताओ ने आतंकी घटना की कड़े शब्दो में निंदा करते हुए आतंकवाद का पुतला फूंका व पाकिस्तान के संविधान की प्रतियां जलाई गई। इस दौरान बजरंगदल जिला संयोजक लक्की चोपड़ा ने कहा कि पहलगाम की घटना बहुत निंदनीय है। पूरे विश्व में पहली बार ऐसा हुआ है। आतंकवादियों ने धर्म पूछकर पर्यटकों को गोली मारकर हत्या की गई है। जो पूरी मानवता की हत्या है।

इसके बाद सामूहिक तौर पर आतंकी हमले में मारे गये लोगो की आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धॉजलि अर्पित की गई। इस दौरान जिला मंत्री संजय नागर,जिला विद्यार्थी प्रमुख शेखर व्यास ,प्रखंड मंत्री पवन गौतम प्रखंड, संयोजक धनराज सैनी, सह संयोजक पारस जांगिड़ सीताराम गुर्जर ,नगर अध्यक्ष अंकित मारवाड़ा ,पार्षद प्रमोद जैन, उमेद नगर, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अनिल मित्तल,संजय प्रधान,केशर लाल नोगिया सहित बड़ी संख्या में विहिप एंव बजरंगदल के पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चेनपुरिया गांव को यथावत रखा जाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(टी .आर सैनी)। ग्राम चेनपुरिया जो वर्तमान में पुनर्गठन के बाद चेनपुरिया गांव को बाछोला पंचायत में मिलाये जाने पर ग्रामीणजनो ने रोष प्रकट करते हुए जिला कलक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया कि चेनपुरिया गांव पूर्व में खानपुरा पंचायत में स्थित था। जहां गांव तक आने जाने की सुविधाए है। लेकिन परिसीमन के बाद चेनपुरिया को बाछोला में मिलाया जाना तर्क संगत नहीं है। इसलिए जनभावना को देखते हुए चेनपुरिया गांव को वापिस खानपुरा पंचायत में यथावत रखा जावे।ज्ञापन के दौरान मदन लाल,नरेन्द्र नागर,शिवराज, कालुलाल भवरलाल,कौशल नागर,कोमल नागर, खुशीराम नागर सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## अखिल हाडोती वाल्मीकि समाज समिति का 16वां सर्वसमाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 11 मई को, पोस्टर का विमोचन हुआ

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, ( का.स. )।** अखिल हाडोती वाल्मीकि समाज समिति का 16वां सर्वसमाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 11 मई को विज्ञान नगर में आयोजित किया जाएगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को समाजसेवी हरिकृष्ण बिरला, भारतीय जनता पार्टी के शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन तथा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर के द्वारा किया गया। अध्यक्ष अशोक पचेरवाल ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में हाडोती के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी जोड़े आएंगे। जोड़ों के पंजीयन के लिए प्रदेश के सभी जिलों में काउंटर बनाए गए हैं। इस दौरान प्रातः 8 बजे पाणिग्रहण संस्कार किया जाएगा। विवाह सम्मेलन में वर वधु को उपहार सामग्री भी भेंट की जाएगी।विमोचन के अवसर पर अंकित चौहान, रामप्रसाद पचेरवाल, रवि खजोतिया, सिकंदर पवार, अजय टांक, अजय पचेरवाल, ओमप्रकाश सारवान, सूरजमल खोड़ा, रामप्रसाद कलोसिया, राजेंद्र घेंघट, प्रेमप्रकाश डंडोरिया, अविनाश तेजी, ब्रह्मानंद खारोलिया, भगवानदास तेजी, राम जाने चंडारिया, छगन साहू समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पटोलिया में देर रात तक चली रात्रि चौपाल

## विधायक एवं जिला कलक्टर ने कई समस्याओं का किया हाथों-हाथ निराकरण

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** आमजन की समस्याओं एवं ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास को लेकर गुरुवार को जिले की भोपाल सागर पंचायत समिति की पटोलिया ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन की रात्रि चौपाल देर रात तक चली। चौपाल में अवैध अतिक्रमण हटाने, सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण, सड़क डामरीकरण सहित पेयजल समस्या एवं खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने के 55 आवेदन पत्रों पर प्रार्थियों से सीधा संवाद कर निराकरण हुआ। वहीं दीर्घकालीन समस्या एवं शिकायतों का निराकरण भी किया गया। रात्रि चौपाल की शुरुआत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के साथ हुई। इस अवसर पर कक्षा 12 की अंजली दाधीच, कक्षा 10 के राहुल गुर्जर तथा कक्षा 8 के पूरण राणावत, करण वैष्णव एवं लक्षिता तेली को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वहीं, राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों नरेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, हर्ष सालवी, प्रदीप वैष्णव, लोकेश भील एवं धनराम का भी सम्मान किया गया। चौपाल में ग्रामवासियों से सीधा संवाद कर सड़क, नाली निर्माण, डामरीकरण, पेयजल आपूर्ति, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने, अतिक्रमण हटाने जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। सुरेश रेगर के मकान व भैंस जलने तथा माता-पिता के घायल होने की घटना पर जिला कलक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आर्थिक सहायता एवं मुआवजा हेतु निर्देश दिए। इसके अलावा, उच्च माध्यमिक विद्यालय के जर्जर कमरों की मरम्मत, फतेह सिंह राठौर के प्रकरण में रास्ते से अतिक्रमण हटाने, नारायणलाल के खेत में पानी भरने की समस्या के समाधान हेतु पटवारी को मौके पर जाकर निरीक्षण के निर्देश दिए गए। सड़क निर्माण में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस देने और ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश भी अधिशासी अभियंता को दिए गए। विभिन्न जनहित से जुड़े आवेदनों पर विधायक एवं जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देते हुए समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भूपालसागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत, जिला परिषद सीईओ विनय पाठक, उपखंड अधिकारी पुनीत गेलड़ा, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर कलक्टर ने दिए सख्त निर्देश

### ब्लाइंड स्पॉट चिन्हित कर सुधार के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

कोटा, (का.स.)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी जे पी गुप्ता एवं सदस्य सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने विभागीय कार्यों की जानकारी दी। बैठक में कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिए कि जिले के सभी ब्लाइंड स्पॉट्स को चिन्हित कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्य तत्काल प्रभाव से किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें सीट बेल्ट पहनने, हेलमेट लगाने एवं निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही दुर्घटनाओं को लेकर कलक्टर ने पुलिस एवं परिवहन विभाग को ऐसे स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए जहां दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। विशेष रूप से नेशनल हाईवे से ग्रामीण सड़कों के मिलन बिंदुओं पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। शहर में हो रही दुर्घटनाओं के संबंध में कलक्टर ने कोटा विकास प्राधिकरण एवं पीडब्ल्यूडी को ऐसे स्थानों का निरीक्षण कर सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में बन रहे सभी स्पीड ब्रेकरों पर मार्किंग करने एवं संकेतक बोर्ड लगवाने के कार्य को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुकुंदरा में निर्माणाधीन टनल को लेकर परियोजना निदेशक, एनएचएआई ने अवगत कराया कि इसकी खुदाई का कार्य जुलाई 2025 तक तथा अन्य कार्य सितंबर-अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। इस पर कलक्टर ने कहा कि टनल की एक साइड को शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जाए ताकि यातायात को राहत मिल सके। बैठक में कलक्टर डॉ गोस्वामी ने दरा की नाल पर मरम्मत, सेफ्टी वॉल निर्माण से सबन्धित निर्देश भी दिए। भारी वाहनों पर नियंत्रण को लेकर जिला परिवहन अधिकारी को चालान की कार्रवाई तेज करने के निर्देश भी दिए गए।

सड़क पर ओवरस्पीड और नशे की हालत में वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए कलक्टर ने पुलिस विभाग को विशेष अभियान चलाकर ऐसे चालकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने रात्रि के समय टोल बूथ के पास वाहनों की सघन चेकिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, केडीए विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# मुश्किल समय में जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व : जिला कलक्टर

- शांति समिति के सभी सदस्यों ने की पहलगाम आतंकवादी घटना की भर्त्सना
- हमले में जान गंवाने वालों लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने रखा मौन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते दिनों हुई हिंसक आतंकवादी घटना के बाद पूरे देश में रोष व्याप्त है। इसी को देखते हुए सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा है कि मुश्किल समय में जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य उनके क्षेत्र में सौहार्द बनाए रखने में मददगार बनें। इस हिंसक घटना के बाद जिले में कोई सांप्रदायिक तनाव



उत्पन्न न हो इसके लिए समिति के सदस्य नजर रखें तथा उसकी प्रशासन व पुलिस को जानकारी दें। कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी माध्यम से किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद, द्वेष या दुष्प्रचार नहीं करेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने कहा कि पुलिस आमजन के रोष को देखते हुए पूर्णतः सतर्क एवं चौकन्ना रहेगी। उन्होंने कहा कि यद्यपि जिला साम्प्रदायिक दृष्टि से शांतिपूर्ण इतिहास रखता है, पुलिस एवं प्रशासन ऐसे मुद्दों पर नजर रखेगा जो कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए चुनौती हो सकते हैं। कोई भी व्यक्ति, संस्था या जनसमूह किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक विद्वेष उत्पन्न करने वाले आपत्तिजनक व उत्तेजनात्मक नारे नहीं लगायेगा। बैठक में सभी सदस्यों ने इस आतंकवादी घटना एवं निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या की भर्त्सना की। शांति समिति के सभी सदस्यों ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के प्रति संवेदना व्यक्त करने हेतु मौन धारण किया।

बैठक में जिलेभर से आए विभिन्न समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया एवं सभी ने अपने सुझाव शांति समिति की बैठक में दिए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा, उपखण्ड अधिकारी बाड़ी भगवत शरण त्यागी, शांति समिति सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे।



# बाड़ी के किसानों ने दिया प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** रेलवे विभाग द्वारा आमान परिवर्तन योजना के अंतर्गत बाड़ी मे किसानों की कृषि भूमि अर्जित की जानी है। जिसको लेकर बाड़ी के किसानों ने शुक्रवार को कलेक्टर धौलपुर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया व जिला कलेक्टर से रेलवे विभाग द्वारा उचित मुआवज़ा दिलावाने की गुहार लगाई। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि बाड़ी में 2 साल पहले बाईपास रिंग रोड होकर निकल चुकी है जिसके बाद से हमारी कृषि भूमि की कीमतें डी.एल.सी दर से 10 गुना ज्यादा महंगी हो गई है। जबकी डी.एल.सी दरों में अभी तक कोई वृद्धि नहीं हुई है। हम किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाए।

अगर रेलवे विभाग किसानों को उचित मुआवज़ा नहीं दे सकता तो पूर्व में जो जमीन रेलवे विभाग के पास मौजूद है जिस पर से पिछले 50 वर्ष से रेल निकल रही है उस पर से होकर रेल निकाले। बिना वजह किसानों की 150 बीघा कृषि भूमि को बर्बाद ना करें। आपको बता दें कि रेलवे विभाग द्वारा आमान परिवर्तन योजना में बाड़ी में करीब 150 बीघा कृषि भूमि को अर्जित किया जा रहा है। हालांकि कलेक्टर महोदय ने किसानों को उचित मुआवजा दिलावाने व सभी किसानों को पूर्ण रूप से संतुष्ट करने का आश्वासन दिया है। जिससे किसानों में न्याय की उम्मीद जागी है। किसानों का कहना है पहले भी हम कई बार समय-समय पर धौलपुर आकर अपनी आपत्ति दे चुके हैं मगर हमारी समस्या का अभी तक कोई निस्तारण नहीं हुआ है। अब हमको उचित मुआवज़ा नहीं दिया तो अब हम धरातल पर एक बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे व रेलवे विभाग को अपनी कृषि भूमि में घुसने नहीं देंगे। इस मौके पर किसान यूनियन धौलपुर उपाध्यक्ष सीताराम कुशवाहा, सैफ सईद खान अध्यक्ष मुस्लिम समाज कमेटी बाड़ी, शकील कुरेशी अध्यक्ष वक्फ बोर्ड कमेटी बाड़ी, पप्पू , प्रसादी, सुहेल अहमद दिलेज़ा इस्त्री नेनुआ, राजेश सलमान सईद खान रामनिवास फिरोज पप्पू शाकीर छोटे हाकिम कुशवाह नंदन कुशवाहा रामजीलाल रामनिवास भगत, लल्लू राम भगत, रामेश्वर कुशवाह, ईश्वरी प्रसाद, मांगीलाल कुशवाह, नेनुआ कुशवाहा, रामजीलाल कुशवाह, जनड़ेल कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, खुशी लाल, सुखवीर, ताराचंद, नंदन, राम अवतार, चंदन, मनीषा, विमलेश, ओमवती, अनारदी, रामस्वरूप किसान यूनियन के काफी तादाद में किसान मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक और सर्व हिन्दू समाज द्वारा आक्रोश बैठक और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## पहलगाम हमले को लेकर जताया आक्रोश, केंद्र सरकार से जंग की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में शुक्रवार को सर्व हिंदू समाज और पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा गांधी पार्क में आक्रोश बैठक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ शिवदयाल मंगल के नेतृत्व में हुई इस आक्रोश बैठक में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न केवल निंदा की गई बल्कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई कि वे देश की तीनों सेनाओं को खुली छूट दें। जंग का ऐलान किया जाए और आतंकियों को चुन चुन कर मरा जाए। जिन्होंने यह कायराना हरकत की है। उन्होंने केवल पर्यटकों पर हमला नहीं किया बल्कि देश पर हमला किया है। जिन्हें किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाना चाहिए। आक्रोश बैठक को संबोधित करते हुए डॉ एसडी मंगल ने कहा कि आज हमारे देश की सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। आज देश के 15 लाख सैनिक आतंकियों और पाकिस्तान की इस कायराना हरकत को लेकर आक्रोश में है। जिनको खुली छूट की जरूरत है। सन 1965 की लड़ाई में जब देश गरीब था। लोगो ने भूखे रहकर भी जंग लड़ी। और फतह हासिल की। आज हम सब तरीके से संपन्न है। ऐसे में रोज-रोज की इन छद्मम लड़ाइयां का अंत होना चाहिए। जिससे बेगुनाह नहीं मारे जाएं और परिवार तबाह नहीं हो। बैठक के दौरान पहलगाम हमले के सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और भारत माता के जयकारे लगाए गए। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने भी देश के प्रधानमंत्री से मांग की की वे अब जंग का ऐलान करें। बैठक के दौरान आरएसएस की शाखा प्रभारी रजनी सिंगल,भारत भारत विकास परिषद की वरिष्ठ पदाधिकारी सरोज मंगल,वंदना शिवहरे,पूर्व सैनिक बनवारी लाल,दारा सिंह पचौरी,विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री गिरीश शर्मा,गोपाल लहचोरिया,डॉ अशोक शर्मा, चिम्मन बाबा,रामकुमार गर्ग,महेश भटेले सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# वेनपुरा गांव में तीन भाइयों के संयुक्त परिवार में अज्ञात कारणों से लगी आग

## पांच दिन बाद होनी है बहिन की शादी, नगदी सहित सब कुछ जलकर खाक

## वाल्मीकि समाज का पीड़ित परिवार कर रहा प्रशासन और लोगो से मदद की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के नोहरा ग्राम पंचायत के वेनपुरा गांव मे तीन भाइयों के संयुक्त छप्परपोश घर मे अज्ञात कारणों से आग लगने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग और बाड़ी से पहुंची नगर पालिका की दमकल ने आग पर काबू पाया है। आग लगने की इस घटना में जहां घर का सारा सामान जलकर खाक हुआ है। वहीं बेटी की शादी के लिए बाजार से लाये कपड़े,फर्नीचर और शादी के लिए रखी नगदी भी जलकर खाक हुई है। घटना के बाद हल्का पटवारी और नोहरा सरपंच गांव पहुंचे हैं। कंचनपुर पुलिस ने भी मामले की जांच की है। वेनपुरा गांव निवासी कल्लन वाल्मीकि के पुत्र केदार,आधार और मुकेश तीनों एक संयुक्त परिवार में रहते हैं। हालांकि तीनों ने अलग-अलग घर बना रखे हैं लेकिन तीनों के घर एक दूसरे से सटे हुए हैं। गुरुवार को शाम 05 बजे के करीब जब घर में केवल महिलाएं थी। तीनों भाई और अन्य लोग बाड़ी बाजार से शादी का कुछ सामान लेने गए थे। क्योंकि आज शुक्रवार को उनकी बहिन की



लग्न होनी थी। अचानक अज्ञात कारणों से पीछे की तरफ से घरों में आग लगी और यह आग धीरे-धीरे हवा के साथ बढ़ती हुई सभी घरों में फैल गई।

महिलाओं के चीखने चिल्लाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घरों में लगी सम्बर पम्प एवं एकत्रित पानी से आग को बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान सूचना पर बाड़ी से नगर पालिका की दमकल भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया। लेकिन इस दौरान घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया है।

**बेटी की थी आज लग्न, 30 अप्रैल को शादी :** घटना को लेकर पीड़ित कल्लन की पत्नी बुद्धो ने बताया कि उनकी बेटी सुमन की 30 अप्रैल को शादी है। आगरा के बीसलपुर से बारात आएगी। आज शुक्रवार को लग्न होनी है लेकिन अब कुछ भी नहीं बचा है। ऐसे में प्रशासन से मदद की उम्मीद है। उनके तीनों बेटी केदार,आधार और मुकेश जयपुर में होटलो में साफ-सफाई का काम करते हैं। जिन्होंने ही कुछ पैसा एकत्रित किया था जिसे भी अपनी बेटी की शादी कर रहे थे।

**आग लगने की घटना में यह हुआ नुकसान :** आग लगने की इस घटना में तीनों घरों का सामान तो जला ही है साथ में शादी के लिए लाया गया फर्नीचर,शादी के कपड़े,करीब एक लाख से अधिक की नगदी 30 से 40 मन गेहूं एवं 6 चारपाई जलकर खाक हुई है।

# पहलगांव में पर्यटकों की आतंकी घटना में हताहत हुतात्माओं को दी श्रद्धांजली



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** शास्त्री पार्क भरतपुर में समता आन्दोलन की ओर से पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा चुन-चुन कर निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या की गई उसके लिए एक शोक सभा रखी गई। शोक सभा में आतंकियों व उनके शरणदाता की इस कायराना कृत्य के लिए समतावादियों ने कडे शब्दों में भर्त्सना व घोर निंदा की। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि आतंकी व उसके आका देश के लिए कहा कि उनकी निन्दा व भर्त्सना के लिए हमारे पास जितने कड़वे शब्द हैं वह कम हैं ।

साथ ही भारत सरकार से मांग करते हैं कि आंतकियों व उनके पालनहार को ऐसा सब सिखाया जाये कि उसकी पुश्तें याद रखें और कभी हमारे देश की ओर आँख ना उठा सके। हम सभी समतावादी लोग देश की हर परिस्थिति में देश की एकता अखण्डता सार्वभौमिकता मान सम्मान के लिए साथ हैं।इस दु:ख के समय ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के लिए गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं व ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हे धैर्य धारण करने शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष शैक्षिक प्रकोष्ठ ओमप्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, शहर अध्यक्ष सुनील कुमार बंसल ,ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, तहसील शेरसिंह, शहर सचिव मनीष कुमार गुप्ता, जिला सचिव दिलीप कुलश्रेष्ठ ,सहसचिव अशोक कुमार सारस, वार्ड अध्यक्ष बाल कृष्ण बंसल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राधेश्याम गुप्ता, कलुआ राम गुप्ता, सुरेश गर्ग, दुष्यंत पाराशर ,भगतसिंह सेवानिवृत्त, डी आर ए नेमीचंद शर्मा, सेवानिवृत्त व.अध्यापक वीरेन्द्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, मयंक कुमार दुबे ,जितेन्द्र सिंह छोंकर, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी प्रकाश चंद मुद्गल, महिपाल सिंह मलाह आदि सभी ने अपने अपने कठोरतम शब्दों में आंतकियों के कृत्य की घोर निन्दा की व शोक व्यक्त किया। उसके बाद दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मानसिक रूप से ईश्वर से प्रार्थना की। चेतन जोशी के अनुसार मनोचिकित्सा केन्द्र में कैंडल लाइट जलाकर श्रद्धानजली दी ।

# औषधि दुकानों पर अनियमितता पाए जाने पर लाइसेंस निलंबन की करें कार्यवाही-डीएम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला कलक्टर ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग के सहयोग से जिले में संचालित मेडिकल स्टोर पर संयुक्त कार्यवाही करें एवं निरीक्षण के दौरान दवा की दुकानों में अनियमितता पाए जाने पर मेडिकल स्टोर संचालक को नोटिस जारी करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता को जिले में नशा मुक्ति अभियान का संचालित करने के निर्देश दिए एवं नशा मुक्ति भवन निर्माण कार्य में गति प्रदान करते हुए शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नशा मुक्ति कार्ययोजना की रूपरेखा तैयार कर आमजन को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी आमजन को प्रदान करने के लिए निर्देशित दिया। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में अवैध चिकित्सालय संचालन करने वाले एवं झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें। सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में मृत्यु होने पर इसकी सूचना पुलिस को देने के लिए चिकित्सकों को पाबन्द किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में मादक पदार्थों के उपयोग एवं भण्डार को रोकने के लिए सभी विभाग परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए आमजन को मादक द्रव्यों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराए एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर संबंधित विभाग नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# ब्राह्मण महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बने वेदप्रकाश उपाध्याय

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** संभाग स्तरीय ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोगों की बैठक मेहंदीपुर बालाजी धाम पर संपन्न हुई, बैठक में समाज और संगठन से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के साथ समाज में व्याप्त कई कुरीतियों पर चिंतन हुआ, बैठक मे संभाग स्तर पर ब्राह्मण समाज के विकास और उत्थान के लिए, शोषित, पीड़ित एवं अंतिम छोर पर बैठे हुए ब्राह्मणों की आवाज को बुलंद करने के लिए सर्वसम्मति से नए संगठन ब्राह्मणद्बमहासंघ का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से वेद प्रकाश उपाध्याय बंटू नेता करौली को अध्यक्ष चुना गया। कार्य शैली का निर्धारण करते हुए ब्राह्मणद्बमहासंघ पूर्ण सक्रियता के साथ सवाई माधोपुर ,गंगापुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, एवं दौसा जिले में सामाजिक समरसता अपनाते हुए कार्य करेगा । ब्राह्मण समाज की आवाज बनकर हर परिस्थिति के लिए तैयार रहेगा।

# आर्यसमाज में हुआ आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** गुरुवार को आर्यसमाज मंदिर बयाना में आयोजित आध्यात्मिक सत्संग में महिला, पुरुषों व बालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सत्संग के प्रमुख वक्ता पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पधारे हुए स्वामी रामदेव के शिष्य स्वामी परमार्थ देव जी थे। कार्यक्रम का प्रारंभ पवित्र वैदिक अग्निहोत्र से किया गया। अग्निहोत्र के पश्चात भजनों की मधुर प्रस्तुति सुनयना आर्या व राधा आर्या के द्वारा दी गई। इसके पश्चात स्वामी परमार्थ देव जी ने अपने ओजस्वी व आध्यात्मिक प्रवचन से ऋषि-मुनियों जैसे जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार हम यात्रा करने के पश्चात ट्रेन,बस या प्लेन को अपने साथ घर लेकर नहीं जाते, क्योंकि हमने टिकट केवल यात्रा का लिया होता है।उसी प्रकार हमें इस जीवन में केवल जीवन यात्रा का ही टिकट मिलता है,इस दुनिया में प्राप्त संसाधनों का हमें त्याग पूर्वक भोग करना है, आसक्ति पूर्वक नहीं।अपने कर्तव्यों का श्रेष्ठता से पालन करते रहें, यही ऋषित्व जीवन है। पतंजलि के संस्थापक योगगुरु बाबा रामदेव वैदिक गुरुकुल से निकली वो विभूति हैं, जिन्होंने अपने पुरुषार्थ से ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त वेद विज्ञान को,योग को, आरोग्यता को सामान्य जन तक पहुंचा रहे हैं। स्वामी जी के उद्बोधन के पश्चात आर्यसमाज बयाना के प्रधान आचार्य रविशंकर आर्य ने स्वामी परमार्थ देव जी और उनके साथ पधारे हुए सभी अतिथि महानुभावों का धन्यवाद प्रकट किया। साथ ही आचार्य जी ने बताया कि स्वामी रामदेव जी का जीवन प्रेरक है स्वामी जी महाराज के अखण्ड प्रचण्ड पुरुषार्थ से मनुष्य प्रेरणा लेकर अपने जीवन को महान बना सकता है। आर्यसमाज बयाना की ओर से स्वामी परमार्थ देव जी व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के राज्य प्रभारी अरविंद पाण्डे , पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार आदि अन्य अतिथिगण का साहित्य, मंत्र पट्टिका एवं साफा देकर सम्मान किया गया।भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति द्वारा भी सभी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक कमल आर्य, गोविंद आर्य,दयानंद आर्य, आनंद आर्य, परमसुख आर्य, सुधा बंसल, शिक्षावती आर्या,शालू सिंघल,मधु आर्या,ऊषा गुप्ता, इन्द्रा आर्या, कमलेश आर्या,गीता आर्या आदि महानुभाव उपस्थित रहे।

# नगर पालिका बयाना ने पहले चरण में सौंदर्यीकरण का काम शुरू किया

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना नगर पालिका ने शहर के सौंदर्गीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। भरतपुर-हिंडौन स्टेट हाईवे पर स्थित डिवाइडर का कायाकल्प किया जा रहा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अंकुर जैन के अनुसार डिवाइडर की सफाई की गई है। लोहे की जालियों पर तिरंगे के रंग का पेंट किया जा रहा है। डिवाइडर की मरम्मत के साथ नए पौधे भी लगाए जाएंगे। यह सभी कार्य शहरी नरेगा योजना के अंतर्गत किए जा रहे हैं। इस पहल से शहर का वातावरण स्वच्छ और हरा-भरा बनेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस कदम का स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे शहर की सुंदरता बढ़ेगी और पर्यावरण को भी फायदा होगा। नगर पालिका ने पहले चरण में मुख्य स्टेट हाईवे से काम शुरू किया है। आगे चलकर अन्य प्रमुख सड़कों पर भी यही काम होगा।




जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने पुलिस अधिकारियों की ली क्राइम मीटिंग

# जिलों में अपराध नियंत्रण, सहायक मामलों की समीक्षा करते हुए अन्य मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिले में अभिलेख व्यवस्था एवं जिले में व्यवस्था एवं अधिक संशोधन करने के लिए पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने देर सायं के साक्ष्य सम्पादन कक्ष में अपराध समिति कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने क्राइम ब्रांच के सभी अधिकारियों को दिए निर्देश, सभी थानाधिकारियों को रात्रिकालीन स्मारकों पर विशेष रूप से स्कॉटलैंड के साथ-साथ क्षेत्र में घटनाओं को रोकने के लिए और अधिक ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में अवैध हथियार, अवैध शराब, मांसाहार के कारोबार और अवैध श्रमिकों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। हत्या के प्रयास और आतंकवादियों के मामलों की समीक्षा में हथियारबंद अपराधियों के निर्देश दिए गए हैं पुलिस अधीक्षक सहायकों द्वारा अन्य पदों के साथ-साथ कार्रवाई और तेज करने को बढ़ावा देने के लिए, सहायक सहायकों और अन्य सहयोगियों द्वारा शीघ्र ही निर्देश दिए गए हैं। प्रतिबंधित चम्बल बजरी सहित असामाजिक तत्वों को रोकने और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। गुमशुदा डायलॉग्स और बच्चों की दस्तयाबी के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए, पहले गेम गैंगस्टर्स हमलों के आदर्श सोशल मीडिया पर आदि पर एडवेंचर्स गेन या भड़काऊ पोस्ट या कमेंट करने वालों के खिलाफ विधि के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ कमल कुमार, वृताधिकारी, थानाधिकारी मौजूद रहे।

# मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर आज विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ तीन दिवसीय भव्य धार्मिक मेले का शुभारंभ

## रंगमंच पर विशाल भजन संध्या एवं कल सुपर स्टार कलाकारा राणी रंगीली एंड पार्टी का कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर शनिवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ तीन दिवसीय भव्य धार्मिक मेले का शुभारंभ होगा।साथ ही मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों हेतु माकूल व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। जानकारी अनुसार जिला चितौड़गढ़ के उपखंड क्षैत्र कपासन में स्थित मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर वैशाखी अमावस्या के अवसर पर यज्ञ-हवन एवं विधि-विधान के साथ तीन दिवसीय भव्य धार्मिक मेले का शुभारंभ किया जायेगा।उक्त तीन दिवसीय मेले का 26 अप्रैल शनिवार से 28 अप्रैल सोमवार तक आयोजन किया जायेगा।जिसमे कपासन क्षैत्र के शहरी एवं ग्रामीण अंचल सहित समीपवर्ती प्रदेश क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्री शनिदेव के भक्त एवं श्रद्धालुओं का आगमन होगा। श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया कि उक्त तीन दिवसीय धार्मिक मेले में आगंतुक श्रद्धालुओ एवं मेलार्थियों हेतु गर्मी के मद्देनजर छाया पानी की माकूल व्यवस्था सहित श्री शनिदेव के दर्शनों हेतु कतार मे लगने वाले भक्तों को गर्मी से राहत के लिए फव्वारों से पानी छिड़काव की व्यवस्था की गयी है।मेला ग्राउंड में मेलार्थियों हेतु विभिन्न अस्थाई प्रतिष्ठान लगेंगे।जहां मेलार्थी खरीददारी कर सकेंगे।पार्किंग व्यवस्था के सुदृढ़ इंतजाम किये गये है।जिससे जाम जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़े।साथ ही मेले को लेकर श्री शनिदेव मंदिर परिसर एवं मार्ग आकर्षक एवं रंगबिरंगी विद्युत साज-सज्जा से सजकर तैयार है।जो भक्तों एवं श्रद्धालुओं में आकर्षण का केंद्र है। यहां तीन दिवसीय मेले के रंगमंच पर मेलार्थियों हेतु कलाकारों द्वारा आकर्षक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।

जिसका क्षेत्रीय श्रद्धालुओं एवं आमजन द्वारा आनंद उठाया जायेगा।जिसके अंतर्गत आज 26 अप्रैल शनिवार रात्रि श्री शनिमहाराज आली के तीन दिवसीय मेले के प्रथम दिवस मेले के रंगमंच पर आकृति मिश्रा एंड पार्टी नवलगढ़ द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।जिसमे नृत्यांगना काजल मेहरा एवं कृष्णा भीलवाड़ा,हास्य कलाकार दिनेश छेला,भजन गायककार भैरूलाल जाट एवं गायककार भावेश कुमार द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।साथ ही रविवार 27 अप्रैल 2025 सुपर स्टार कलाकारा राणी रंगीली एंड पार्टी द्वारा रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।जिसमे नृत्यकारा हंसा रंगीली,राखी रंगीली,डांसर रवीना, मुस्कान,भारती तथा हास्य कलाकार रमेश कुमार द्वारा मेलार्थियों का मनोरंजन किया जायेगा।सोमवार 28 अप्रैल 2025 को मेले के रंगमंच पर तुर्रा कलंगी दंगल कार्यक्रम प्रस्तुत होगा।जिसमे आर्गेनाइजर ओंकारदास वैष्णव पंचदेवरा की अगुवाई में उस्मान घोसुंडा,भगवतीलाल चिकारड़ा,दुर्गेश लालपुरा,लादू सेन बरडोद,धीरज बीनोता,सत्तू चिकारड़ा,लोकेश गरदाना द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुति दी जायेगी। इधर शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी के मंत्री छगनलाल गुर्जर ने बताया कि मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर आयोजित मेले में दूरदराज एवं समीपवर्ती प्रदेश क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओ एवं मेलार्थियों का आवागमन रहता है।जिसके तहत मेले में माकूल व्यवस्थाओं को लेकर श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह चौहान,उपाध्यक्ष मादुलाल जाट,मंत्री छगनलाल गुर्जर संरक्षक पवन कुमार सांखला,कोषाध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा, उपाध्यक्ष रूपलाल गाडरी,उपमंत्री गोपाललाल सुथार,महामंत्री कालूराम कुम्हार,सलाहकार सदस्य रामेश्वरलाल सुथार, प्रकाशचंद्र जाट,शैलेन्द्र कुमार शर्मा,रतनलाल गाडरी, भैरूलाल लोढ़ा,टीलूदास साधु,भैरूलाल जाट,सदस्य कालूलाल किर,मदन सिंह राणावत,गेहरीलाल गाडरी,देवी सिंह चारण,रामचंद्र किर,भैरूलाल लोहार,सत्यनारायण जाट आदि कार्यकर्ताओं द्वारा मेले की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा रहे हैं।



# श्रीनगर माहेश्वरी सभा की मिटिंग महेश छात्रावास मे हुई आयोजित

### महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत मुख्य प्रभारी एवं समितियों का किया गठन, मुख्य संयोजक राधेश्याम सोमाणी (मरूधरा), सह संयोजक बने सुरेश बिड़ला व केजी राठी

बढ़ता राजस्थान।

**भीलवाड़ा। (अमित शर्मा)** श्रीनगर माहेश्वरी सभा द्वारा आगामी महेश नवमीं पर्व को हर्षोउल्लास से मनाने के लिए नगर अध्यक्ष केदार गगरानी ने नेतृत्व में मिटिंग महेश छात्रावास मे आयोजित की गई। जिसमे मुख्य प्रभारी एवं समितियों का गठन किया। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की मिटिंग का शुभारम्भ प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, राष्टीय कार्यसमिति सदस्य जगदीश कोगटा, प्रदेश संगठन मंत्री ओम प्रकाश गटयानी, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, महेश सेवा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश नरानीवाल, सचिव राजेन्द्र कचोलिया, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, नगर महिला मंडल अध्यक्षा सुमन सोनी, युवा नगर अध्यक्ष अर्चित मूंदडा ने भगवान महेश के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही मिटिंग के दौरान महेश नवमी महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने के संबंध में समाजजनो ने अपने अपने विचार रखें। बैठक के दौरान महेश नवमी महोत्सव समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य संयोजक राधेश्याम सोमाणी (मरूधरा), सह संयोजक सुरेश बिड़ला व केजी राठी को बनाया गया। इसके साथ ही समन्वय समिति में राधेश्याम चेचाणी, कैलाशचन्द्र कोठारी, अनिल कुमार बांगड़, जगदीश प्रसाद कोगटा, अशोक बाहेती, सुरेशचन्द्र कचौलिया, सत्येन्द्र बिड़ला, राजेन्द्र कचौलिया, रमेश राठी, देवेन्द कुमार सोमानी, वित्त समिति मे मुख्य प्रभारी केदारमल जागेटिया, श्री सत्यनारायण मून्दड़ा, प्रशासनिक समिति मे मुख्य प्रभारी रमेशचन्द्र राठी, अभिजीत सारडा, प्रचार प्रसार समिति में मुख्य प्रभारी पंकज पोरवाल, कार्यालय समिति में मुख्य प्रभारी सुरेश आगाल, सुरेशचन्द्र पोरवाल, कूपन वितरण समिति में मुख्य प्रभारी गोपाललाल नराणीवाल, महाअभिषेक समिति में मुख्य प्रभारी गोपाल लाल जागेटिया एवं समस्त युवा संगठन क्षैत्रिय सभा अध्यक्ष मंत्री, छप्पन भोग समिति मे मुख्य प्रभारी सत्यनारायण डाड, संजय डाड, शोभायात्रा समिति मे मुख्य प्रभारी सुभाष बाहेती, लाकेश आगाल, मुकेश चेचानी, महावीर समदानी, अर्चित मून्दडा, अंकित लखोटिया, मेला समिति मे संयोजक अभिजीत सारडा, मुख्य प्रभारी डॉ सुमन सोनी, श्रीमती सोनल माहेश्वरी, गोपाल नराणीवाल, अरविन्द कोठारी एवं सांगानेर युवा संगठन को बनाया गया। अंत में आभार मंत्री संजय जागेटिया द्वारा ज्ञापित किया गया। इस अवसर रमेश राठी, प्रदीप बल्दवा, सुशील मरोटिया, रामकिशन सोनी, सुरेश कचोलिया, सत्यनारायण मुन्दडा, दिलिप तोषणीवाल, अभिजीत सारडा, प्रहलाद नुवाल, प्रमोद डाड, विनय माहेश्वरी, राजेश कोठारी, राजेन्द्र बिरला, मनोहरलाल अजमेरा, भारती बाहेती, सोनल माहेश्वरी, अंकित लाखोटिया सहित विभिन्न क्षेत्रीय सभाओ के अध्यक्ष व मंत्री सहित कई महिला व युवा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुवे आतंकी हमले को लेकर कपासन में सर्व सनातन समाज का फूटा गुस्सा

### प्रतिष्ठान बंद रख राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप सख्त कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** पहलगाम में हुवे आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को नगर क्षेत्र में सर्व सनातन समाज द्वारा आक्रोश रैली निकालकर आतंक के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी अनुसार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुवे आतंकी हमले के विरोध में सर्व सनातन समाज के तत्वावधान में नारेबाजी के साथ नगर कपासन के मुख्य मार्गो से रैली निकालकर आक्रोश व्यक्त किया गया।इस दौरान नगर क्षेत्र के समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान 11 बजे तक शांतिपूर्ण एवं स्वैच्छिक बंद रहे। उक्त आक्रोश रैली नगर के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहा पहुंचकर संपन्न हुई।जहां संतों एवं गणमान्यजनों द्वारा जम्मू कश्मीर पहलगाम में आतंकियों द्वारा कायराना हमला कर निर्दोष लोगों को मारा गया।उक्त घटना की घोर निंदा के साथ आतंक पर ठोस एवं कठोर कार्यवाही को लेकर सर्व सनातन समाज द्वारा आवाज बुलंद की गयी।साथ ही हमले में शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बजरंगदल जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा ने बताया कि नगर के पांच बत्ती चौराहे पर रैली एवं वक्ताओं के संबोधन उपरांत अनुजदास महाराज मूंगाना आश्रम के संयोजन में सर्व सनातन समाज एवं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंगदल,दुर्गावाहिनी प्रखंड द्वारा उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।उक्त ज्ञापन के माध्यम से सर्व सनातन समाज द्वारा पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों की निर्मम हत्या करने वाले पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की गयी है।इस दौरान विभिन्न विहिप संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता,व्यापारी एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा।

# झालावाड़ जिले के चौमहला गंगधार रहा पूर्णतया बंद



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला गंगधार रहा पूर्णतया बंद रहा। डग कस्बे में एक युवक की हत्या व पहलगाव में आतंकी हमले में मारे गए हिन्दू लोगों की हत्या के विरोध में शुक्रवार को चौमहला गंगधार मल्हारगंज कस्बे पूर्णतया बंद रहे शाम 4.30 बजे आक्रोश रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। जम्मू कश्मीर में पर्यटकों की हत्या व डग कस्बे में फोटोग्राफर युवक की हत्या के विरोध में चौमहला व गंगधार, मल्हारगंज कस्बा शुक्रवार को बंद रहा। पर्यटकों की हत्या को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने शुक्रवार को बंद का आव्हान किया था व दिन में ज्ञापन देने के बाद बाजार खुलने थे।पर गुरुवार शाम को समीपी डग कस्बे में फोटोग्राफर युवक शम्भू सिंह की गोली मारकर हत्या करने से कस्बे सहित क्षेत्र में आक्रोश बढ़ गया। इससे व्यापार संघ ने दिनभर बाजार बंद रखने का सोशल मीडिया पर मेसेज जारी किया जिससे बाजार दिन भर बंद रहे। शाम 4.30 बजे कस्बे के मुख्य चौराहे झंडा चौक से आक्रोश रैली निकाली जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर उपखंड कार्यालय पंहुची। जंहा ज्ञापन देकर डग घटना के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की गई। तथा नगर के मुख्य झंडा चौक पर आतंकवाद का पुतला जलाया गया। आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं व्यापारी उपस्थित रहे। इस दौरान दिन भर कस्बे में पुलिस जाप्ता तैनात रहा व रैली के नगर भ्रमण में जय प्रकाश अटल, थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी, उन्हेल थाना प्रभारी राम करन कटारिया व विशेष जाप्ता साथ रहा।

**चौमहला का मेला स्थगित :** चौमहला कस्बे में चल रहा मेला रामनवमी को स्थगित कर दिया गया। उपखण्ड अधिकारी गंगधार छत्रपाल चौधरी ने डग घटना से क्षेत्र में चल रहे तनाव को देखते हुए अग्रिम आदेश तक मेले को स्थगित करने का आदेश जारी किया है।

गुरुवार रात्रि को डग घटना के बाद मेले में एक छुटपुट घटना हो गई थी मेले में मौजूद समझदार लोगो व पुलिस ने इस घटना को तुरंत कंट्रोल कर लिया व माहौल को शांत कर लिया था।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं सर्व हिंदू समाज ने दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** कश्मीर में हुई आतंकवादी घटना लेकर अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बंजरग दल के कार्यकर्तावो व सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम स्थानीय तहसीलदार को सोपा ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया की जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हिंदू पर्यटकों की धार्मिक पहचान पूछ कर की गई हत्या से हिंदुओं समाज में आक्रोश एवं गुस्सा होना जायज है विश्व हिंदू परिषद पूर्व जिला मंत्री निर्मल दुआ ने कहा कि भारत में हिंदुओं की सरकार होने के बाद भी आज हिंदू सुरक्षित नहीं है हिंदुओं को हर जगह टारगेट किया जा रहा है और उनके नाम जाति पूछ कर कभी भी कहीं पर भी हिंदुओं को मौत के घाट उतार दिया जाता है इसकी राष्ट्रीय बजरंग दल घौर निंदा करता है एवं भारत सरकार से मांग करता है हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर जल्दी से जल्दी संज्ञान लिया जाए और दोषियों को ढूंढ कर मौत के घाट उतार दिया जाए एवं इसमें सहयोग करने वाले सभी लोगों को आजीवन कारवास की सजा सुनाई दी जाए और उनकी नागरिकता को समाप्त की जाए। विश्व हिन्दू परिषद के पुर्व जिला कोषाध्यक्ष व अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के जिला अध्यक्ष सुरेश मोमिया ने बताया भारत सरकार को इस घिनोनी व कायरना हरकत करने आतंकवादीयो व सहयोग करने पर ऐसी कार्यवाही करनी चाहिए की भविष्य में घटना की पुनरावृत्ति ना हो तथा जम्मू कश्मीर में मरने वाले सभी हिंदुओं के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी पचास लाख रुपए मुआवजा दिया जाना चाहिए भारत सरकार के साथ इस समय सारा देश खड़ा है भारत सरकार जो भी कदम उठाएगी उसका पूरा देश समर्थन करेगा। ज्ञापन देने वालों में।

राष्ट्रीय बजरंग दल चित्तौड़ प्रांत अखाड़ा प्रमुख अजीत ठाकुर राष्ट्रीय छात्र परिषद बारा विभाग अध्यक्ष अमन तिवारी राष्ट्रीय छात्र परिषद विभाग सहमन्त्री अमन ठाकुर राष्ट्रीय बजरंग दल झालावाड़ उपाध्यक्ष राजू दांगी राष्ट्रीय छात्र परिषद जिलाप्रभारी कुशल खत्री जिला उपाध्यक्ष कृष्णा सोनी राष्ट्रीय छात्र परिषद जिला महामंत्री श्रेयांश प्रजापति अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद तहसील अध्यक्ष मिश्रीलाल राठौर राष्ट्रीय बजरंग दल झालरापाटन तहसील अध्यक्ष अरविंद दावहा तहसील व्यायाम शाला प्रमुख मांगीलाल वर्मा अर्जुन जी कसारा शालू अक्षय आदी मोजूद थे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता की अलख

### जिले में मलेरिया उन्मूलन को लेकर चला जनअभियान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले में मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों के उन्मूलन के लिए विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों के माध्यम से आमजन को इन बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि इस वर्ष की थीम 'मलेरिया का अंत: पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' है, जो मलेरिया उन्मूलन हेतु साझा प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इसी दृष्टि से जिले में अन्तर्विभागीय समन्वय से स्कूली बच्चों, ग्रामीण व शहरी समुदायों के बीच आईईसी प्रदर्शन, ऑडियो-वीडियो संदेशों एवं लार्वा प्रदर्शनों के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्थलों पर लार्वा प्रदर्शन कर मलेरिया व डेंगू के फैलाव की जानकारी दी गई। विभागीय कार्मिकों ने फील्ड में जाकर एंटी-लार्वल गतिविधियां, स्रोत नियंत्रण जैसी क्रियाओं का प्रदर्शन किया। आमजन ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और हाथों में आईईसी सामग्री लेकर बीमारियों से बचाव का संदेश दिया। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि राज्य में 1 अप्रैल से मलेरिया क्रैश प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत एंटी-लार्वा क्रियाएं, सोर्स रिडक्शन, फॉगिंग जैसे प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग का लक्ष्य है कि नवाचार, तकनीकी संसाधनों और जनभागीदारी के साथ मलेरिया का जड़ से उन्मूलन किया जाए और प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ जीवन प्रदान किया जा सके।

### जिले में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन

# सीएमएचओ डॉ सामर ने पोस्टर का किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

बूँदी (अनन्त दाधीच)। जिले में विश्व मलेरिया दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले में कई जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डा ओ पी सामर ने स्वाथ्य भवन मे पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर एंटी लार्वा गतिविधियों के साथ पंपलेट वितरण किया गया। साथ ही इस दौरान बुखार के रोगियों की ब्लड स्लाइड एकत्र की गई। साथ ही लार्वा प्रदर्शन कर आमजन को मच्छरों की उत्पति के बारे में बताया गया। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ.कमलेश शर्मा ने बताया कि मलेरिया दिवस के तहत निदेशालय के निर्देशानुसार गतिविधियां आयोजित करने के लिए सभी बीसीएमओ और चिकित्सा अधिकारियों को पूर्व में निर्देशित कर दिया गया था। विभिन्न गतिविधियों के अलावा चिकित्सा संस्थान पर आने वाले रोगियों और उनके परिजनों को स्टाफ द्वारा मौसमी बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया।

# सीएमएचओ डॉ. सामर ने पी एचसी बरुधन में गर्मी से संबंधित की गई व्यवस्थाओं को जांचा-परखा

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी (अनन्त दाधीच)।** जिले में गर्मी एवं लू बढने के साथ ही चिकित्सा संस्थानों को समस्त व्यवस्थाओं एवं इन्ताजामात् करने के निर्देश राज्य एवं जिला स्तर से जारी किए हुए हैं। इसी व्यवस्थाओं के निरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार 25 अप्रेल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने पीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचसी में वार्ड व बैड्स की व्यवस्था, कूलर, पंखे, एसी, विभिन्न स्थानों पर मरीजों व आमजन के लिए की गई पानी की व्यवस्था एवं पी एचसी में उपलब्ध दवाइयों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ.ओ पी सामर ने बताया गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्थाओं को जांचा-परखा जा रहा है। इसी क्रम में आज पी एचसी बरुधन द्वारा गर्मी के मौसम में मरीजों एवं आमजन के लिए की रही व्यवस्थाओं की जांच की गई। डॉ सामर द्वारा पीएचसी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण अभियान के तहत सर्वप्रथम गर्मी के मरीजों के रिजर्व वार्ड का निरीक्षण किया गया। कार्मिकों को वार्ड की नियमित साफ-सफाई रखने के लिए पाबंद किया गया। पीएचसी में सभी पंखों एवं एसी की नियमित जांच, वार्ड में



लगे कूलरों में दिन में दो या तीन बार पानी बदलने के निर्देश दिए। वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को हीट वेव से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान दवाइयों की जानकारी, ओपीडी विंग, आईपीडी विंग, डीडीसी, दैनिक रिपोर्टिंग, मटकों-कैम्पर एवं वाटर कूलर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। स्टाफ को अलर्ट मोड पर एवं ड्रेस में रहने के लिए पाबंद किया गया। स्टाफ को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में विभाग द्वारा किसी को भी छुट्टियां नहीं दी जाएंगी इस लिए सब मुख्यालय पर रहे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री निशुल्क जाँच एवं दवा योजना जानकारी ली गई। डॉ. सामर ने वार्ड में उपचाराधीन मरीजों से बात की और मिल रहे उपचार के लिए बारे में जानकारी ली।

# श्री मुरलीधर रामायण मंडल ने तुर्कियाकलां ग्राम में सुंदरकांड के संगीतमयी पाठ का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** श्री मुरलीधर रामायण मण्डल सिंहपुर द्वारा क्षेत्र के तुर्कियाकलां ग्राम में रामचरितमानस के पंचम सोपान सुन्दरकाण्ड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र कपासन के तुर्कियाकलां ग्राम के रावला महल में नवीन गृह प्रवेश कार्यक्रम में श्री मुरलीधर रामायन मण्डल सिंहपुर द्वारा श्री रामचरित मानस के पंचम सोपान श्री सुन्दरकाण्ड का संमीतमय वाचन किया गया।जिसका शुभारंभ पं. कैलाशचन्द्र गर्ग द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।कार्यक्रम में कैलाश गर्ग,कमलेश गर्ग,गुलाबचंद सोनी,शंकर सिंह राणावत द्वारा संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के दौरान विभिन्न मनमोहक भजनों को प्रस्तुत किया गया।जिस पर भक्तगण झूम उठे।इस दौरान ढोलक वादक किशनलाल सोमवालों का खेडा एवं ऑर्गनवादक शंकरलाल रेवलियाखुर्द का सहयोग रहा।



## सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ केंडल मार्च निकाल कर विरोध जताया

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। मेहंदीपुर बालाजी के सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ केंडल मार्च निकाल कर विरोध जताया। लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और हत्यारों को फांसी देने के नारे लगाए।।लोगों का कहना था कि यह हमला हमारी आत्मा पर हुआ है। जिसकी गहरी चोट हमारे जहन में हमेशा रहेगी। लोगों ने आतंकियों को पकड़कर फांसी देने की मांग करते हुए कहा कि जब तक आतंकियों को इस तरह के हमलो का मुहंतोड़ जवाब नही दिया जाएगा, तब तक आतंकियों को सबक नही मिलेगा। सर्व समाज के लोगों ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए कहा कि आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। केंडल मार्च निकालने के बाद सर्व समाज के लोगों ने उदयपुरा तिराहे पर एकत्रित होकर दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी।इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जैव विविधता के संरक्षण से ही मानव का भविष्य सुरक्षित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बें में संचालित पीएमश्री राजकीय नंदलाल जोशी उमावि में प्रगति प्रेमी पर्यावरण को लेकर पेड़-पौधे लगाने तथा पक्षियों के लिए परिंदे और दाना चुग बनाने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर ईको क्लब लाईफ मिशन अभियान के तहत भामाशाह एवं मुंबई निवासी प्रवासी रोहित ठकरार ने राउमावि मोही, राप्रावि भील बस्ती नाडी, राउमावि पीपली ओडियान में दाना फीडर, पानी के परिंडे एवं गौरैया के घरों का वितरण विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को किया गया। भामाशाह प्रेरक अध्यापक कृष्ण गोपाल गुर्जर ने बताया कि गुरुवार को अभियान के तहत 522 की संख्या में दाना फिडर, पानी के परिंडे व गौरेया के घरों का वितरण क्षेत्र के विद्यालयों में किया गया। इस अवसर विद्यार्थियों और विद्यालयों के कार्मिकों ने छायादार पेड़ों की शाखाओं पर परिंडे बांधे व गौरेंया के घर स्थापित किए। विद्यार्थियों ने उत्साह व रुचि दिखाते हुए अपने घरों व खेतों में परिण्डे व गौरेया के घर स्थापित किए व दाना फीडर लगाएं। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल गुर्जर ने बताया कि भयंकर गर्मी के समय में हम सब के इस छोटे से प्रयास से हजारों पक्षियों में संरक्षण मिलेगा। इस अवसर पर मोही विद्यालय संस्था प्रधान उमेश शर्मा, पीपली डोडियान विद्यालय संस्था प्रधान मुकेश कुमार व भील बस्ती नाडी संस्था प्रधान बाबुलाल सालवी ने भामाशाह और भामाशाह प्रेरक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री महेंद्र कुमार ढाबी ने महिला सुधार गृह का किया गया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री महेन्द्र कुमार ढ़ाबी द्वारा शुक्रवार को महिला सुधार गृह अजमेर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा विजिटर्स कमरे की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की सफाई, रसोई की सफाई व्यवस्था, पीने के साफ पानी की व्यवस्था, शौचालयों, स्नानागारों की सफाई एवं रखरखाव एवं सीवरेज सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। वर्तमान में कारागृह में कुल 44 महिला बंदी मौजूद हैं। निरीक्षण के दौरान विधि महाविद्यालय के इन्टर्न भी उपस्थित रहे।

## पुलिस के जवानों ने शहर में मार्च फास्ट किया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर सरवाड़-( इक़बाल अहमद )।** अजमेर जिले की सरवाड़ पुलिस के जवानों ने सरवाड़ शहर में मार्च फ़ास्ट निकाला। मार्च फस्ट निकाल कर लोगो कानून व्यवस्था के प्रति किया जागरूक। कांस्टेबल राज किरण ने बताया कि सरवाड़ कस्बे में कानून व्यवस्था के दृष्टिगत को देखते हुए पुलिस थाना सरवाड़ व आरएसी के जवानों द्वारा सरवाड़ शहर के सदर बाजार, दरगाह बाजार,सापला गेट, बस स्टैंड,चमन चौराहा, भीड़भाड़ वाले स्थान ओर संवेदनशील क्षेत्र में रूट मार्च किया गया।ताकि शहर में शान्ति ओर कानून व्यवस्था बनी रहे।

# पर्यटकों पर हुए हमले को लेकर आतंकवाद के विरुद्ध आक्रोश, सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है। इसे लेकर देवली में भी विरोध प्रदर्शन किया गया है। व्यापारिक संगठनों, हिंदू संगठनों एवं राजनीतिक संगठनों ने शहर में आक्रोश रैली निकाली और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। यह रेली देवली शहर की बंगाली कॉलोनी से शुरू हुई जो ममता सर्कल,सदर बाजार, छतरी चौराहा, मुख्य बाजार, बस स्टैंड से होती हुई उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंची। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ओर पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकवादी हमला करना कायराना हरकत है। निर्दोष आम नागरिकों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ है। पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। इस दौरान मौजूद लोगों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय में ही 2 मिनट का मौन रखकर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इससे पूर्व बुधवार की शाम को देवली शहर के समीप स्थित बोरडा गणेश मंदिर में बनास आरती के दौरान लोगों ने मिनट का मौन रखकर आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।म इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं के सुने अभाव अभियोग



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर में राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने आज अजमेर भाजपा कार्यालय में जन सुनवाई कर आमजन की विभिन्न समस्याएं और अभाव-अभियोग संवेदनापूर्वक सुने। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखें और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। मंत्री ने यह भी कहा कि जन सुनवाई जैसे कार्यक्रम सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं, जिससे आमजन को अपनी बात सीधे शासन तक पहुँचाने का अवसर मिलता है। रावत ने जन सुनवाई के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण और सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है, और जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बीसलपुर बांध मछली ठेकेदार के कर्मचारियों पर मछली चोरों नें किया हमला

### मछली चोरों के हमले से ठेकेदार के कर्मचारी हुए घायल

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** शुक्रवार को यहां उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध में मत्स्य ठेकेदार आर आर फीचरिंग कंपनी के कर्मचारियों पर मछली चोरी करने वाले चोरों ने हमला कर राजेश मीणा कर्मचारी को घायल कर दिया है। इस पर बीसलपुर बांध के मत्स्य ठेका कंपनी के डायरेक्टर ओवैस कुरैशी ने इस मामले में देवली थाना पुलिस में रिपोर्ट दी है। और पुलिस को बताया कि आर आर फिशरिंग कंपनी ने बीसलपुर बांध से मछलियां पकड़ने का ठेका मत्स्य विभाग से जारी करवाया हुआ है। इस पर कंपनी के कर्मचारी बीसलपुर बांध में मछली चोरी को रोकने के लिए समय-समय पर ग्रस्त करते रहते हैं। इसी के बीच शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे कंपनी के कर्मचारी बीसलपुर बांध मैं प्रतिदिन की भांति ग्रस्त कर रहे थे तभी कर्मचारियों ने देखा कि फिरोज खान पुत्र बिंदु खान जावेद खान पुत्र मौलवी खान निवासी कुंदेड़ा सीता रामपुर और उसके दो तीन अन्य साथी नाव लेकर बीसलपुर बांध से अवैध तौर पर मछलियों का शिकार कर रहे थे। इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने उन्हें मछली चोरी करने से रोका लेकिन वह नहीं माने और नाव लेकर किनारे की ओर भाग निकले तभी कंपनी के कर्मचारी राजेश मीणा ने उन्हें पकड़ने के लिए पीछा किया इस दौरान मछली चोर फिरोज और उसके साथीयों ने कंपनी के कर्मचारी राजेश मीणा पर कातिलाना हमला कर दिया। इस हमले में राजेश मीणा बुरी तरह घायल हो गए । फिरोज जावेद और उसके दो-तीन साथियों ने राजेश मीणा पर कुल्हाड़ी लकड़ी सरीयों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गए । ओवैस कुरैशी ने हमलावरों आरोप लगाया कि हमलावरो के इस हमले से राजेश मीणा के सिर हाथ पांव और शरीर पर गंभीर चोट पहुंची है। कंपनी के अन्य कर्मचारी घायल राजेश को चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां उसका उपचार कराया कंपनी के डायरेक्टर ओवैस कुरैशी ने पुलिस को यह भी बताया कि हमलावरों ने राजेश मीणा पर कुल्हाड़ी लड़कियां से वार किया और राजेश मीणा को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस पर कंपनी के डायरेक्टर ओवैस कुरैशी ने पुलिस में रिपोर्ट देते हुए हमलावरों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# मुस्लिम समाज शाहपुरा ने आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को पेश की खिराजे अकीदत

बढता राजस्थान




**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा में आम मुस्लिम समाज द्वारा जुम्मे की नमाज़ के बाद फुलिया गेट चौराहे पर, पहलगाम में हुई आतंकी घटना और पाकिस्तान के विरोध में नारेबाजी की गई और भारत सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की गई कि अतिशीघ्र पाकिस्तान पर न सिर्फ हमला बल्कि परमाणु हमला किया जाए और पाकिस्तान का अस्तित्व दुनिया के नक्शे से मिटा दिया जाए, किसी भी भारतीय मुसलमानों को किसी भी आतंकवादी अथवा आतंकवाद में लिप्त मुल्क से कोई हमदर्दी नही है, अगर ये षड्यंत्र भारतीय लोगों के खिलाफ है तो वो षड्यंत्रकारी हम भारतीय मुसलमानों का पहला दुश्मन है। स्थानीय मुस्लिमों ने भारतीय मीडिया पर भी सवाल उठाए की मीडिया अपनी ञञञ्ञ बढ़ाने के चक्कर मे इस गंभीर मुद्दे में भी हिन्दू मुस्लिम एंगल ढूंढ रहा है, स्थानीय वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष हमीद खान कायमखानी ने कहा कि इस प्रकार के आतंकवादी हमले का कोई भी भारतीय मुस्लिम समर्थन नहीं करता है, ना हमें हमारा इस्लाम ऐसी शिक्षा देता है, ना कुरान इस्लाम और ये गोदी मीडिया मुसलमान, इस्लाम व कुरान के विरुद्ध भ्रामक प्रचार कर रही है, उन्होंने कहा कि इस्लाम में तो बेवजह पानी बहाना भी हराम है, तो कोई मुसलमान कैसे किसी का खून बहा सकता है, आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता है उन्होंने यह भी कहा कि हम पहलगाम के उन सभी कश्मीरी भाइयों का खैर मखदम करते हैं जिन्होंने इस विकट परिस्थिति में फंसे सैलानियों की हर प्रकार से मदद कर उन्हें अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचाया उन्हें भोजन, संरक्षण व सहारा व अपनापन दिया । इस मौके पर स्थानीय मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमे मानवाधिकार कार्यकर्ता शब्बीर आज़ाद, पार्षद इशाक खान, रफीक खान, हमीद खान (कोटास्टोन), हाजी चांद मोहम्मद खान, फिरोज खान, सुलेमान खान, रहमान खान, शौकत खान, उस्मान गनी सिलावट, नजीर मोहम्मद शेख, सहित सैकड़ो की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# भीलवाड़ा जिला कलेक्टर ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

### पेयजल बिजली आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं परिवादो के निस्तारण हेतु दिए निर्देश

बढता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** भीलवाड़ा के बिजौलिया में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु ने गुरुवार को बिजौलिया पंचायत समिति सभागार का दौरा किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया। स्थानीय बाशिंदों के द्वारा कस्बे में अन्नपूर्णा रसोई शुरू करने, कचरा प्रबंधन और खेल मैदान की पुरजोर मांग की गई। इस दौरान कलेक्टर के द्वारा गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिया गए। कृषि क्षेत्र में 2025 के लक्ष्यों की समीक्षा की गई। पशुपालन में विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री पशु योजना, खरीद अनुदान और फार्म पोंड की प्रोग्रेस देखी। कलेक्टर ने 48 परिवादो की जनसुनवाई कर संबधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। पंचायत स्तर पर प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित करने के आदेश दिए गए। शिक्षा के क्षेत्र में मिड डे मील, बाल गोपाल योजना और गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

नंदी शाला के लिए जमीन, पशु हेल्पलाइन और कम्युनिटी कैटल शेड की व्यवस्था पर चर्चा की। चिकित्सालय में लू से बचाव के उपाय एवं नरेगा साइट पर मजदूरों के लिए ओआरएस किट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए। तेजाजी चौक स्थित सरकारी स्कूल की जर्जर इमारत के पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति का मुद्दा उठाया गया। साथ ही भील की बस्ती में स्कूल, जन्म प्रमाण पत्र एवं पेयजल की समस्या पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए।

जिला कलेक्टर के द्वारा उपखंड अधिकारी को कच्ची बस्ती का दौरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। वहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग को स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए गए।

### जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में लिया भाग

# कहा- धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले की धार्मिक पुष्कर में राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने धार्मिक पवित्र नगरी पुष्कर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भाग लिया। यह आध्यात्मिक आयोजन गंगा देवी धर्मावत एवं उनके परिवार द्वारा पाराशर ट्रस्ट के पास स्थित धर्मावत फार्म हाउस में आयोजित की जा रही हैं।

कार्यक्रम में वृंदावन से पधारे प्रख्यात भागवताचार्य पंडित पवन कुमार शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसापान कराया गया। मंत्री श्री रावत ने भी कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया और आयोजनकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर श्री रावत ने कहा कि श्रीमद भागवत जैसी पवित्र कथाएं समाज को आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी देती हैं। ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना, भाईचारा एवं सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। मुझे यहां आकर अत्यंत शांति और संतोष की अनुभूति हुई।

उन्होंने भागवताचार्य पंडित पवन कुमार शास्त्री के आध्यात्मिक ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि उनके मुखारविंद से कथा सुनकर आत्मा तृप्त होती है और मन को अलौकिक शांति का अनुभव होता है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, संत-महात्माओं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन का समापन पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया।

# राजसमंद के कुंभलगढ़ के तलादरी गांव की भील बस्ती में भीषण आग, एक बैल और कई झोपड़ियाँ जलकर हुई राख

### केलवाड़ा थाना पुलिस आग लगने के कारणों का लगा रही पता

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( नि.स. )।** राजसमंद के केलवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तलादरी ग्राम पंचायत स्थित बांडी भील बस्ती में देर रात अचानक आग लग गई। इस भीषण अग्निकांड में तीन घास की झोपड़ियाँ, एक बैल, तीन कचरे की रोडियां और एक कच्चा मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। गनीमत यह रही कि आग की चपेट में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी बस्ती धुएं और आग की लपटों में घिर गई। अफरा-तफरी के माहौल में ग्रामीणों ने जान बचाकर भागते हुए फौरन केलवाड़ा थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से आग को और फैलने से रोक लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।प्रथम दृष्टया आग लगने के कारणों का अभी तक कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है।

## पहलगाम हादसे पर आतंकवाद के विरुद्ध मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांध कर दिया ज्ञापन

### मुस्लिम समाज ने कहा हिंसक घटनाओं का इस्लाम धर्म से कोई संबंध नहीं

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हरकत की मुस्लिम समाज ने कठोर निन्दा करते हाथों में काली पट्टी बांध अंजुमन कमेटी सदर नज़ीर सरवरी के नेतृत्व में राष्ट्रपति के जहाजपुर उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि आतंकवादी हमले का मुस्लिम समाज पुरजोर शब्दों में कठोर निन्दा करता है। आतंकवादियों की इस कायराना हरकत से देशवासी स्तब्ध और आहत है। अंजुमन कमेटी, जहाजपुर इस दु:खद घटना से अत्यंत व्यथित है और पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती है। इस प्रकार के आतंकवादी हमले देश की अखंडता और शांति के लिए गम्भीर खतरा है।आतंकवादी हमले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। दोषियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। शहीदों व पीड़ितों के परिजनो को उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता दी जाए। लोगों ने बताया कि इस प्रकार कि हिंसक घटनाओं का इस्लाम धर्म से कोई लेना देना नहीं है। इस्लाम, शांति और इंसानियत का पैगाम देता है और हर तरह के आतंकवाद की निन्दा करता है।

## मजदूर किसान शक्ति संगठन के बैनर तले विरोध प्रदर्शन, करीब आठ राजस्व ग्राम की महिलाएं उत्तरी सड़क पर, भीम नगर पालिका में राजस्व ग्राम को शामिल करने का जोरदार विरोध

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** राजसमंद के भीम नगर पालिका क्षेत्र में सम्मिलित की जा रही आठ पंचायत की महिलाओं ने कस्बे में रैली निकाली और एसडीएम को ज्ञापन सोपा। इस मौके पर महिलाओं ने भीम विधायक हरि सिंह रावत के समक्ष गीत गाकर अपनी मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की गुहार की। राजस्व गांव नंदावट, धोटी,गोदा जी का गांव, संबूरिया,मोडा काकर,नडी, बालातो की गवार, कुंडाली की गवार की महिलाएं आक्रोश प्रदर्शित करने कस्बे में पहुंची। उन्होंने इन पंचायत को नगर पालिका में शामिल नहीं करने का विरोध करते हुए पंचायत मुख्यालय बनाए रखना की मांग की है। मजदूर किसान शक्ति संगठन के बैनर तले यह विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

मूवी रिव्यू

# ग्राउंड जीरो

## सीमा सुरक्षा बल के जवानों की शौर्यगाथा से रूबरू कराती फिल्म, इमरान हाशमी ने शिद्दत से निभाया किरदार, स्क्रीनप्ले थोड़ा कमजोर



इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह बीएसएफ के अब तक के सबसे बड़े मिशन पर बनी एक गंभीर और असरदार फिल्म है। तेजस प्रभा विजय देउस्कर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में इमरान हाशमी के अलावा साई ताम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, दीपक परमेश, ललित प्रभाकर, रॉकी रैना और राहुल वोहरा की अहम भूमिका है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 14 मिनट है। इस फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है।

### फिल्म की कहानी क्या है?

फिल्म की कहानी है बीएसएफ अफसर नरेंद्र नाथ धर दुबे (एनएनडी दूबे 4) की, जिन्होंने 2001 के संसद हमले के मास्टरमाइंड राणा ताहिर नदीम उर्फ गाजी बाबा को मार गिराने वाले मिशन की अगुवाई की थी। 2003 में किए गए इस खुफिया ऑपरेशन को बीएसएफ के इतिहास में सबसे बड़ी सफलता माना जाता है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दुबे और उनकी टीम ने सूझबूझ और हिम्मत के साथ इस मिशन को अंजाम दिया। यह फिल्म देशभक्ति और रियलिज्म के बीच की एक बारीक लकीर पर चलती है।

### स्टार कास्ट की एक्टिंग कैसी है?

इमरान हाशमी ने एनएनडी दूबे 4 के किरदार को पूरी शिद्दत से निभाया है। उनकी आंखों और आवाज में वो गहराई झलकती है जो इस किरदार की मांग थी। इमोशनल और इंटेंस सीन में इमरान जान फूंकते हैं। सई ताम्हणकर ने भी अपने सीमित स्क्रीन टाइम में प्रभाव छोड़ा है। बाकी कलाकारों में जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, दीपक परमेश, ललित प्रभाकर, रॉकी रैना और राहुल वोहरा ने अपने किरदारों के साथ न्याय किया है।

### फिल्म का डायरेक्शन कैसा?

तेजस प्रभा विजय देउस्कर का निर्देशन रियलिस्टिक अप्रोच लिए हुए है। फिल्म में न ही जरूरत से ज्यादा देशभक्ति भरी डायलॉग बाज़ी है और न ही किसी को सुपरहीरो बनाकर पेश किया गया है। बीएसएफ जवानों के असली संघर्ष और हकीकत को दिखाने की कोशिश की गई है। फिल्म का फर्स्ट हाफ काफी ग्रिपिंग है, लेकिन इंटरवल के बाद रफ्तार थोड़ी धीमी हो जाती है। क्लाइमैक्स फिर से फिल्म को संभाल लेता है। स्क्रीनप्ले में थोड़ी कसावट की कमी है, कुछ सीन्स को छोटा किया जा सकता था।

### फिल्म का म्यूजिक कैसा है?

इमरान हाशमी की फिल्मों से दर्शकों को हमेशा बेहतरीन गानों की उम्मीद होती है, लेकिन 'ग्राउंड जीरो' एक अलग जोनर की फिल्म है। यहां गानों की गुंजाइश नहीं थी। फिल्म में कुछ गाने बैकग्राउंड में चलते हैं, लेकिन वो भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहते हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक भी औसत ही है, जो सीन को पूरी तरह उठा नहीं पाता।

### फिल्म का फाइनल वर्डिक्ट, देखें या नहीं

अगर आप देश के उन सच्चे सिपाहियों की कहानी देखना चाहते हैं।जिनका नाम अक्सर सुर्खियों में नहीं आता, लेकिन जिनकी वजह से हम चैन की नींद सोते हैं, तो ये फिल्म जरूर देखें। 'ग्राउंड जीरो' बीएसएफ के पराक्रम और जज्बे को एक अलग और रियल अंदाज में पेश करती है, जो देखे जाने के काबिल है।

## प्रभास की एक्ट्रेस पर लगे पाकिस्तान से कनेक्शन के आरोप

### इमानवी बोलीं- इन बातों में कोई सच्चाई नहीं, कुछ भी कहते हैं लोग



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा है। इसी बीच प्रभास की फिल्म फौजी की एक्ट्रेस इमानवी को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। यूजर्स का दावा है कि इमानवी के परिवार का संबंध पाकिस्तानी सेना से है। हालांकि, इन आरोपों पर इमानवी ने खुद सफाई दी और इनका खंडन किया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने दावा किया है कि इमानवी के पिता, अमेरिका में शिफ्ट होने से पहले, कथित तौर पर पाकिस्तानी सेना में मेजर थे। इस दावे के बाद इमानवी को लगातार ट्रोल किया जाने लगा।

वहीं, जब मामला बढ़ने लगा, तो इमानवी ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए पहलगाम घटना पर दुख व्यक्त किया है।

इमानवी ने कहा, ये ऑनलाइन ट्रोल द्वारा गढ़ी गई झूठी बातें हैं, जो नफरत फैलाने और लोगों को बांटने के लिए हैं। मेरे परिवार में किसी का भी पाकिस्तानी सेना से कोई संबंध नहीं रहा है। ऐसी बातें निराधार हैं और आहत करने वाली हैं। लोग सोशल मीडिया पर बिना सच जाने, कुछ भी आरोप लगा रहे हैं। मैं लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में जन्मी एक भारतीय अमेरिकी हूं। मेरे माता-पिता अपने यंग ऐज में ही अमेरिका चले गए और कुछ ही समय बाद अमेरिकी नागरिक बन गए। मैं हिंदी, तेलुगु, गुजराती और अंग्रेजी बोलती हूं और हमेशा अपनी भारतीय संस्कृति और विरासत को अपनाती रही हूं।

अमेरिका में अपनी यूनिवर्सिटी की पढ़ाई पूरी करने के बाद मैंने एक एक्ट्रेस, कोरियोग्राफर और डांसर के रूप में काम शुरू किया। भारतीय सिनेमा मेरे जीवन का बड़ा हिस्सा है। मैं उम्मीद करती हूं कि इसकी विरासत में अपना कुछ योगदान दे सकूं। मेरी पहचान भारतीय है और यह मेरे खून में है।

# पाकिस्तान पर सीधा हमला करने की मांग

## पहलगाम हमले पर भड़के मुकेश खन्ना

## कहा- मोदी जी, एक बार में अटैक कर सब खत्म कीजिए

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बॉलीवुड सेलेब्स लगातार न्याय की मांग रहे हैं। एक्टर मुकेश खन्ना ने भी अब इस मामले में खुलकर बात की है। अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर उन्होंने मोदी सरकार से आतंकवाद के खिलाफ और सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

मुकेश खन्ना ने कहा कुछ ही घंटों पहले मैंने पहलगाम के नरसंहार पर अपनी एक वीडियो डाली थी, उसमें मैंने एक जगह कहा था कि ये आतंकवाद जो होते हैं, आतंकवादी होते हैं, इनका कोई ना जात होता है ना धर्म होता है। वे सिर्फ पैसों के लिए काम करते हैं। फंडिंग के लिए काम करते हैं। मैं इस स्टेटमेंट को वापस लेना चाहूंगा क्योंकि मुझे एहसास हुआ है कि विक्टिम्स के परिवार वालों ने जिन वारदातों को बताया है कि ये कैसे घटा है, जगह-जगह ये बात मालूम पड़ी है कि वो लोग आकर पूछ रहे थे कि तुम कौन हो, हिंदू हो कि मुस्लिम हो और जानने की कोशिश करते हैं और कहते हैं कि ये मुस्लिम नहीं है तो मार दो। इसका मतलब क्या हुआ? उन्होंने कहा, मैं यह बोलना चाहता हूं कि आतंकवाद जो आजकल चल रहा है हमारे देश में, उसकी एक जात है। वो एक धर्म है। वो दूसरे धर्म के खिलाफ एक्शन ले रहा है, तो ये डेफिनेटली पाकिस्तान की तरफ से आया है। मुझे खुशी है कि अभी-अभी जो ढाई घंटे की मीटिंग में मोदी जी और अमित शाह जी ने और सब लोगों ने मिलकर रक्षा के लोगों ने मिलकर ये जो एक बहुत बड़ा डिसीजन लिया है, वो सीधा पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन ले रहे हैं। मैं उनके साथ हूं एक्शन लीजिए।

मुकेश खन्ना ने कहा, मिलिट्री एक्शन लेना हो तो मिलिट्री एक्शन लीजिए, आप बहुत सक्षम हैं। बंद कर दीजिए उनके इस तरह की हरकतों को, क्योंकि हम लोग बहुत सॉफ्टली ले रहे हैं उनको। उनके ऊपर अटैक कीजिए। यह बात प्रूव हो गई है कि ये आतंकवाद कौन फैला रहा है, कहां से फैल रहा है



और इसमें एक धर्म वाले दूसरे धर्म के खिलाफ बोल रहे हैं, यह क्लियर हो गया है। मुकेश खन्ना आगे कहते हैं, आज मैं यही कहूंगा कि यह हमारे हिंदू धर्म के ऊपर अटैक है इसका जवाब दिया जाना चाहिए, तो मोदी जी और इनके पूरे सरकार को मैं कहूंगा कि आगे बढ़िए और पाकिस्तान के खिलाफ एक वन टाइम हार्ड एक्शन लीजिए, जिससे इस तरह के इनफिल्ट्रेशन आतंकवादियों का घुसना बंद हो जाए। बहुत छोटे हैं हमारे से। कहां हिंदुस्तान है, कहां पाकिस्तान है। मिलिट्री लेकर अटैक कीजिए और वंस फॉर ऑल इस चीज को खत्म कर दीजिए।

### पहले पूछे नाम फिर किया अटैक

पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। आतंकियों ने टूरिस्ट से नाम पूछने के बाद उन्हें गोली मारी। ये हमला बीते 6 साल में कश्मीर में सबसे बड़ा टेररिस्ट अटैक है।

## ओम पुरी संग रिश्ते पर बोलीं एक्स वाइफ सीमा कपूर

# मुझे दूसरी महिला के लिए छोड़ा, फिर मांगी माफी और मैंने कर दिया था माफ

दिवंगत एक्टर ओम पुरी की एक्स वाइफ और फिल्म निर्माता-लेखक सीमा कपूर इन दिनों अपनी बायोग्राफी यूं गुजरी है अब तलक को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उन्होंने ओम पुरी संग अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ओम पुरी ने मुझे बहुत दुख दिया। लेकिन उन्होंने अपने अंतिम वर्षों में जो कष्ट और अपमान झेले, वे उसके हकदार नहीं थे। गलाटा इंडिया से बातचीत में सीमा कपूर ने कहा, जब आपका कोई अपना कुछ गलत करता है तो उसके किए पर आप खुद भी शर्मिंदा होते हैं। मेरे साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। मुझे छोड़कर जब पुरी जी ने दूसरी शादी की तो दुखी होने के साथ-साथ मुझे शर्मिंदगी भी महसूस हो रही थी। हालांकि, पुरी जी के बारे में मीडिया में बहुत कुछ भला-बुरा लिखा-कहा गया। लेकिन हमारे रिश्ते को किसी ने समझने की कोशिश नहीं की।

जब पुरी जी मुझे तलाक देने के लिए कोर्ट तक पहुंच गए तब भी मैंने उनके खिलाफ ऐसा कुछ नहीं कहा, जिससे उनका सम्मान कम हो। न ही मैंने कहीं कोई इंटरव्यू दिया। आज पुरी जी अपना पक्ष रखने के लिए हमारे बीच नहीं हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि हम ऐसा कुछ न कहें कि खुद से नजर न मिला सकें।

सीमा ने कहा, ओम पुरी जी से मैं 1979 में मिली। मेरे बड़े भाई रंजीत कपूर कॉमेडी प्ले 'बिच्छू' तैयार कर रहे थे। उसी में काम करने के लिए ओम पुरी जी आए हुए थे। ओम जी को लगता था कि वो कॉमेडी नहीं कर सकते, लेकिन रंजीत भैया को भरोसा था कि वह बहुत अच्छी कॉमेडी कर सकते हैं। उस प्ले के बाद ओम पुरी जी ने 'जाने भी दो यारों' जैसी कॉमेडी फिल्मों में काम किया।

ओम जी मेरे बड़े भाई के मित्र और मुझसे 10 साल बड़े थे। उनका केयरिंग स्वभाव मुझे



अच्छा लगता था, लेकिन तब मन में प्यार जैसी कोई फीलिंग नहीं थी। धीरे-धीरे दोस्ती हुई और फिर हमें प्यार हो गया। जब मेरे पिता इस दुनिया में नहीं रहे तब ओम जी अपने पिताजी को लेकर हमारे घर शादी तय करने आए। हमने 1990 यानी 11 साल बाद शादी की।

सीमा ने आगे कहा, इसके बाद पुरी जी की जिंदगी में दूसरी महिला (नंदिता पुरी) आ गई। इसलिए वो मुझसे अलग होना चाहते थे। ये सुनना ही मेरे लिए बहुत तकलीफ भरा था। पुरी जी ने जब अलग होने की बात की तब मैं प्रेग्नेंट थी। उस समय मैंने अपना प्यार भी खोया और आने वाली संतान भी। उस दुख से बाहर निकलना मुश्किल था। लेकिन मां को देखकर मैंने खुद को संभाला।

फिर मैंने खुद को करियर में बिजी कर दिया। शायद ईश्वर मुझे मजबूत बनाना चाहते थे इसलिए मुझे इतना दुख दिया। 35 साल पहले किसी महिला के लिए तलाक की स्थिति से गुजरना इतना आसान नहीं था। लेकिन टूटने की बजाय मैंने खुद को मजबूत बनाया और जिंदगी के नए रास्ते तलाशे।

सीमा ने कहा, उनके (ओम पुरी) जीवन के आखिरी दस साल बेहद दुखद भरे रहे थे। वे कभी इसके हकदार नहीं थे। उन्होंने अपनी जिंदगी में बहुत मेहनत की थी। अपने आदर्शों से समझौता किए बिना संघर्ष किया।

सीमा कपूर ने कहा, 'मैंने कभी हमारे रिश्ते की परेशानियों को सार्वजनिक नहीं किया। मैं खुद उन्हें छोड़कर चली गई थी। और जब उन्होंने माफी मांगी, तो मैंने उन्हें माफ कर दिया। माफी मांगने के लिए बड़ा दिल चाहिए होता है। जब मैंने उस वक्त उन्हें बदनाम नहीं किया, तो अब क्यों करूं?'

### सालभर भी नहीं चली शादी

सीमा कपूर ने 1991 में ओम पुरी से शादी की थी, लेकिन उनकी शादी एक साल से भी कम समय तक चली. ओम पुरी ने बाद में तलाक के लिए अर्जी दी और पत्रकार नंदिता पुरी से शादी कर ली. हालांकि, वे 14 साल बाद फिर से सीमा कपूर के साथ जुड़े और 2017 में उनकी मृत्यु तक दोनों का करीबी संबंध बना रहा.

## आध्यात्मिक गुरु की भूमिका में नजर आएंगे विक्रांत मैसी

### फिल्म व्हाइट में श्री रविशंकर का रोल करेंगे अदा, कोलंबिया में होगी शूटिंग



एक्टर विक्रांत मैसी जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। अपनी नई फिल्म में वो आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म व्हाइट एक ग्लोबल थ्रिलर होगी, जो कोलंबिया 52 साल लंबे चले खूनी गृहयुद्ध को दिखाई। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे श्री रविशंकर ने उसे सुलझाया था। फिलहाल कोलंबिया में फिल्म का प्री-प्रोडक्शन जोरों से चल रहा है। इसी साल जुलाई से इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। व्हाइट को जानेमाने ऐड फिल्ममेकर मंटू बासी डायरेक्टर करेंगे। फिल्म को पठान, वार जैसी फिल्म बनाने वाले सिद्धार्थ आनंद, महावीर जैन और पीसक्राफ्ट पिक्चर्स के साथ मिलकर बनाएंगे। खबरों की मानें तो श्री रविशंकर के रोल के लिए विक्रांत ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। श्री रविशंकर की तरह दिखने के लिए एक्टर ने अपने वजन और बालों को बढ़ाया है। इसके अलावा वो आध्यात्मिक गुरु की बॉडी लैंग्वेज जानने के लिए उनसे से मिले थे और उनके वीडियो देखते हैं।

बता दें कि 12वी फेल और द साबरमती रिपोर्ट जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बना चुके एक्टर विक्रांत मैसी ने पिछले साल दिसंबर में एक्टिंग से ब्रेक लेने का ऐलान किया था। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी थी। एक्टर ने अपने पोस्ट में लिखा था अब घर वापस जाने का समय आ गया है। विक्रांत ने अपनी पोस्ट में लिखा है, हैलो, पिछले कुछ साल और उसके बाद के साल शानदार रहे हैं। मैं आपके लगातार समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद करता हूं, लेकिन जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता हूं, मुझे यह एहसास हुआ है कि अब खुद को फिर से संतुलित करने और घर वापस जाने का समय आ गया है। एक पति, पिता, बेटे और अभिनेता के रूप में भी, तो 2025 में हम आखिरी बार एक-दूसरे से मिलेंगे।

## रितेश देशमुख के फिल्म राजा शिवाजी के सेट पर हादसा

### 26 साल के डांसर की मिली डेडबॉडी



रितेश देशमुख की मराठी और हिंदी फिल्म राजा शिवाजी के सेट पर एक दुखद हादसा हो गया है। कोरियोग्राफी टीम में शामिल एक 26 साल के डांसर सौरभ शर्मा की मौत हो गई है। सौरभ दो दिन पहले सतारा में लापता हो गए थे, जिसके बाद 24 अप्रैल की सुबह पुलिस को उनकी डेड बॉडी मिली। इस हादसे के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई गई है।

पुलिस के अनुसार, घटना 22 अप्रैल की है। सतारा जिले के कृष्णा नदी के पास संगम महुली गांव में गाने की शूटिंग हो रही थी। गाने में डांसर्स को रंग उड़ाने थे। शूटिंग खत्म होने के बाद सौरभ नहाने के लिए नदी की तरफ गए। नहाने के दौरान वो नदी की तेज धार में बह गए।

टीम को जब सौरभ नहीं मिले तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर रेस्क्यू टीम पहुंची और सर्च ऑपरेशन जारी किया। हालांकि, शाम का वक्त था इसलिए अंधेरा होते ही सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया। अगले दिन फिर से सौरभ की खोज शुरू हुई लेकिन रेस्क्यू टीम को कोई सफलता हासिल नहीं हुई। गुरुवार यानी 24 अप्रैल को पुलिस को सौरभ की लाश मिली। इस मामले में एक्सीडेंटल डेथ का केस फाइल किया गया है।

बता दें कि छत्रपति शिवाजी महाराजा पर के जीवन पर आधारित इस फिल्म में रितेश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रितेश इस फिल्म को खुद डायरेक्ट कर रहे हैं। ये फिल्म हिंदी और मराठी में रिलीज होगी। इस फिल्म को रितेश की पत्नी जेनेलिया देशमुख और ज्योति देशपांडे प्रोड्यूस कर रही हैं।

## पैपराजी पर फिर भड़के कैनेडियन सिंगर जस्टिन बीबर : कहा

# बिना इजाजत फोटो और आंखों में फ्लैश मारना बंद करो, शेयर किया नया वीडियो

कुछ दिन पहले कैनेडियन सिंगर जस्टिन बीबर का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो पैपराजी पर भड़कते दिखे। उनका कहना था कि इन लोगों को सिर्फ पैसे से मतलब है, इंसानियत से कोई लेना-देना नहीं है। अब उन्होंने एक और वीडियो शेयर किया है जिसमें उनके बिना इजाजत के फोटो खींचे जा रहे हैं और आंखों में जबरदस्ती फ्लैश मारा जा रहा है।

### अब ये सब बंद होना चाहिए ट्वीटर जस्टिन


वीडियो में दिखा कि जैसे ही जस्टिन बिल्डिंग से बाहर आए, पैपराजी ने उन्हें घेर लिया। उनके सिक्योरिटी गार्ड कई बार लोगों से पीछे हटने को कहते हैं, लेकिन कोई उनकी बात नहीं सुनता। कोई उनकी आंखों पर कैमरा की लाइट मारता है, तो कोई जूम इन कर के फोटो खींचता है। इस वीडियो के साथ जस्टिन ने लिखा ट्वीटर अब ये सब बंद होना चाहिए।

### सेलेब्रिटी है तो क्या इंसान नहीं?

वीडियो के बाद कई फैन्स ने सोशल मीडिया पर जस्टिन का सपोर्ट किया। किसी ने लिखा, सेलेब्रिटी है तो क्या इंसान नहीं है? हर वक्त ऐसे पीछा करना ठीक नहीं है। कुछ लोगों ने इसे सीधे तौर पर परेशान करना बताया।

### तू यहां क्यों है? तुझे बस पैसे से मतलब है ट्वीटर पहले भी भड़के थे जस्टिन

कुछ दिन पहले का एक और वीडियो सामने आया था जिसमें पाम स्प्रिंग्स में जस्टिन पपराजी पर गुस्सा होते दिखे। जब एक



फोटोग्राफर ने उन्हें गुड मॉर्निंग कहा तो जस्टिन भड़क गए। उन्होंने कहा - गुड मॉर्निंग नहीं, तुझे पता है तू यहां क्यों है। फिर वो आगे जाकर बोले- तुझे सिर्फ पैसे से मतलब है, इंसानों से नहीं। तू लोगों की परवाह नहीं करता, सिर्फ पैसा चाहिए तुझे।

### हेली के साथ तलाक की खबरों पर भी दिया जवाब

इसी बीच जस्टिन ने अपनी वाइफ हेली बीबर के साथ तलाक की अफवाहों पर भी जवाब दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लंबा नोट लिखते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर जो भी कहानियां और ब्लाइंड आइटम्स फैलाई जा रही हैं, वो सब झूठ हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, अगर मैं तुम्हारी जगह होता, तो मुझे भी जलन होती हमारी जोड़ी देखकर। शायद इसीलिए कुछ लोग हमसे नफरत करते हैं। लेकिन जो बातें टिकटॉक या सोशल मीडिया पर देखी जाती हैं, वह केवल लोगों की सोच पर आधारित होती हैं, उनका कोई सच से लेना-देना नहीं है।

### 2018 में जस्टिन और हैली ने की थी शादी

पीपल मैगजीन की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिन बीबर ने 7 जुलाई 2018 को मॉडल हैली बाल्डविन से सगाई कर ली थी। इसी बीच खबरें रहीं कि दोनों 2015 से रिलेशनशिप में थे, लेकिन 2016 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। फिर दोनों ने नवंबर 2018 में शादी करने के बाद 2019 में परिवार और दोस्तों के लिए साउथ कैलिफोर्निया में वेडिंग सेरेमनी रखी थी।

सेलेना गोमेज को डेट कर चुके हैं जस्टिन

जस्टिन का हैली से पहले सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज से अफेयर था। 2010 में दोनों की मुलाकात हुई थी। हालांकि, 2 साल बाद ही उनका ब्रेकअप हो गया था। 2 सालों तक अलग रहने के बाद दोनों ने फिर रिश्ते को मौका दिया और साथ रहने लगे। साल 2016 में खबरें रहीं कि सेलेना मशहूर सिंगर चार्ली पुथ को डेट कर रही हैं। कई उतार-चढ़ाव के बाद दोनों ने 2018 में फाइनल ब्रेकअप कर लिया।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद अरिजीत सिंह का बड़ा फैसला

### चेन्नई में होने वाले कॉन्सर्ट को किया रद्द; कहा- टिकट के पूरे पैसे किए जाएंगे रिफंड

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोग भी इस घटना को लेकर आहत हैं। इसी बीच सिंगर अरिजीत सिंह ने 27 अप्रैल को चेन्नई में होने वाला अपना कॉन्सर्ट रद्द कर दिया है। इतना ही नहीं सिंगर अनिरुद्ध रविचंदर ने भी अपने हुकुम टूर के टिकटों की बिक्री को पोस्टपोन कर दिया है। अरिजीत सिंह ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कॉन्सर्ट के आयोजकों का एक पोस्ट री-शेयर किया, जिसमें लिखा था, एक जरूरी अपडेट- हाल की दुखद घटना (पहलगाम आतंकी हमला) को देखते हुए आयोजकों ने कलाकारों के साथ मिलकर रविवार, 27 अप्रैल को चेन्नई में होने वाले शो को रद्द करने का निर्णय लिया है। जिन लोगों ने टिकट खरीदे हैं, उन्हें पूरा रिफंड मिल जाएगा। आपने स्थिति समझी, उसके लिए धन्यवाद। सिर्फ अरिजीत सिंह ही नहीं, बल्कि म्यूजिक कंपोजर और सिंगर अनिरुद्ध रविचंदर ने भी बेंगलुरु में हुकुम टूर के लिए टिकटों की बिक्री को स्थगित कर दिया।

दैनिक **बढ़ता राजस्थान** www.badhatarajasthan.in

RNI NO. RAJHIN/2010/35060





> आप सफलता तब तक नहीं प्राप्त कर सकते, जब तक आप में असफल होने का साहस न हो।
>
> -हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# एसआई मनीष को ड्यूटी से बर्खास्त किया गया:एक साल से चल रहा था फरार, कई बार जारी किए गए नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान इंटेलिजेंस आईजी ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर सस्पेंड एसआई मनीष कुमार मीना को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। वह पिछले एक साल से ड्यूटी नहीं कर फरार चल रहा था। एसआई मनीष को ड्यूटी पर उपस्थित होने के लिए कई बार नोटिस जारी भी किए गए थे। इंटेलिजेंस के आईजी डॉ. विष्णु कांत ने बताया- निलंबित एसआई मनीष कुमार मीना निवासी लालसोट दौसा को सेवा से बर्खास्त किया गया है। वह सीआईडी बीआई पोस्ट नाचना जैसलमेर हाल मुख्यालय सीआईडी (विशा) जयपुर में तैनात था। राजस्थान इंटेलिजेंस में पदस्थापित एसआई मनीष कुमार मीना ने 1 अप्रैल-2024 से ड्यूटी से स्वेच्छा पूर्वक अनुपस्थित चल रहा था। एसआई को डयूटी पर उपस्थित होने के लिए बार-बार रिकॉल नोटिस जारी किया गया, लेकिन वह डयूटी पर उपस्थित नही हुआ।

इस संबंध में आरोपित उप निरीक्षक के विरूद्ध प्राथमिक जांच करवाई गई। इसमें आरोप प्रमाणित पाए जाने पर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई गई। आरोपित विभागीय जांच में जांच अधिकारी की ओर से बार-बार बुलाए जाने के बावजूद भी उपस्थित नहीं हुआ तथा न ही विभागीय जांच में सहयोग किया गया।

आरोपित को विभागीय जांच पूर्ण होने के पश्चात अपने बचाव में अंतिम रूप से लिखित या मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करने के समुचित अवसर प्रदान किए गए। लेकिन आरोपी की ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी एसआई के विरुद्ध 16 सीसीए की विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त किया गया है। दरअसल, मनीष मीना ने खुद की जगह अन्य व्यक्ति को बैठाकर परीक्षा पास की थी। एसओजी उस डमी कैंडिडेट रोशन लाल मीणा को गिरफ्तार भी कर चुका है।

# पूर्व इसरो चीफ के. कस्तूरीरंगन नहीं रहे

## 84 की उम्र में अंतिम सांस ली; इनके नेतृत्व में चंद्रयान मिशन की प्लानिंग शुरू हुई थी

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के पूर्व चीफ डॉ के कस्तूरीरंगन का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे 84 साल के थे। अधिकारियों ने बताया कि कस्तूरीरंगन ने बेंगलुरु में अपने घर पर अंतिम सांस ली। 27 अप्रैल को उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में रखा जाएगा। कस्तूरीरंगन को दो साल पहले दिल का दौरा पड़ा था। उसके बाद से वे बीमार चल रहे थे। कस्तूरीरंगन 1994 से 2003 तक ढ्ढस्त्रह्र चीफ थे। उन्हीं के नेतृत्व में ढ्ढस्त्रह्र ने चंद्रयान जैसे बड़े मिशनों की योजना बनानी शुरू की थी। वे न्यू एजुकेशन पॉलिसी की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष भी थे।

# कर्नाटक हाईकोर्ट बोला- राष्ट्रीय प्रतीकों का गलत इस्तेमाल न करें

## पूर्व सांसद और विधायक इन्हें लेटरहेड और गाड़ियों पर न लगाएं, ये गौरव के प्रतीक

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय प्रतीकों और चिह्नों (जैसे तिरंगा, अ ोक चक्र आदि) के गलत इस्तेमाल पर रोक लगाई है।

कोर्ट ने कहा कि इन प्रतीकों का इस्तेमाल केवल वही लोग या संस्थाएं कर सकते हैं, जिन्हें इसकी परमिशन दी गई हो। कोई भी ऐसा व्यक्ति जो इसके लिए अधिकृत नहीं है, वह इनका इस्तेमाल नहीं कर सकता। कोई भी इन्हें गलत तरीके से या निजी फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकेगा।

चीफ जस्टिस एन.वी अंजारिया और जस्टिस एमआई अरुण की बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय प्रतीक और राष्ट्रीय चिह्न देश के गौरव, सम्मान और संप्रभुता का प्रतीक हैं। हाईकोर्ट ने कहा, यह सच है और दुख की बात है कि कई बार पूर्व सांसद या पूर्व विधायक, जो अब किसी सरकारी पद पर नहीं हैं। फिर भी वे अपने लेटरहेड और गाड़ियों पर सरकारी प्रतीक, झंडा और नाम का इस्तेमाल करते हैं। हाईकोर्ट ने इसे गलत और निंदनीय बताते हुए कहा कि ऐसे प्रतीकों, मुहरों, झंडों और नामों का गलत इस्तेमाल अलग-अलग जगहों पर हो रहा है, जिसे रोकना जरूरी है। राष्ट्रीय प्रतीकों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए कुछ कानून बनाए गए हैं। प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग से रोक) अधिनियम, 1950 और भारत का राज्य प्रतीक अधिनियम, 2005 इन्हें सख्ती से लागू करना होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार के बड़े अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी जाए कि वे अपने अधीन काम करने वाले अफसरों को इस बारे में जागरूक करें। इसके लिए उन्हें तरीके और कार्यक्रम तैयार करने होंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी व्यक्ति राष्ट्रीय प्रतीकों और चिह्नों का गलत या बिना अनुमति इस्तेमाल न करे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वेटिकन में पोप को श्रद्धांजलि दी

## पोप के फ्यूनरल में शामिल होंगीं, अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू भी साथ गए



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के फ्यूनरल में शामिल होने के लिए वेटिकन पहुंचीं। वहां पहुंचकर राष्ट्रपति ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप के शव को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति के साथ अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू, राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डि%सूजा भी गए हैं। पोप का 21 अप्रैल को 88 साल की उम्र में स्ट्रोक और हार्ट फैलियर से निधन हुआ था।

उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा गया है।

आज अंतिम दर्शन का आखिरी दिन हैं। आज शाम उनके ताबूत को बंद कर दिया जाएगा। पोप का अंतिम संस्कार 26 अप्रैल यानी कल किया जाएगा। अंतिम संस्कार में दुनियाभर के नेता और आम लोग जुटेंगे। अपनी मृत्यु से एक दिन पहले पोप फ्रांसिस ने ईस्टर संडे के लिए मौन आशीर्वाद दिया। उन्होंने एक बयान जारी कर गाजा समेत दुनिया भर में चल रहे संघर्ष पर बात की और शांति की अपील की। पोप के निधन पर भारतीय गृह मंत्रालय ने 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है।

# 15 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## जैसलमेर, बीकानेर, जयपुर, अलवर में छाए बादल; तीन शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार को गर्मी तेज रही। बाड़मेर, पिलानी, गंगानगर में दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, जैसलमेर, बीकानेर, जयपुर, अलवर के में दोपहर बाद बादल छाए। मौसम विभाग ने शनिवार को एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और उसके प्रभाव से 15 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 27 अप्रैल से पश्चिमी राजस्थान में हीटवेव चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए इन जिलों में अगले तीन-चार दिन दोपहर में धूलभरी आंधी चलने की चेतावनी जारी की है। राज्य में शुक्रवार का मौसम देखें तो जैसलमेर, बीकानेर, जयपुर, अलवर के अलावा झुंझुनूं के कुछ एरिया में दोपहर बाद आसमान में बादल छाए। हालांकि इन सभी शहरों में दिन में गर्मी तेज रही। सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर, पिलानी में रही, जहां का अधिकतम तापमान 44.4 और 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गंगानगर, कोटा, जैसलमेर, चूरू , धौलपुर, बीकानेर में, फलौदी और अलवर, जयपुर में लू चली।



### 27 अप्रैल से और तेज होगी गर्मी

पश्चिमी राजस्थान में तेज गर्मी से अभी कोई खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम केंद्र जयपुर से जारी फोरकास्ट को देखें तो राज्य में 27 से 30 अप्रैल तक तेज गर्मी रहने और कई जगह दिन में धूलभरी आंधी चलने की संभावना है। बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर में तेज गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# जेजेएम घोटाले में शामिल अफसरों को भी पकड़े ईडी : किरोड़ीलाल मीणा

## केवल महेश जोशी को पकड़कर इतिश्री न हो, मैंने अधिकारियों के खिलाफ भी सबूत दिए थे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी की गिरफ्तारी के बाद सियासत भी तेज हो गई है। सियासी वार-पलटवार के बीच अब कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने जेजेएम घोटाले में शामिल अफसरों को पकड़ने की मांग की है। इधर, भरतपुर सांसद संजना जाटव ने जेजेएम पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- योजना तो अच्छी है, लेकिन अधिकारियों-ठेकेदारों ने इस पर पानी फेर दिया है। किरोड़ी ने कहा- मैं ईडी से कहना चाहता हूं कि उस वक्त जो हेड ऑफ डिपार्टमेंट थे, टॉप लेवल पर जो ब्यूरोक्रेट बैठे थे। उनके भी प्रमाण दिए हैं, केवल महेश जोशी को पकड़कर इतिश्री न हो। जिन अफसरों ने जेजेएम में भ्रष्टाचार किया, वे पकड़े जाएं। किरोड़ी ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से ये बात कही।

### महेश जोशी के खिलाफ मैंने ही ईडी को प्रमाण दिए थे, देर हुई लेकिन अंधेर नहीं

किरोड़ी ने कहा- पहले कहा गया मगरमच्छ नहीं पकड़े जा रहे। 60 थानेदार पकड़े गए, एक आरएएस पकड़ा गया। जल जीवन मिशन में घोटाला हमने उजागर किया था। मैंने तीन दिन तक अशोक नगर थाने पर एफआईआर दर्ज करने के लिए धरना दिया था, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की। उल्टा मुझे गिरफ्तार करके ले गए। किरोड़ी मीणा ने कहा- मुझे बड़ी संतुष्टि है कि हमारी केंद्र और राज्य की सरकार करप्शन पर जीरो टॉलरेंस में भरोसा करती है। देर हुई, लेकिन अंधेर नहीं हुई। आखिरकार महेश जोशी जिनके प्रमाण मैंने ईडी को दिए थे, वो सही पाए गए और उनको गिरफ्तार किया गया।

### महेश जोशी के खिलाफ सबूत थे, राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई नहीं

महेश जोशी के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई के कांग्रेस नेताओं के आरोपों पर किरोड़ी ने कहा- इसे राजनीतिक प्रतिशोध इसलिए नहीं कहा जा सकता कि डेढ़ साल पहले जो शिकायत ली गई।

# सरकार ने राजीव गांधी विद्या भवन का नाम बदला

## शिक्षा संकुल में बने राजीव गांधी विद्या भवन का नाम अहिल्याबाई होल्कर भवन किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार के गठन के बाद शिक्षा विभाग में काफी बदलाव किए गए हैं। अब तक पूर्व सरकार की योजनाओं के नाम बदलने के साथ ही उनका रिव्यू किया जा रहा है, इसी बीच शुक्रवार को शिक्षा संकुल में बने राजीव गांधी विद्या भवन का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर भवन कर दिया गया है। हालांकि अचानक हुए इस बदलाव पर शिक्षा विभाग का कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहा है। दरअसल, शिक्षा संकुल में बने राजीव गांधी विद्या भवन में विद्यार्थी सेवा केंद्र, विद्या समीक्षा केंद्र, केंद्रीय मूल्यांकन के साथ-साथ राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद का कार्यालय भी है। इसके साथ ही हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय, विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय का काम भी यहीं से संचालित हो रहा है। ऐसे में अचानक नाम बदलने के बाद शुक्रवार को आम छात्र भी राजीव गांधी विद्या भवन की बिल्डिंग को ढूंढते हुए नजर आए।

### सरकार ने इन योजनाओं के बदले नाम

- चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य योजना किया।
- इंदिरा रसोई योजना का नाम बदलकर अन्नपूर्णा योजना कर दिया गया है।
- मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना का नाम बदलकर पन्नाधाय बाल गोपाल योजना किया गया।
- राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना का नाम बदलकर स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना कर दिया गया है।
- राजीव गांधी जल स्वावलंबन योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना कर दिया गया है।
- मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना किया गया।
- इंदिरा शहरी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना किया गया।
- आई एम शक्ति उड़ान योजना का नाम बदलकर कालीबाई भील उड़ान योजना किया गया।
- इसके साथ ही महिला और बाल अधिकारिता विभाग में चलने वाले 7 में से 3 योजनाओं के नाम बदले, जबकि 4 योजनाओं को मर्ज किया गया है।

# सोना 3 दिन में 4000 रुपए सस्ता हुआ

## 10 ग्राम की कीमत पहुंची 97,800 चांदी प्रति किलो एक लाख पार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रिकॉर्ड तेजी के बाद सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले तीन दिनों में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 4000 रुपए की गिरावट आई है। इसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमत घटकर 97 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी की कीमत फिलहाल एक लाख रुपए पार बरकरार है। सर्राफा व्यापारी सुशील जैन ने बताया- भारतीय बाजार में सोने और चांदी की कीमत में आई रिकॉर्ड तेजी के बाद खरीदारी पूरी तरह बंद हो गई थी। इसकी वजह से डिमांड घटना का असर अब कीमती धातुओं की कीमत पर नजर आने लगा है। यही कारण है कि तीन दिन में 4000 रुपए सोना सस्ता हो गया है। हालांकि भारत और पाकिस्तान में चल रहे विवाद की वजह से आने वाले दिनों में सोने और चांदी दोनों की कीमत में तेजी आने की प्रबल संभावना है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97 हजार 800 रुपए पर आ गई है।

# 24 साल बाद आरएएस पद पर नियुक्ति के आदेश

## हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को अनफिट करार देने वाले सरकार के आदेश को किया रद्द

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस भर्ती-1999 और 2003 की भर्ती में चयनित अभ्यर्थी को अनफिट करने को गलत माना है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को 21 अप्रैल, 2006 से समस्त बकाया, वरिष्ठता और पदोन्नति के साथ आरएएस पद पर नियुक्ति देने को कहा है। अदालत ने कहा कि योग्यता की स्वीकृति के प्रतीकात्मक संकेत के रूप में याचिकाकर्ता की आरएएस पद पर नियुक्ति एक माह में राज्य के मुख्य सचिव की उपस्थिति में दी जाए। इसके साथ अदालत ने लंबे समय पर याचिकाकर्ता के साथ हुए भेदभाव को देखते हुए राज्य सरकार पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। यह आदेश जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने डॉ. देवाराम शिवरान की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए हैं।

**आरएएस भर्ती में आई थी 21वीं रैंक**-अधिवक्ता शैलेष प्रकाश शर्मा ने बताया कि याचिकाकर्ता ने आरएएस भर्ती-1999 में भाग लेकर मेरिट में 360वां स्थान प्राप्त किया था। उसे आंखों का दोष बताकर मेडिकल अनफिट कर नियुक्ति से इनकार कर दिया। इसे चुनौती देने पर अदालत ने सितंबर, 2001 को याचिकाकर्ता के लिए एक पर रिक्त रखने को कहा।

# पाक के रक्षा मंत्री बोले- आतंकियों का समर्थन बड़ी गलती

## अमेरिका के कहने पर 30 साल से यह गंदा काम कर रहे; सजा भुगत रहे

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने माना है कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह 'गंदा काम' कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कहीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा कि वैश्विक शक्तियों ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया।

ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। हम इसकी सजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा- अगर हम सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकॉर्ड बेदाग होता।



### पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने आतंकियों को फ्रीडम फाइटर्स बताया

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहलगाम हमले के आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा है। डार ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हमें तो शुक्रगुजार होना चाहिए कि ये फ्रीडम फाइटर्स भी हो सकते हैं। हालांकि हम नहीं जानते कि ये कौन हैं। मुझे लगता है कि वे अपनी नाकामी और अपनी घरेलू राजनीति के लिए पाकिस्तान पर इल्जाम लगा रहे हैं। इशाक डार पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत के पास इस हमले में पाकिस्तान के शामिल होने का कोई सबूत है तो इसे दुनिया के सामने पेश करे। डार ने कहा कि भारत बार-बार पाकिस्तान पर ऐसी घटनाओं का आरोप लगाता रहा है। इस बार भी भारत ने वही खेल खेला है। डार ने कहा कि इन हालात को देखते हुए मैंने बांग्लादेश और अफगानिस्तान की अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं, ताकि हम कूटनीतिक प्रतिक्रिया तैयार कर सकें। भारत की बढ़ती आक्रामकता को लेकर विदेश मंत्री डार ने कहा कि पाकिस्तान भी भारत की तरह कदम उठाएगा।

### आसिफ बोले- दोनों देश परमाणु शक्ति, दुनिया को चिंतित होना चाहिए

पहलगाम मामले को लेकर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ विवाद दोनों देशों के बीच बड़ी जंग का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि भारत जो भी करेगा, पाकिस्तान उसका जवाब देगा। अगर चीजें गलत हुईं तो इस टकराव का असर खतरनाक हो सकता है।

पाक रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत दोषी है। यदि भारत हमारे खिलाफ कोई एक्शन लेता है, तो पाकिस्तान उसका उसी तरह जवाब देगा। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के पास जवाब देने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया को चिंतित होना चाहिए क्योंकि दोनों ही देशों के पास परमाणु हथियार हैं। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश बातचीत के जरिए इस मुद्दे को सुलझा लेंगे।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट (ञ्जक्रस्न) को लेकर पूछे गए सवाल पर आसिफ ने कहा कि उन्होंने कभी इसका नाम भी नहीं सुना है। जब एंकर ने उन्हें याद दिलाया कि ञ्जक्रस्न लश्कर-ए-तैयबा का हिस्सा है तो उन्होंने कहा- लश्कर अब पुराना हो चुका है। इसका अब कोई अस्तित्व नहीं है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com